डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
शुक्रवार
07.10.2022
आश्विन शुक्ल पक्ष 12
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-346 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

रश्मि प्रवाह

जीवन ना तो भविष्य में है, ना ही अतीत में है, जीवन तो केवल वर्तमान में है।

मुख्यमंत्री ने रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद के पुतले का वध कर अन्याय पर न्याय के विजय का दिया संदेश

दो वर्षों के बाद दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन : सीएम

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को विजयदशमी के अवसर पर पंजाबी-हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी की ओर से मोरहाबादी मैदान और श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति, अरगोड़ा के द्वारा अरगोड़ा मंडा मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने और अन्य अतिथिगणों ने रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद के पुतले का वध कर असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय के विजय का संदेश दिया। हेमंत सोरेन ने भगवान श्रीराम और उनके छोटे भाई लक्ष्मण की आरती उतारी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ सरकार के कई मंत्री, विधायक और अधिकारी शामिल रहे। रांची में पांच जगहों पर रावण का दहन किया गया है। यह अधर्म पर जीत का प्रतीक है। कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल हुए। राजधानी रांची के विभिन्न इलाकों से भ्रमण करने के बाद श्रीराम एवं लक्ष्मण की झांकी मोरहाबादी मैदान में प्रवेश किया। झांकी के आगमन के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भगवान श्रीराम एवं भ्राता लक्ष्मण की आरती उतारी। इसके बाद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

कबूतर उड़ाकर दिया शांति का संदेश

अरगोड़ा मंडा मैदान में आयोजित रावण और लंका दहन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कबूतर उड़ाकर शांति का संदेश दिया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल, महापौर आशा लकड़ा, उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, पूर्व महापौर अजय नाथ शाहदेव के अलावा दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति, अरगोड़ा, रांची के अध्यक्ष पंकज साहू, जय प्रसाद साहू, कंचन कुमार साहू, संजय साहू, पंचू साहू, चंदन साहू, गुड्डु साहू और रवि साहू मौजूद थे।

सीएम ने परिजनों संग विधि-विधान के साथ की पूजा-अर्चना

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शारदीय नवरात्र के महानवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास स्थित मंदिर में धर्मपत्नी कल्पना सोरेन और अन्य परिजनों संग पूरे विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और कुंवारी कन्याओं का पूजन किया। मुख्यमंत्री ने मां दुर्गा से राज्य और राज्यवासियों के समग्र विकास, कल्याण, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। पूजन कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन और रूपी सोरेन समेत अन्य परिजन शामिल रहे।

बेतला नेशनल पार्क में रेस्क्यू कर लाये गये, नन्हें गजराज की मौत

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। बरवाडीह प्रखंड के मंडल में कोयल नदी से रेस्क्यू कर बेतला नेशनल पार्क में रखे गए हाथी के बच्चे की मौत हो गई है। बच्चे की उम्र करीब 3 माह के करीब थी। हाथी के बच्चे को कुछ दिनों से बुखार लग रहा था। इलाज भी चल रहा था, लेकिन बुधवार की देर शाम उसने दम तोड़ दिया। मौत के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। बच्चे के शव को दफनाने ले जाने के क्रम में स्थानीय लोगों ने विरोध दर्ज किया और वन विभाग पर इलाज एवं देखभाल में लापरवाही का आरोप लगाया। हालांकि वन विभाग के अधिकारियों ने इन आरोपों को खारिज किया है। बताते चलें कि गत 8-9 सितंबर को पलामू टाइगर रिजर्व के मंडल में कोयल नदी से सीआरपीएफ और स्थानीय ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर हाथी के एक बच्चे को जख्मी हालत में बरामद किया था। उसे बेतला नेशनल पार्क में रखकर उसकी देखभाल की जा रही थी। चिकित्सकों के द्वारा उसका इलाज भी किया जा रहा था। हाथी के बच्चें को प्रति दिन दूध और केला दिया जाता था। दरअसल, मंडल के इलाके से गुजर रहे हाथी के झुंड से एक बच्चा बिछड़ गया और कोयल नदी में फंस कर रह गया था। जंगल में मवेशी चराने गए चरवाहों की नजर उस हाथी के बच्चे पर पड़ी थी। 10 सितम्बर को उसे पलामू टाइगर रिजर्व बेतला नेशनल पार्क में रखकर इसकी देखभाल की जा रही थी।

न्यूज गैलरी

केंद्रीय मंत्री ने खूंटी में रावण के पुतले पर तीर चलाकर दशहरा की परंपरा का किया निर्वहन

खूंटी। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को खूंटी में रावण दहन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने रावण के पुतले पर तीर चलाकर दशहरा की परंपरा का निर्वहन किया। तीर चलाने के साथ ही बुराई का प्रतीक रावण धू-धू कर जलने लगा। केंद्रीय मंत्री ने जिलावासियों को संबोधित करते हुए कहा कि 70 सालों से जो समस्याएं चली आ रही थी उसका समाधान हो रहा है। श्री मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से हम सबको यह गौरव मिला है कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है अखंड है और देश विकास की ओर आगे बढ़ेगा तो असुरी शक्तियों का विनाश होगा।

खूंखार उग्रवादी सोनू मांझी गिरफ्तार

रांची। खूंटी जिला के खूंखार उग्रवादी सोनू माझी को रिंग रोड के टोंको बस्ती से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हटिया डीएसपी राजा मित्रा के नेतृत्व में सोनू मांझी को उसके मां के घर से गिरफ्तार किया गया है। टोंको बस्ती में सोनू माझी की मां किराये के मकान पर रहती है। सोनू अपनी मां से मिलने गया था। पुलिस को इसकी सूचना मिली और उसे घर से दबोच लिया। एयरपोर्ट थाना प्रभारी आनंद प्रकाश सिंह, तुपूदाना थाना और धुर्वा थाना के कुछ अधिकारी के सहयोग से इस उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार सोनू के पास से कोई बड़ा हथियार पुलिस ने बरामद नहीं किया है।

पलामू : वज्रपात से तीन किसानों की मौत, एक भैंस भी शामिल

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के लोटनियां गांव के समीप वज्रपात की चपेट में आने से तीन किसानों की मौत घटनास्थल पर हो गई। जिसमें मरने वालों में रघुनंदन यादव 55वर्ष, सुरेंद्र यादव 50 वर्ष,प्रमोद यादव 35 वर्ष सभी ग्राम लोटनिया के निवासी है। इसमें एक भैंस की भी मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार उक्त सभी लोग अपने मवेशी चराकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बारिश हो रही थी और अचानक वज्रपात हुआ। जिसके चपेट में आने से तीनों किसानों की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही उतरी जिला पार्षद सदस्य राजू मेहता और लोटनियां पंचायत के मुखिया विनोद कुमार सिंह उर्फ लाल सिंह व अन्य ग्रामीण उक्त स्थल पर पहुंचकर सभी लोगों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उन्हें देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी दल बल के साथ अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। देर शाम होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं सकी। इसके लिए जिप सदस्य राजू मेहता और मुखिया विनोद सिंह पलामू उपायुक्त से संपर्क करने में लगे थे। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है।

चार डीएसपी बनेंगे आईपीएस यूपीएससी जल्द नामों पर करेगी विचार

रांची। झारखंड पुलिस के डीएसपी रैंक के चार अधिकारी आईपीएस में प्रोन्नत होंगे। राज्य सरकार के द्वारा प्रोन्नति के लिए फिट अफसरों की सूची जल्द ही यूपीएससी को भेज दी जायेगी। यूपीएससी में इसी महीनें प्रोन्नति को लेकर बैठक होनी है। जानकारी के मुताबिक, जेपीएससी के दूसरे बैच में बहाल हुए चार डीएसपी रैंक के अधिकारियों को पहले चरण में प्रोन्नति दी जायेगी। वर्तमान में झारखंड पुलिस में प्रोन्नति से आईपीएस के 24 पद रिक्त हैं। हालांकि, वर्तमान में चार पुलिस अधिकारी ही प्रोन्नत होंगे।

महाकाल कॉरिडोर बनकर तैयार, 11 अक्टूबर को पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

उज्जैन (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अक्टूबर को महाकाल गलियारा पुनर्विकास परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। इस परियोजना के निर्माण को लेकर शहर के लोग बहुत उत्साहित हैं, क्योंकि इससे भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग में से एक महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं को पहुंचने और पवित्र शिवलिंग के दर्शन करने में आसानी होगी। हर दिन शाम ढलने के बाद काफी संख्या में लोग ओवरब्रिज के पास एकत्र होकर प्राचीन रुद्रसागर झील को निहारते हैं और गलियारे की पृष्ठभूमि में सेल्फी लेते हैं। उज्जैन के लोग खासकर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इस बात की पुष्टि के बाद नये गलियारे को लेकर बेहद उत्साहित हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही इसका उद्घाटन करेंगे। जैसे-जैसे वह दिन नजदीक आ रहा है, उत्साह बढ़ता ही जा रहा है। राज्य सरकार ने 900 मीटर से अधिक लंबे गलियारे का नाम महाकाल लोक रखा है। दो भव्य प्रवेश द्वार - नंदी द्वार और पिनाकी द्वार - गलियारे के शुरुआती स्थान के पास बनाये गये हैं, जो प्राचीन मंदिर के प्रवेश द्वार तक जाते हैं। स्थानीय कैब चालक रोहित सोंगारा ने कहा कि ओवरब्रिज का यह हिस्सा मुख्य प्रवेश द्वार (नंदी द्वार) के सामने पड़ता है और यह लोगों के लिए पसंदीदा सेल्फी प्वाइंट बन गया है। यह उत्साह पिछले कुछ हफ्तों में बढ़ा है।

पलामू में अलग-अलग दो मर्डर, अपराधी बेलगाम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले में अज्ञात अपराधियों ने मंगलवार को दोपहर नवमी के दिन सरकारी राशन के दुकानदार शिवनाथ राम (45) की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं सतबरवा थाना क्षेत्र में अमीन सिंह नामक व्यक्ति की गला काटकर हत्या कर दी गई। अमीन सिंह अपने ससुर के मित्र रबिंद्र विश्वकर्मा के घर विजयदशमी के अवसर पर खाना खाने पहुंचा था। इसी दौरान प्रभु विश्वकर्मा ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। स्थानीय लोगों ने स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरी तरफ विश्रामपुर थानान्तर्गत पंजरी गांव में राशन दुकानदार को गोली मारी गयी। फिलहाल घटना के बाद सें पुलिस की कार्रवाई में अब तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। विश्रामपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार ने इस संबंध में बताया कि सार्वजनिक जनवितरण प्रणाली दुकान (पीडीएस) के दुकानदार शिवनाथ राम को अपराधियों ने गोली मार गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अपराधियों की गोली दुकानदार के पेट ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

ग्रामीणों ने शव के साथ एनएच-75 को किया जाम

विश्रामपुर। नौगाढ़ा ओपी के नजदीक पीडीएस डीलर शिवनाथ राम को दिन दहाड़े गोली मार कर हत्या करने व अपराधियों की गिरफ्तारी के विरोध में ब्रह्मोरिया चौक स्थित एनएच 75 पर शव के साथ लोगों ने जाम कर दिया गया। जहां विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम दल-बल के साथ जाम स्थल पहुंच कर जाम हटाने का आग्रह किया। परंतु जाम हटाने में पूरी तरह असफल रहे। जानकारी के अनुसार लोग पलामू एसपी के आने का इंतजार कर रहे हैं। ताकि मामले पर त्वरित कार्रवाई हो सके। जाम में शामिल मुख्य रूप से पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, राजन मेहता, शत्रुघ्न कुमार शत्रु, विजय रविदास, शिव पुकार राम, किशोर कुमार, दयाल विश्वकर्मा, सूर्यमल राम , विश्वनाथ राम सहित तमाम ग्रामीणों का हुजूम साथ था। उधर एनएच 75 जाम होने से पड़वा मोड से ले कर कधवन तक गाड़ियो की लंबी लंबी कतारें लग गई। जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है। समाचार संकलन तक स्थिति यथावत बनी थी।

फीफा अंडर- 17 विश्व कप फुटबॉल टीम का बतौर कैप्टन नेतृत्व करेगी

झारखंड की अस्टम उरांव

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आखिरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दूरदर्शिता और प्रयास रंग लाया। भारतीय फुटबॉल संघ ने अंतिम रूप से चयनित भारतीय टीम की घोषणा कर दी। टीम में झारखंड की अस्टम उरांव, नीतू लिंडा, अंजली मुंडा, अनिता कुमारी, पूर्णिमा कुमारी एवं सुधा अंकिता तिर्की को शामिल किया गया है। अस्टम उरांव और सुधा अंकिता तिर्की गुमला से हैं जबकि नीतू लिंडा, अनिता कुमारी एवं अंजली मुंडा रांची से हैं और पूर्णिमा कुमारी सिमडेगा से हैं। पहली बार फीफा-17 विश्व कप फुटबॉल टीम का बतौर कैप्टन नेतृत्व झारखंड की खिलाड़ी अस्टम उरांव करेंगी।

मुख्यमंत्री ने किया था खिलाड़ियों को प्रोत्साहित : वर्ष 2020 में लॉकडाउन के दौरान जब पूरा देश बंद था। उस दौरान 2021 में होनेवाले ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

फीफा अंडर-17 महिला फुटबॉल विश्वकप के लिए भारतीय टीम में चयनित सभी खिलाड़ियों को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार। टीम में चुने गये झारखंड की बेटियों को भी हार्दिक शुभकामनाएं। लगभग दो वर्षों तक जमशेदपुर में अंडर-17 टीम को प्रशिक्षण का आयोजन सार्थक हुआ। पूरी टीम को पुनः शुभकामनाएं और जोहार।

- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री झारखंड।

डिजिटल गजट/माध्यमों का तीन-चार घंटे इस्तेमाल करनेवाले

माता-पिता हो जाते हैं चिड़चिड़े व अवसाद ग्रस्त

- आरएनएम

नयी दिल्ली। कनाडा में वॉटरलू विश्वविद्यालय के शोध छात्रों ने उन 549 माता-पिता का सर्वे किया जिनके दो बच्चों की उम्र 5 से 18 वर्ष के बीच रही। इस सर्वे में पाया गया है कि जो अभिभावक खाली समय में या आराम करने के दौरान फोन या दूसरे डिजिटल माध्यमों पर लगभग चार घंटे व्यतित करते हैं, वे अपने बच्चों के प्रति चिड़चिड़े हो जाते हैं। वे बात-बात में अपने बच्चों को झिड़कते रहते हैं, उन पर चिल्लाते रहते हैं। यही नहीं, मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल डिवाइस पर ज्यादा समय बितानेवाले माता-पिता में 75 प्रतिशत को अवसाद भी था। यह शोध व सर्वे कोरोना काल के समय हुआ। इसमें पाया गया कि स्क्रीन टाइम और डिजिटल माध्यमों के प्रयोग में तेजी आयी है। बच्चों के माता-पिता दिन में तीन-चार घंटे डिजिटल मीडिया का उपयोग करते हैं। वॉटरलू यूनिवर्सिटी में क्लिनिकल साइकोलॉजी की विशेषज्ञ व इस शोध की मुख्य ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

अनियंत्रित बाइक दीवार से टकराई, एक की मौत, एक घायल

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद में जपला देवरी मुख्य पथ के शिव मंदिर के समीप बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे एक बाइक अनियंत्रित होकर एक मकान के चारदीवारी से टकरा गई। इस हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान गांव जम्होर थाना, जम्होर जिला औरंगाबाद निवासी दीपक शर्मा के रूप में हुई है। जबकि घायल तेंदुआ औरंगबाद निवासी राहुल शर्मा बताया जाता है। इसकी सूचना मिलते ही देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने घटना स्थल पर पहुंचकर दोनों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचाया। जहां इन ड्यूटी चिकिसक ने दीपक शर्मा को देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल राहुल का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से चार की मौत

रामगढ़। बुधवार को एक अनियंत्रित ट्रक ने रामगढ़ हेहल में दशहरा मेला घूमने के लिए सड़क किनारे खड़े लोगों को रौंद डाला जिससे चार लोगों की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि ये लोग दशहरा मेला देखने बाइक से निकले थे उसी क्रम में कोयला लदे ट्रक ने उन्हें रौंद डाला। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम किया जिसे बाद में प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद हटाया जा सका। सभी लोग भदानीनगर थाना क्षेत्र के ताला ताड़ निवासी बताये जा रहे हैं।

शिवाजी मैदान में लेजर लाईट से रावण वध का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के शिवाजी मैदान में बुधवार को चंद्रशेखर आजाद क्लब द्वारा रावण दहन का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू एसपी चन्दन सिन्हा,मेयर अरुणा शंकर, क्लब के संरक्षक एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनन्द शंकर ने संजुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर रावण दहन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बतौर विशिष्ट अतिथि रावण दहन कमिटी के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ व फूलमाला देकर आगत अतिथियों को स्वागत किया। तत्पश्चात लेजर लाईट के जरिए रामचरित व शिव तांडव स्त्रोत को दिखाया गया। इसके साथ ही मंचासीन अतिथियों ने संयुक्त रूप से राम के प्रतीक तीर आसमानी तीर से प्रतिकात्मक रावण का दहन किए। उमड़े जनसैलाब में हजारों हजार लोगों से खचाखच भरी शिवाजी मैदान रावण वध का चश्मदीद गवाह बना। उमड़े हुजूम को देख ऐसा लग रहा था मानो आज के बाद भारत भूमि से समाज के बीच अब कोई रावण पैदा नहीं लेगा । अगर भूलवश कोई रावण जन्म लिया तो यह भीड़ नोच खा जायेगा। मौके पर पलामू कमिश्नर जटाशंकर चौधरी,पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिंहा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह, विधायक आलोक चौरसिया, उपमेयर मंगल सिंह,ज्ञानशंकर जी भाजपा प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह,सांसद प्रतिनिधि बिजय ओझा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उत्साहित उपस्थिति रहा । एक स्त्री के कहे ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

12 से 21 डिग्री सेल्सियस तापमान में व्यक्ति का मूड होता है सबसे अच्छा

- आरएनएम

नयी दिल्ली। द लैंसेट प्लेनेटरी हेल्थ ने अमेरिका के 773 शहरों के लोगों के व्यवहार व मूड पर तापमान के असर अध्ययन किया। इस शोध में पता चला कि तापमान ज्यादा गर्म या ज्यादा ठंड होने पर व्यक्ति का गुस्सा बढ़ता है और वह व्यक्ति भौतिक रूप से गुस्सा या नफरत नहीं दिखा पाने पर इसे ऑनलाइन व्यक्त करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के हीट वेव के दौरान ऑनलाइन हेट स्पीच या हेट टेक्सट के मामले बहुत ज्यादा बढ़ गये। शोधकर्ताओं का कहना है कि अमेरिका में 25 प्रतिशत काले और 10 प्रतिशत हिस्पैनिक लोग ऑनलाइन हेट स्पीच का सबसे ज्यादा शिकार होते हैं। मौसम में बदलाव की वजह से एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोग चार गुना ज्यादा ऑनलाइन हेट स्पीच का शिकार हुए। द लैंसेट प्लेनेटरी हेल्थ की टीम ने पोट्सडैम इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट इम्पैक्ट रिसर्च के लियोनी वेंज के नेतृत्व में मई 2014 से मई 2020 तक छह वर्ष में अमेरिका में किये गये 400 करोड़ ट्वीट्स की जांच की। इसके लिये इन्होंने ऑर्टीफिशियल इंटेलिजेंस से एलगोरिदम तैयार किया, जो हेट स्पीच को पहचानता था। इसमें 7 करोड़ 50 लाख ट्वीट हेट स्पीच के थे, यानी कुल ट्वीट के 2 प्रतिशत। टीम ने यह जांच की कि कौन से ट्वीट किस इलाके से किये गये और वहां उस दिन का मौसम कैसा था। जहां तापमान 15 से 18 डिग्री सेल्सियस था वहां हेट स्पीच ट्वीट थोड़े ज्यादा हुए। -3 से -5 डिग्री सेल्सियस के तापमान में रह रहे लोगों ने दूसरे से 12.5 प्रतिशत ज्यादा हेट स्पीच वाले ट्वीट किये। रेगीस्तानी इलाकों में जहां तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस था, हेट स्पीच वाले ट्वीट में 22 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई। इस अध्ययन का हिस्सा रहे आंद्रेस लीवरमैन का कहना है कि अधिक औसत आयवाले वे इलाके जहां लोग एसी वाले घर में रहते हैं, वहां भी जब तापमान बढ़ा तो लोगों ने गुस्से में हेट ट्वीट्स खूब किये। हेट स्पीच के लिए शोधकर्ताओं की टीम ने यूनाइटेड नेशन की परिभाषा को मानक माना। इसके मुताबिक, किसी भी व्यक्ति या समूह पर उसके धर्म, नस्ल, राष्ट्रीयता, रंग, लिंग या और किसी पहचान के आधार पर किसी तरह की अपमानजनक टिप्पणी हेट स्पीच के तहत आती है।

- तापमान इससे जितना कम या जितना ज्यादा, मूड उतना खराब
- 42 से 45 डिग्री सेल्सियस वाले इलाके में 22 प्रतिशत हेट स्पीच ट्वीट

न्यूज गैलरी

दुर्गा पूजा समिति ने भक्ति जागरण का किया आयोजन

मोहम्मदगंज। सावजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा आगामी 8 अक्टूबर को स्तरोन्नत उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज के मैदान में भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया जायेगा। जिसका उद्घाटन हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के द्वारा कराया जायेगा। इस आशय की जानकारी कमिटी के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह सहित कमिटी के अन्य सदस्यों ने दी। कमिटी के सदस्यों ने बताया की वृंदावन मथुरा से चलकर आ रहे प्रसिद्ध 20 महिला पुरुष कलाकारो की जोड़ी के द्वारा मां भवानी का भव्य जागरण किया जायेगा। कमिटी के सदस्य सह उपमुखिया रविरंजन कुमार सिंह के कहा कि इस जागरण में विभिन्न धार्मिक झाकियां निकली जायेगी तथा समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने के लिए अनेक प्रयास किये जायेंगे। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम से सामाजिक समरसता बढ़ेगी और लोगो के दिलो में एक दूसरे के प्रति प्रेम का भाव बढ़ेगा। कमिटी के सदस्य विवेक विशाल बंटी ने बताया कि इस भक्ति जागरण में भाजपा नेता कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने अपना आर्थिक सहयोग दिया है, जिस कारण यह कार्यक्रम सफल होने जा रहा हैं।

पोलपोल में किया गया रावण का पुतला दहन

सतबरवा। प्रखंड के सभी क्षेत्रों में दुर्गा पूजा बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया। सतबरवा के ठाकुरबाड़ी मंदिर व पोलपोल में रावण का पुतला दहन किया गया । शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रखंड के सभी क्षेत्र के पूजा पंडाल व जुलूस के दौरान पुलिस मुस्तैद रही। सतबरवा में विभिन्न जगहों के प्रतिमा के साथ अखाड़े दार अपने प्रतिमा के साथ नाचते गाते जय मां दुर्गे, जय मां भवानी, हर-हर महादेव की जयकारा लगाते मेला टांड़ में जुलूस मिलान के बाद ,जुलूस मेला टांड़ से क्रांति चौक , पुराना बस पड़ाव, रामघाट ,महावीर चौक, मस्जिद मोहल्ला होते पुनः मेला टांड़ पहुंचा जहां से जुलूस विसर्जन के लिए अपने - अपने क्षेत्र की ओर लोग प्रतिमा के साथ निकले और नदी, तालाबों में नम आंखों से माता की आरती के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

रामचरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ का समापन

हुसैनाबाद। जपला महावीर जी भवन परिसर में रामचरित मानस नवाह्न परायण यज्ञ के 42वें वर्ष का समापन समारोह आयोजित कर मुख्य अतिथि जिला पार्षद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह के द्वारा आचार्यों को भावभीनी विदाई देकर की गई। आचार्य धर्मराज पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूरे क्षेत्र के लोगों के लिए सुखः समृद्धि की मंगल कामना की। मौके पर मुख्य अतिथि आलोक कुमार सिंह ने कहा कि दुगार्पूजा का त्योहार असत्य पर सत्य की विजयी का प्रतीक है। इस दिशा में अनवरत प्रेरित होने की जरूरत है। उन्होंने नवाह परायण यज्ञ के 42 वें वर्ष के सफल संचालन के लिए कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र पाल और सभी सदस्यों की सराहना की। इस मौके पर विनोद कुमार सिंह ने कहा कि देवी दुर्गा ने नवरात्रि में दस दिन के युद्ध के उपरांत महिषासुर पर विजय प्राप्त की थी। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि विजया दशमी का त्योहार असत्य पर सत्य का विजय व सभी मतभेदों को भुलाकर आपसी सौहार्द व प्रेम का पर्व हैं दशहरा। मौके पर अविनाश कश्यप ,प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, सचिन आनंद,मंजय चौधरी,दीना सोनी, मिंटू अग्रवाल, अजीत अग्रवाल आदि लोगों ने आपसी सौहार्द और भाईचारगी के साथ मिलकर दशहरा मनाये जाने को सभी के लिए आनंद की बात बताया।

मंगलपुर में एकादशी तिथि पर भंडारे का आयोजन

पांकी। प्रखंड के मंगलपुर में नवयुवक संघ के युवाओं एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के संयुक्त पहल पर गुरुवार की दोपहर दशहरा एकादशी तिथि पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम मां दुर्गा की प्रतिमा को भंडारे का भोग लगाया गया। जिसके बाद आम लोगों के लिए भंडारा का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन पूजा कमेटी एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया। मौके पर कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक चंदन कुमार ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एकादशी तिथि को भंडारे का आयोजन किया गया है । जिसमें हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा कि भंडारे के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र के हजारों लोग मां दुर्गे का दर्शन करने के साथ साथ प्रसाद भी ग्रहण करते हैं। इस दौरान मौके पर चंदन कुमार, संस्कार सोनी, अखिलेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

दशहरा का पर्व धूमधाम से मना, प्रतिमा का हुआ विसर्जन

हुसैनाबाद। नौ दिनों तक चले शारदीय नवरात्र के बाद हुसैनाबाद में बुधवार को विजयादशमी और दशहरा का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। वहीं दुर्गा मां की प्रतिमा का विसर्जन बाजे गाजे के साथ देवरी सोन नदी में किया गया। त्योहार शांति व सौहार्द के माहौल में संपन्न हुआ। वहीं शहर के महावीर जी भवन दुर्गा पूजा समिति,जपला रेलवे परिसर स्थित युवा बाल संघ पूजा पंडाल,कुर्मी टोला ,दुर्गा बाड़ी, मोहम्दाबाद,चार धाम पूजा समिति समेत विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा एवं अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। मां दुर्गा के भक्तों ने नम आंखों से मां को विदाई दी। साथ ही अगले वर्ष फिर से आने का वादा लिया। गाजे-बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा के बाद मां को विदाई दी गई। लोग भक्तिगीतों की धुन पर झुमते दिखे। महावीर जी भवन पूजा समिति के शोभा यात्रा में रामगढ़ से आये ताशा कलाकारों ने अपने भक्ति धुन से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर किया। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से भाजपा के वरीय नेता बिनोद कुमार सिंह,नगर अध्यक्ष शशि कुमार,उपाध्यक्ष सिद्दीकी,दिनेश कश्यप,युवा बाल संघ पूजा समिति के अध्यक्ष जयशंकर गुप्ता,सचिव रवि यादव,संरक्षक राजेश्वर सिंह, भवन पूजा समिति के अध्यक्ष मिंटू अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, समाजसेवी अंशु अग्रवाल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, भाजपा के युवा नेता अविनाश कश्यप, सचिन आनंद,छोटू सिंह,मनीष कुमार, टिंकू तिवारी,राकेश तिवारी,वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल,सुहैल आलम,नजीर अहमद,अखिलेश यादव,समाजसेवी पवन कुमार चौधरी,संतोष प्रसाद गुप्ता,बिजय प्रसाद गुप्ता,राजकुमार कश्यप, उदय सोनी,बीरेंद्र कुमार,सुबोध कश्यप, अशोक मेहता समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

अनियंत्रित बाइक से गिरकर महिला घायल

मोहम्मदगंज। पलामू थाना क्षेत्र अंतर्गत अंतर्गत मोहम्मदगंज जपला मुख्य पथ में भोला मोड़ के पास गुरुवार की सुबह अचानक पेड़ से बंदर के सड़क पर कूदने से अनियंत्रित होकर बाइक के गिर जाने के कारण एक महिला को पैर में गंभीर चोट लगी है। जिसे इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से हैदरनगर अस्पताल भेजा गया है। बाइक सवार अपने पत्नी व दो बच्चो के साथ मझिआव से जपला जा रहा था।

सीमेंट व्यवसायी की दुकान में पर्चा खोसकर दी गई धमकी

50 लाख रुपये की मांगी रंगदारी

मामले में अपराधियों की पहचान के बावजूद भी नहीं हुई गिरफ्तारी

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिला अंतर्गत हैदरनगर में बुधवार की रात दरवाजे में पर्चा खोसकर दो व्यवसायी बंधुओ को अपराधियों ने धमकी दी है। रंगदारी की रकम नहीं देने पर अंजाम भुगतने की बात कही है। 16 दिनों के बाद भी अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं किये जाने से व्यवसायियों में प्रशासन के खिलाफ खासी नाराजगी है। हैदरनगर के मुखिया सह भाजपा नेता संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में व्यवसायियों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। हैदरनगर बाजार को अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया है। साथ ही जपला- हैदरनगर मुख्य पथ को टायर जलाकर व धरना पर बैठकर जाम कर दिया है। व्यवसायों ने मुखिया संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को सुबह से अपनी अपनी दुकानें अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया है। व्यवसायों की मांग में अपराधियों की गिरफ्तारी व सुरक्षा की व्यवस्था करना शामिल है। थाना प्रभारी अजीत कुमार मुंडा सड़क पर धरना पर बैठे व्यवसायों से मिले। उन्होंने व्यवसायों को कहा कि पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। ।

क्या है पूरा मामला : पलामू जिला के हैदरनगर थाना क्षेत्र के रेलवे गुमटी के समीप दिनदहाड़े बाइक सवार दो अपराधियों ने व्यवसायी अनिल लाल व सुनील लाल की दुकान पर 20 सितंबर की सुबह आसमानी फायरिंग किया था। और हवा में पिस्टल लहराते हुए फरार हो गये थे। अपराधियों ने दो व्यवसायी भाइयों के नाम 50 लाख रुपये की रंगदारी की मांग पर्चा फेक कर रंगदारी मांगी थी। घटना के बाद हैदरनगर थाना पुलिस ने एक अपराधी बिट्टू सिंह उर्फ सुधीर सिंह की पहचान कर लिया था। थाना प्रभारी अजीत कुमार मुंडा ने दोनो व्यवसायी भाईयो से जानकारी लेने के बाद अन्य अपराधियों का भी सुराग लगाने में जुटजाने की बात कही थी। अपराधकर्मी बिट्टू सिंह उर्फ सुधीर सिंह, ग्राम बिंदु बिगहा, हैदरनगर का निवासी है। वह आर्म्स एक्ट में जेल भी जा चुका है। इस मामले में आरोप पत्र भी समर्पित किया गया है। अपराधियों की शिनाख्त कर धर पकड़ की कार्रवाई लगातार पुलिस कर रही है। उन्होंने भरोसा दिया था कि जल्द ही पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार कर लेगी। मगर आज तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

क्या कहना है एसडीपीओ का : दुर्गा पूजा कीं विधि व्यवस्था बनाए रखने की वजह से अपराधियों की गिरफ्तारी में देर हुई है। उनकी गिरफ्तारी जल्द होगी ।एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने बताया कि दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन लगा था। इस कारण उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई थी। उन्होंने जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाया है।

क्या कहते हैं विधायक : विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दूरभाष पर व्यवसायियों से बात की। उन्होंने पूरी जानकारी लेने के बाद पलामू के पुलिस कप्तान व एसडीपीओ हुसैनाबाद से बात की। उन्होंने व्यवसायियों को सुरक्षा मुहैया कराने और अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द करने की बात कही।

विषैले जीव के काटने से महिला घायल

चिकित्सक ने झाड़ फूंक से बचने की अपील

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। प्रखंड के उसुर्ला गांव में बुधवार को खेतो में काम करने के दौरान एक महिला को किसी विषैले जीव ने काट लिया । जिसकी पहचान तेतरी देवी ,उम्र करीब 40वर्ष, पति सुखदेव राम के रूप में हुई है। जो मूलतः उसुर्ला गांव की रहने वाली बताई जा रही है। जिसे आनन फानन में परिजनों व ग्रामीणों ने घायल महिला को अस्पताल ले जाने के बजाय विश्रामपुर प्रखंड के कधवन में स्थित प्रसिद्ध नाग मंदिर यानी की बकस बाबा के शरण में लेकर जाना उचित समझा और उक्त महिला की वही झाड़ फुक कराई। वही झाड़ फुक से महिला पूरी तरह ठीक हुई या नहीं इसकी स्पष्ट जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।

क्या कहते है चिकित्सक का : झाड़ फूंक मामले के सवाल पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर में पद स्थापित चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर एमएम प्रसाद ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यह सिर्फ लोक आस्था है। इसके अलावा कुछ नही, वही उन्होंने किसी भी विषैले जीव को काटने पर लोगों से अविलंब मेडिकल इलाज लेने की सलाह दी है।

दशहरा पर शानदार आतिशबाजी के साथ धू-धूकर जला रावण

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। नवयुवक सांस्कृतिक समिति की ओर से बुधवार की शाम हरिहरगंज मेन बाजार में विजयादशमी पर शानदार आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया गया। व्यवस्थापक रॉबर्ट गुप्ता, सचिव अरुण स्वर्णकार सहित अन्य ने संयुक्त रूप से रावण को तीर मारकर रावण दहन किया। रावण दहन को देखने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। यहां का रावण दहन क्षेत्र के लोगों का आकर्षण का केंद्र होता है। 15 फीट का रावण धू-धूकर, शानदार आतिशबाजी के साथ जल उठा। समिति की ओर से मेन बाजार में शानदार आतिशबाजी किया। लोगो ने रावण दहन और शानदार आतिशबाजी का लुफ्त उठाया। वही रावण दहन में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम था। रावण दहन के बाद भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, एसआई रंजीत कुमार की मौजूदगी में जगह-जगह सुरक्षा बल तैनात किया गया था। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश अकेला, राजेंद्र प्रसाद, रामाशंकर जायसवाल रिंकू शौंडिक, रामजी प्रसाद व सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

दुर्गा पूजा समिति ने रंगारंग भोजपुरी कार्यक्रम किया संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। अनुमंडलीय दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में अष्टमी की रात भोजपुरी अदाकारा और गायक कलाकारों का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष विधायक कमलेश कुमार सिंह व युवा नेता सूर्या सिंह ने हुसैनाबाद क्षेत्र की जनता के आग्रह पर आयोजित कराया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर विधायक कमलेश कुमार सिंह, इंटक के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, युवा नेता सूर्या सिंह, एसडीओ कमलेश्वर नारायण व एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का आगाज भोजपुरी गायक गोपाल राय ने माता रानी के भजन से किया। चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है.. से की गई। भोजपुरी फिल्म की अदाकारा रानी चटर्जी ने बारिश के बावजूद अपने डांस से लोगों को जमे रहने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने अपनी फिल्म के कई गीतों पर ठुमके लगाये। वही मोनिका राय ने श्रोताओं को हिलने नहीं दिया। एक से बढ़कर एक गीत पर ठुमके लगाये। भोजपुरी फिल्मों की गायिका शिल्पी राज ने माता रानी के भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को भक्ति रस में डूबा दिया। इन कलाकारों के अलावा अन्य भोजपुरी कलाकारों ने भी बारिश के बावजूद श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बेहतर कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए कलाकारों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन व एनसीपी परिवार का आभार जताया। वहीं हुसैनाबाद की जनता श्रोताओं को शांति के साथ कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मातारानी का आशीर्वाद और जनता का प्यार मिला तो आने वाले दिनों में बेहतर कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। युवा नेता सूर्या सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एनसीपी परिवार के अलावा पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि माता रानी का आशीर्वाद और जनता का प्यार मिला तो हुसैनाबाद को और बेहतर बना देंगे। मौके पर एनसीपी परिवार के अलावा बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद थे।

हैदरनगर में बढ़ती अपराध पर चढ़ा राजनीतिक पारा

14 को मशाल जुलूस व 15 से अनिश्चित धरना देने की घोषणा

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हैदरनगर में व्यवसायियों पर हमला व रंगदारी मांगने की पुनरावृत्ति होने की घटना पर पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने गुरुवार को स्थानीय लोगों से बैठकर वार्ता की। उन्होंने इस घटना की घोर निंदा करते हुए कहा कि 15 दिनों बाद भी नामजद अपराधी की गिरफ्तारी नही होना व खुलेआम घूमना निकम्मे विधि व्यवस्था उजागर करता है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सभी दोषी अपराधी को पुलिस 13 अक्टूबर तक गिरफ्तार नही की तो स्थानीय बड़ा शिवालय से 14 अक्टूबर की शाम छह बजे से वृहद मशाल जुलूस पूरे नगर में निकाला जायेगा। साथ ही संपूर्ण हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र को अपराध मुक्त करने, हैदरनगर पुराना थाना भवन में स्थायी पिकेट की स्थापना, भुक्तभोगी व्यवसायी की व्यक्तिगत सुरक्षा मुहैया कराने व बाजार क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने की मांग पूरी होने तक उन्होंने स्थानीय बस स्टैंड में 15 अक्टूबर को दिन के 11 बजे अनिश्चितकालीन धरना देने की घोषणा की है। नहीं तो वे बड़े आंदोलन को बाध्य होंगे। 13 के शाम को मसाल जुलूस निकली जायेगी। इस दौरान सड़क भी जाम कर दिया जायेगा। उन्होंने भुक्तभोगी व्यवसायियों को अविलंब सुरक्षा के साथ साथ आर्म्स के लाइसेंस देने की मांग जिला प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि अभी क्षेत्र में गुंडों बदमाशों का बोलबाला है। आये दिन रंगदारी व चोरी जैसी घटना बढ़ने से खासकर व्यवसायी वर्ग असुरक्षित महसूस कर रहा है।

खोड़ी पंचायत में मां दुर्गा की प्रतिमा का धूमधाम से विसर्जन

नवीन मेल संवाददाता

नावा बाजार । खोड़ी पंचायत मुखिया पूरन यादव के नेतृत्व में धूमधाम से मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन नावा बाजार लोहा पुल के नीचे किया गया। मूर्ति विसर्जन में काफी संख्या में श्रद्धालु मां दुर्गा को नम आंखों से विदा करते हुए नजर आये। मुखिया पूरन यादव ने बताया हर साल पूरे पंचायत की जनता एक साथ मिलजुल कर हर जाति धर्म के लोग मां दुर्गा का पूजा करते हैं। अपने सुख समृद्धि के लिए माता का पूजा पाठ करते हैं । मौके पर राजेंद्र यादव, पिंटू यादव ,सुरेंद्र राम ,सरजु साहू, आनंद यादव ,सत्येंद्र यादव ,सुधीर गुप्ता सहित पूजा कमेटी के सभी युवा पदाधिकारी एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

विहंगम योग संस्थान की जिलास्तरीय बैठक 9 को

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान की पलामू जिला स्तरीय बैठक 9 अक्तूबर को आहूत किया गया है। यह जानकारी संस्थान के पलामू जिला संयोजक गिरिजा प्रसाद सिंह ने दी। संयोजक श्री सिंह ने बताया कि जिला मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित गोविंद भवन में बैठक का आयोजन किया गया है। सुबह 10 बजे से बैठक की कार्यवाही शुरू होगा। पलामू में स्वामी जी एवं संत प्रवर जी के आगमन की तैयारी को लेकर बैठक में विस्तार से चर्चा किया जायेगा। उन्होंने पलामू जिले के सभी उपदेष्टा, प्रचारक,अक्षय कोष संग्रहकर्ता, जिला एवं प्रखंड स्तर के सभी प्रकोष्ठ के सेवा प्रभारियों से अपील किया है कि 9 अक्तूबर रविवार को आहूत बैठक में निश्चित रूप से भाग लेंगे।

भक्ति जागरण कार्यक्रम का थाना प्रभारी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

पांकी। प्रखंड के नवडीहा वन पंचायत के ग्राम मंगलपुर में दशहरे की एकादशी तिथि पर नवयुवक संघ के द्वारा आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पांकी थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद,मीडियाकर्मी सहित अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि पांकी प्रखंड के अत्यंत छोटे से गांव मंगलपुर में दुर्गा पूजा को लेकर कमेटी के द्वारा की गई विधि व्यवस्था अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि विगत 10 दिनों में कमेटी के पहल पर शांतिपूर्वक ढंग से दुर्गा पूजा संपन्न कराया गया। जिस हेतु पूजा कमेटी के लोग बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से लोगों को मनोरंजन के साथ साथ स्थानीय युवाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने का भी अवसर मिलता है। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख ने पूजा कमेटी के लोगों की सराहना करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से शांति पूर्वक कार्यक्रम का लुफ्त उठाने की अपील की। कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर कार्यक्रम में दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष उमेश कुमार, सचिव चंदन कुमार, नीरज सिन्हा, राजन कुमार, गोलू कुमार, अनूप कुमार, गुड्डू प्रसाद, आलोक प्रसाद, महबूब आलम, पप्पू यादव, बसंत पासवान, ओम प्रकाश पासवान, मंटू सिन्हा, मुकेश कुमार, सोनू कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस में दो गुटों में जमकर हुई मारपीट

दोनों पक्षों से थाना में मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। पलामू बुधवार विजयदशमी के दिन जब सारा शहर विजयदशमी की बधाई दे रहा था। उसी समय हुसैनाबाद दुर्गाबाड़ी के दुर्गा पूजा समिति के द्वारा विसर्जन जुलूस में डीजे बजाने एवं नाचने के क्रम में एक ही समुदाय के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। दोनों तरफ से आधा आधा दर्जन लोगो के खिलाफ एक दूसरे ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत की हैं। प्रथम आवेदन कमलेश कुमार सिंह,एवं विपुल कुमार सिंह ने थाना को दिया हैं। जिसमें बताया गया हैं कि हमलोग मूर्ति विसर्जन करने जा रहे थे । तभी हरिहर चौक पर अचानक उसी मुहल्ले के सीटू ,बिट्टू, लालटू, बादल सुजीत एवं साजन कुमार व अन्य लोग सभी हरिहर चौक निवासी ने अचानक हम लोगों के जुलूस पर हमला कर दिया। जिसमें मुझे गहरा चोट आई हैं। वहीं हरिहर चौक निवासी अमृता देवी ने थाना में शिकायत किया हैं कि दुर्गाबाड़ी के विसर्जन जुलूस में डीजे बज रहा था । उसी में मेरा बेटा नाचने चला गया ,तभी पूजा समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ,रामप्रवेश सिंह, कुंदन सिंह कमलेश सिंह, विपुल सिंह ,सुनील चौधरी, राहुल शास्त्री,कृष्णा कुमार आदि लोगो ने मेरे बेटे को नर्तकी एवं जाति सूचक शब्दों एवं हीनभावना से उसके साथ मारपीट कर लहूलुहान कर दिया । जिसके बाद हम लोग अपने बेटे के बचाने गये तो महिलाओं को भी मारा पीटा एवं दुर्व्यवहार किया। सभी लोगो को दौड़ा दौड़ा कर मारने लगे, जिससे मेरा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है। कई लोग जख्मी हुए है, महिला ने हुसैनाबाद थाना में पत्रकार को व्यान देते हुए बताया कि हमलोगों को बुरी तरह से पीटा गया है। जबकी हमलोग भी उस पूजा में चंदा देते हैं और खुलकर सहयोग करते है । लेकिन की पेशा नर्तकी होने के कारण भेदभाव किया जाता है। प्रसाद वितरण में मेरे मुहल्ले के महिलाओं को गलत नजर से लोग टोन कसते है । क्या हमलोग हिन्दू नही हैं ,महिला ने यह भी आरोप लगाया राजनीतिक रूप से प्रभावशाली होने के कारण अनुमंडलीय अस्पताल में धमकी देकर ओपीडी में डॉक्टर को ईलाज नही करने दिया । डॉक्टरों ने भी जैसे तैसे इलाज किया। जिसके बाद हमलोग प्राइवेट में इसका इलाज कराये हैं। इधर थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने कहा कि दोनों तरफ से आवेदन लिया गया हैं और जांच चल रही हैं जो भी होगा निष्पक्ष कार्रवाई होगा।

कन्याओं का पूजन कर उपहार भेंट की

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। प्रखंड के ढ़ाब कला बस स्टैंड स्थित जय भवानी संघ के तत्वावधान में नवरात्रि पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। वही पूजा के अंतिम दिन कन्याओं को पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किये। समाजसेवी अर्जुन प्रसाद गुप्ता व राजद प्रदेश महासचिव कमलेश कुमार यादव तथा मुखिया जितेंद्र पासवान ने नवरात्रि के उपलक्ष्य में कन्याओं के पांव धोए उसके बाद उनको पंक्ति में बैठाकर तिलक किया। थाली में खीर, फल सहित अन्य पकवान का भोग लगाया। उन्हें लाल चुनरी भेंट कर व दक्षिणा देकर पांव छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं मुखिया जितेंद्र पासवान ने सभी कन्याओं को कॉपी कलम प्रदान किया। राजद नेता कमलेश यादव, समाजसेवी अर्जुन गुप्ता तथा मुखिया जितेंद्र पासवान ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से इलाके में समृद्धि आती है। पूजा- पाठ करने से मन को शांति मिलती है। मौके पर कमेटी अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता, कमलेश, अनिल, अशोक, सिकेंद्र, राजू , अरविंद, अजय, उमाशंकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का सहयोग रहा।

पलामू में नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई, शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ त्योहार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले भर में बुधवार को विजयादशमी सह दशहरा का त्योहार धूमधाम और शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। विजयदशमी से पूर्व सोमवार व मंगलवार को लोगों ने विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा एवं अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा का दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। बुधवार की शाम जिला मुख्यालय समेत जिले के प्रखंडों में स्थापित दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन से पूर्व स्थानीय दुगार्बाड़ी में महिलाओं ने सिंदूर खेला की रस्म निभाई। सिंदूर खेला माता को विदाई से पूर्व दी जाने वाली एक रस्म है। जिसमें बेटी को विदाई के समय घर की महिलाओं के तरफ से निभाई जाती है। इसके बाद मां दुर्गा को भक्तों ने नम आंखों से मां को विदाई दी। साथ ही अगले वर्ष फिर से आने का वादा लिया। इस बार पूरे धूमधाम व गाजे-बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा के बाद मां को विदाई दी गई। इस दौरान मां दुर्गे का उद्घोष गूंजता रहा। शहर के स्थानीय कोयल नदी में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर यहां वरीय पुलिस पदाधिकारियों समेत भारी संख्या में पुलिस के जवान तैनात थे। नवरात्रि में पूजा के लिए मां दुर्गे की प्रतिमा को खुशी से नौ दिनों तक गाते बजाते, माता के जयकारे के साथ 9 दिन तक सुबह-शाम पूजा अर्चना व आरती की गई। लोगों में उत्साह रहा और बच्चें व युवा नौ दिन तक अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का मन मोहते रहे।

शांतिपूर्ण रही दशहरा की रौनक : शहर में दशहरा में रौनक रही ,लेकिन शांतिपूर्ण ठंग से सभी कार्य सम्पन्न हो गए। जिला प्रशासन और निगम के द्वारा भी सभी पंडालों में सुरक्षा और साफ सफाई का कार्य निरंतर अच्छे ठंग से किया गया। सार्वजनिक दुगार्पूजा समिति की ओर से भी सभी पंडालों के साथ तालमेल बनाकर बेहतर ठंग से कार्य किया गया। शहर में लगभग तीन दर्जन से अधिक पंडालों का निर्माण किया गया था और सभी पंडालों में सुरक्षा को लेकर भी प्रशासन चुस्ती के साथ लगा था। शहरी क्षेत्र में जय भवानी संघ, दुकानदार संघ, बाल समाज, किशोर समाज, बंगीय दुर्गाबाड़ी, जनता सेवक संघ, स्टूडेंट क्लब, न्यू बाल संघ, जय मां शेरावाली क्लब, जीनियस क्लब, नवयुवक संघ बेलवाटिका चौक, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति साहित्य समाज चौक, जय दुर्गे संघ, वीर भगत संघ, मां भगवती दुर्गा पूजा समिति, शांति विकास संघ, नवयुवक संघ जेलहाता, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति हाउसिंग कॉलोनी, दुर्गा पूजा महोत्सव ठाकुरबाड़ी रेड़मा, सार्वजनिक दुर्गा मंडप, जय विजय संघ, दुर्गा पूजा समिति पूर्व मध्य रेलवे, युवा शक्ति संघ, दुर्गा पूजा महोत्सव रेलवे माल गोदाम, न्यू एकता स्टार क्लब, निराला संघ, बाबा क्लब काशीनगर, सांस्कृतिक क्लब, गोरहो शिव मंदिर समिति, श्री राम संघ, प्रगतिशील युवा संघ, नवयुवक संघ जीएलए कॉलेज गेट, शिव शांति क्लब सहित कई पूजा संघ ने पंडाल बनाये।

मन्दिरो में लगी भीड़ : विजयादशमी को लेकर सभी प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। रेड़मा काली मंदिर,छहमुहान काली मंदिर,सप्तमातार मंदिर,सत्यनारायण मन्दिर, ठाकुरबाड़ी, हिरामन्दिर में सुबह से ही हवन और दर्शन को लेकर भक्तों की लंबी पंक्ति रही।

पहली बार गरबा व डांडिया का आयोजन : दो साल के बाद इस बार धूमधाम से पूजा का आयोजन किया गया। लेकिन इस बार सबसे आकर्षण का केंद्र दुर्गा पूजा समिति व अन्य क्लबों के द्वारा आयोजित गरबा और डांडिया रहा। इस तरह का आयोजन पहली बार किया गया है। स्थानीय शिवाजी के मैदान में भी गरबा व डांडिया का आयोजन भव्य तरीके से किया गया।

पलामू में पापांकुशा एकादशी मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू में गुरुवार को पापाकुंशा एकादशी मनाया गया। हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का खास महत्व है। एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित मानी गई है। हिंदू पंचांग के अनुसार, आश्विन मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली एकादशी को पापांकुशा एकादशी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पापांकुशा एकादशी व्रत करने से व्यक्ति सभी सुखों को भोगकर अंत में मोक्ष को जाता है। इस साल पापांकुशा एकादशी गुरुवार को मनाया गया। पुरोहित ओम पाठक ने बताया की हिंदू पंचांग के अनुसार आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी 5 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से शुरू हो जाएगी। जो कि अगले दिन सुबह 09 बजकर 40 मिनट तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार, एकादशी व्रत गुरुवार को रखा जायेगा। पापांकुशा एकादशी व्रत करने वाले व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही जीवन में सुख, समृद्धि, धन व ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। व्यक्ति के जीवन में आने वाली समस्याएं दूर होती हैं।

शांतिपूर्ण दशहरा संपन्न

मेदिनीनगर। रावण पुतला दहन के साथ पोलपोल में शांतिपूर्ण ढंग से दशहरा संपन्न हो गया। श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ समिति के द्वारा पोलपोल बेसिक स्कूल के मैदान में रावण का पुतला दहन किया गया । इसी के साथ 10 दिनों तक चलने वाला विजयादशमी का त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। मौके पर समिति के सभी पदाधिकारी के अलावे सैकड़ों ग्रामीण जनता रावण के पुतला दहन के अवसर पर उपस्थित थे। यज्ञ समिति के अध्यक्ष आनन्द सिंह ने कहा कि मानस यज्ञ में सभी लोगों का भरपूर सहयोग मिला है। तभी आज हम इतना बड़ा कार्यक्रम सफल बना पाए हैं।

इंडियन बैंक के सदस्यों ने किया विकास व खुशहाली की कामना

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। इंडियन रोटी बैंक के राष्ट्रीय उप प्रभारी सोनू सिंह नामधारी और इंडियन रोटी बैंक के राज्य समन्वयक दीपक तिवारी ने शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में जाकर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया। दोनों ने माता रानी से निगम क्षेत्र की जनता केविकास,खुशहाली और सुस्वास्थ्य की कामना किया।स्थानीय चैनपुर बाजार पूजा पंडाल में आयोजकों द्वारा सोनू सिंह नामधारी और दीपक तिवारी को सम्मानित किया गया। सोनू सिंह नामधारी और दीपक तिवारी ने शहर के सभी पूजा पंडालों में जाकर माता रानी का आशीर्वाद लिया। सुदना स्थित तुलसी मानस मंदिर प्रांगण में हो रहे यज्ञ पूजा में भी शामिल हुए। यज्ञ में संगीतमय भक्तिधारा बहती पूज्य बहन विदुषी स्तुतिजी से आशीर्वाद प्राप्त किया। बैरिया चौक स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में मां का दर्शन किया और बैरिया चौक दुर्गा पूजा समिति द्वारा सोनू सिंह नामधारी और दीपक तिवारी को सम्मानित किया गया।इंडियन रोटी बैंक के राष्ट्रीय उप प्रभारी सोनू सिंह नामधारी ने कहा कि दो वर्षों से कोरोना महामारी के कारण दुर्गा पूजा उत्सव फीका था। लेकिन इस बार पूरे शहर में काफी धूमधाम से दुर्गोत्सव मनाया जा रहा है। माता के भक्तों का उत्साह सराहनीय है। इंडियन रोटी बैंक के राज्य समन्वयक दीपक तिवारी ने कहा कि हिन्दू समाज का महान आस्था वाला पर्व दुर्गा पूजा है।

राम राज्याभिषेक के साथ मानस यज्ञ सम्पन्न

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। श्रीरामचरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ का 45 वां अधिवेशन राम राज्याभिषेक के साथ संपन्न हो गया। मानस प्रसंग के अनुसार श्री राम का राज्याभिषेक किया गया। मौके पर श्री राम जानकी की आरती उतारी गई । मंगलाचरण और गीत संगीत के साथ राम राज्याभिषेक किया गया। सर्ब प्रथम आचार्य ओम प्रकाश पाण्डेय व मानस ब्यास मधुरेश जी महाराज के द्वारा श्री राम के अलावा तीनों भाइयों की आरती उतारी गई। इसके बाद राजतिलक किया गया । मौके पर सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश राय ने कहा कि राम के गुणों से पूरी दुनिया सीख लेती है। राम का मयार्दा अतुलनीय है । उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से ही अमन-चैन और क्षेत्र का खुशहाली संभव है। इससे आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बढ़ता है। समिति के अध्यक्ष आनन्द सिंह ने कहा कि यज्ञ दो दिलो को जोड़ने का कार्य करता है। हमे धर्म के मर्म को समझने की जरूरत है। इस मौके पर यज्ञ कमेटी के पदाधिकारी गण भी अभिषेक में शामिल हुए । इसी के साथ ही राजाराम राजाराम के गुणगान से क्षेत्र गूंज उठा। समिति के अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह ,उपाध्यक्ष शिव कुमार सिंह, सचिव शशि कुमार सिंह जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने महा प्रसाद ग्रहण किया। वही सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश राय को साल ओढ़ाकर सम्मनित किया गया।

रेलवे क्लब ने किया गरबा व डांडिया का भव्य आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। दुर्गा पूजा के अवसर पर रेलवे क्लब दुर्गा पूजा समिति के द्वारा गरबा डांडिया का भव्य आयोजन किया गया। गुजरात से आये कलाकारों के द्वारा गरबा व डांडिया की प्रस्तुति दी गई। रेलवे से भी कई लोग डांडिया में भाग लिए। कार्यक्रम के शुरू होने से पहले सभी कलाकारों, आये अतिथियों व पूजा समिति के पदाधिकारियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंच का संचालन कर रहें टिकट इंस्पेक्टर बीएम पाण्डेय ने सभी कलाकारों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि पूरा पलामू आपके आ जाने से धन्य हुआ। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह ने रेलवे क्लब दुर्गा पूजा समिति एवं सभी सदस्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह तो अभी शुरूआत है। आने वाले दिनों में पलामू में भी गरबा व डांडिया के कलाकार विभिन्न पंडालों में नजर आयेंगें। मौके पर उपस्थित दो नम्बर टाउन के थाना प्रभारी रूद्रानंद सरस ने गुजरात से आये सभी कलाकारों की काफी प्रशंसा की। इस आयोजन के लिए पूजा समिति की बहुत सराहना की। उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने इस आयोजन को काफी उत्साहवर्धन बताया। मौके पर उपस्थित केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष दुर्गा जौहरी ने रेलवे क्लब दुर्गा पूजा समिति के इस प्रयास को काफी सराहा। गुजरात से आये सभी कलाकारों के सम्मान में उन्होंने कहा कि आज हमलोग पलामू में रहते हुए गुजरात के नृत्य का आनंद ले रहे हैं।

पलामू ने पीएम के जन्मदिन पर चालीस हजार पन्द्रह पोस्टकार्ड पर शुभकामनाएं भेजी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चालीस हजार पोस्टकार्ड पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुभकामना संदेश पलामू सांसद विष्णु दयाल राम द्वारा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय को भेजवाया गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मेदिनीनगर स्थित छह मुहान चौक पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन एवं शुभकामना संदेश पोस्ट कार्ड के माध्यम से भेजने हेतू स्टॉल लगवाकर कार्यक्रम का आयोजन किया। विदित है कि मैंने अपने प्रयास से 40015 (चालीस हजार पन्द्रह) पोस्ट कार्ड पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सांसद प्रतिनिधियों, मंडल अध्यक्षों, वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं समाज के वरिष्ठ नागरिकों के माध्यम से लाभार्थियों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से शुभकामना संदेश माननीय प्रधानमंत्री जी को भेजवाया। इस कार्य में सहयोग करने के लिए मैं सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के दीघार्यु एवं यशस्वी होने की कामना करने वाले सभी पलामू संसदीय क्षेत्रवासियों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूँ। इस कार्यक्रम के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री विजयानंद पाठक, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख श्री मनोज सिंह, वरिष्ठ नेता श्री विपिन बिहारी सिंह, श्री राम लव चौरसिया, श्री अविनाश कुमार वर्मा, अमित तिवारी जिला सांसद प्रतिनिधि श्री विजय ओझा, नगर मंडल अध्यक्ष श्री अविनाश कुमार सिन्हा उर्फ छोटू, श्री जय दुबे, श्री राघवेंद्र तिवारी, श्री आनंद सिंह, श्री नरेंद्र सिंह, श्री ईश्वरी पांडेय, श्री अलख दुबे, श्री शिव कुमार मिश्रा, पंकज तिवारी, संजय गुप्ता, कुलबुल दुबे सहित लाभार्थी, विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

नीरज दुबे को पत्नी शोक

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पांडू थाना अन्तर्गत तिसीबार ग्राम निवासी नीरज दुबे की 38 वर्षीया पत्नी ललीता देवी का निधन बुधवार की रात वाराणसी में हो गया। नीरज दुबे वाराणसी में ही प्राइवेट कंपनी में कार्यरत थे। इस बाबत उनके चाचा व भाजपा नेता सीएस दुबे ने बताया कि दाह संस्कार वाराणसी में ही कर दिया गया है। मृत्यु का कारण डेंगू बीमारी बतायी जा रही है। श्री दुबे के अनसुार वह पिछले कई दिनों से बीमार चल रही थी। उसे हेरिटेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां पर डॉ. दिवाकर के नेतृत्व में इलाज चल रहा था। अचानक रात में तबीयत खराब हो गयी। डॉक्टरों ने बचाने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन उसे बचा नहीं सके। मृतका का दाह संस्कार मणिकर्णिका घाट पर कर दिया गया है। नीरज दुबे ने मुखाग्नि दी। मृतका अपने पीछे दो बच्चे को छोड़कर गयी हैं। मौके पर प्रवीण दूबे, कमलेश पाठक, सोना दुबे इत्यादि मौजूद थे।

मुखिया ने क्षेत्र में सुख,समृद्धि के लिए कराया दुर्गा पाठ का आयोजन

मेदिनीनगर। सदर प्रखंड के रजवाडीह पंचायत के मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने नवरात्रि के शुभ अवसर पर पंचायत वासियों की सुख,समृद्धि, आरोग्य और उन्नति के लिए अपने पंचायत में दुर्गा पाठ का आयोजन कराया। दुर्गा पाठ कार्यक्रम मे पंचायत के गणमान्य महिला पुरूष श्रद्धालु मुख्य रूप से उपस्थित थे। सभी ने मनोयोग से अखंड मां दुर्गा पाठ में हिस्सा लिया और अपने गांव वालों के लिये आशिर्वाद मांगा। मौके पर उपस्थित मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पंचायत के सभी लोग जब स्वस्थ, निरोग और सुखी होंगे तभी पंचायत का वास्तविक विकास संभव है । पंचायत के लोगों की सम्पन्ता में ही पंचायत प्रतिनिधि की प्रसन्नता निहित है । इसलिये वह इस नव वर्ष की शुरूआत पर अपने पंचायत के सभी लोगों पर कृपा के लिये आदि शक्ति मां दुर्गा से गुहार लगाकर आशीर्वाद मांगा है। उन्होंने कहा कि माता की कृपा बनी रही तो पंचायत के लोगों में सुख और सम्पन्नता बनी रहेगी। पंचायत में पाठ की समाप्ति पर आयोजित आरती कार्यक्रम में मुखिया परिवार के साथ काफी संख्या में आस पास के ग्रामीण शमिल हुये । उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व होता है। इन नौ दिनों में देवी मां की पूजा से कई तरह के विशिष्ट कार्य पूरे होते है। सनातन धर्म में देवी शक्ति का प्रतीक मानी गई हैं। किसी भी कार्य को करने के लिए शक्ति की आवश्यकता होती है। नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती का पाठ करना विशेष फलदायी होता है। वही नवमी के दिन मुखिया अपने परिवार के साथ क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों का भ्रमण कर मां दुर्गा से क्षेत्र में खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा।

वार्ड पार्षद ने क्षेत्र में रखे गए पूजा पंडाल का भ्रमण किया

मेदिनीनगर। दुर्गा पूजा नवमी के दिन शाहपुर वार्ड नम्बर 33 के वार्ड पार्षद चंचला देवी और समाज सेवी विजय चन्द्रवंशी ने शाहपुर के सभी पूजा पंडाल का भ्रमण किया। इस दौरान पूजा पंडाल के सदस्यों ने समाजसेवी विजय चंद्रवंशी और वार्ड पार्षद चंचला देवी को पगड़ी पहना कर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित वार्ड पार्षद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा भारत का धार्मिक त्योहार है जो हिन्दू धर्म के लोंगों द्वारा बहुत ही खुशी के साथ देश भर में मनाया जाता है। दुर्गा पूजा पूरे नौ दिन तक चलती है। माँ दुर्गा की मूर्ति की पूजा षष्ठि से शुरू करते हैं जो दशमी पर दुर्गा विसर्जन के साथ खत्म होती है। दुर्गा पूजा को दुर्गा का उत्सव या नवरात्रि के नाम से भी जाना जाता है। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

नामजद अभियुक्तों को जिला प्रशासन से फांसी देने की मांग: शत्रुघ्न

मेदिनीनगर। झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर नौगढ़ा के पूर्व डीलर शिवनाथ राम के हत्यारे संजय सिंह व अन्य नामजद अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार कर फांसी की सजा देने,मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी के साथ 50 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से किया है। साथ ही कहा है कि नौगढ़ा ओपी प्रभारी के सामने अभियुक्तों द्वारा दलित की हत्या करवाने में संलिप्त नौगढ़ा ओपी को वहां से शीघ्र हटाने के लिए डीजीपी झारखण्ड व आरक्षी अधीक्षक पलामू को पहल करनी चाहिए।

आवास निर्माण नहीं करने वाले लाभुक, कार्रवाई के लिए रहें तैयार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले की उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज के निदेर्शानुसार गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक मुफ्ती अनवर व प्रशिक्षण समन्वयक अभय कुमार ने पाटन के विभिन्न पंचायतों में पैसे लेकर आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले लाभुकों का डोर टू डोर सर्वे किया। सर्वे के क्रम में कई ऐसे लाभुक पाये गये जो आवास की राशि प्राप्त करने के एक वर्ष के बाद भी आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किये हैं। ऐसे सभी लाभुकों को कड़ी फटकार लगाते हुवे एक सप्ताह के अंदर कार्य प्रारंभ करने का सख्त हिदायत दी गयी। प्रधानमंत्री आवास योजना के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर व प्रशिक्षण समन्वयक ने कहा कि जो लाभुक पैसा लेने के बावजूद अगले सप्ताह में कार्य प्रारंभ नहीं करेंगे उन सभी लाभुकों से 12 प्रतिशत ब्याज के साथ वसूली की जायेगी। वहीं आवास को रद्द भी किया जायेगा। मौके पर प्रखण्ड समन्वयक,पंचायत स्वयं सेवक समेत अन्य उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

वरदान ट्रस्ट ने किया अनोखा कन्या पूजन

मेदिनीनगर। वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा मंगलवार को अनोखा कन्या पूजन का आयोजन स्टेशन परिसर में किया गया। इस संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि संपन्न घर की बच्चियों का कन्यापूजन तो सभी करते हैं पर वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा किया गया कन्या पूजन उन्हें समर्पित है। जिन्हें समाज में महत्व या सम्मान नहीं मिलता। इसी के मद्देनजर इस संस्था ने कचरा चुनने वाली, झोपड़ पट्टी में रहने वाली परिवारों के बच्चियों का ससम्मान में कन्या पूजन किया । सर्वप्रथम टीम के सदस्यों ने सभी बच्चियों के पैर धोए, तिलक लगाया उसके बाद खीर, पूड़ी, चना, हलवा एवं फल का वितरण किया । खीर पूड़ी हलवा संध्या अग्रवाल, सगीता सिंह, संजू आंटी और बेबी विश्वकर्मा ने, नगद मन्नत सिंह बग्गा ने और फल वितरण देवेंद्र कौर एवं विवेक वर्मा के सौजन्य से किया गया। इस कार्य में शर्मिला वर्मा, संध्या अग्रवाल, मन्नत सिंह बग्गा, संजू सिंह, संगीता सिंह, बेबी विश्वकर्मा, सुमन, मुस्कान , सलोनीऔर काजल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

भाव से भक्ति ही मुक्ति का मार्ग है : अविनाश

मेदिनीनगर। दो सालों के कोरोना काल से उपजे ऊबन, इस साल के दुर्गोत्सव में लोगों के उत्साह देखते ही बना। मेदिनीनगर के विभिन्न पूजा पंडालों में माँ दुर्गा के चरणों में नमन किया। कहीं गरबा कहीं डांडिया कहीं भक्ति जागरण की धूम रही। हर युवा युवती माँ दुर्गा के भक्ति में झूमते नजर आया। पूजा पंडाल भी और वर्षो की भांति इस वर्ष भव्य रूप में दिखा। प्रतिमा का आकर्षण भक्तों को आकर्षित इस कदर किया कि जन सैलाब उमड़ पड़ा और शहर का सड़क मानो थम सा गया। माँ दुर्गा से अमन सुख शांति समृद्धि आपसी भाईचारगी प्रेम दया करुणा का कामना किया। पूजा कमिटी व श्रद्धालुओं को संबोधित करते हमने कहा कि कन्या पूजन कलश स्थापना तभी सार्थक होगा जब आपसी कलह दूर होगा। पूजा समिति के तमाम सदस्यों से आग्रह होगा कि जिस भक्तिभाव से माँ दुर्गा के पूजा में अपना बहुमूल्य समय तन मन धन लगाए । उसी तरह बेटियों के सुरक्षा शिक्षा स्वास्थ्य में अपनी महती भूमिका निभाएं। महिला हिंसा शोषण मुक्त समाज बना एक मिशाल पेश करें । ताकि पलामू से अन्य जिला प्रेरणा ले सके। तभी माँ दुर्गा का पूजन की सार्थकता सिद्ध होगी। सैकड़ों साल से माँ दुर्गा के प्रति आस्था रखते पूजते आ रहे हैं पर महिलाओं के जिंदगी में कोई तब्दीली नहीं हुआ। शायद महिलाओं को अपनी स्वयं के हिफाज में खंजर उठाना न पड़े । इससे पहले हम सबों को आगे आना चाहिए।

दुर्गाबाड़ी में किया गया नाटक का मंचन

मेदिनीनगर। शहर के स्थानीय दुगार्बाड़ी में पुराणी परंपरा के तहत नाटक का मंचन किया गया। नाटक मंचन होने के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सैकत चटर्जी द्वारा निर्देशित नाटक वृद्धाश्रम प्रस्तुत किया गया। इस नाटक के माध्यम से बिखरते परिवार और टूटते रिश्तों को सबक दिया गया।अपने बच्चों से माँ-बाप अलग रहकर कैसे तड़पते है । इसका सजीव चित्रण किया गया। नाटक में जहाँ एक ओर दामाद की भूमिका में गौतम घोष व बहु की भूमिका में कनकलता तिर्की लोगों को हंसाया। वहीं दूसरी ओर पिता की भूमिका में सैकत चटर्जी व मां की भूमिका में मुनमुन चक्रवर्ती अपनी मन को छू लेने वाली अदाकारी से लोगों को रुला दिया। अन्य भूमिकाओं में देवेश मोइत्रा, अमर कुमार भांजा, नीतू चटर्जी व मोहमम्द नसीम ने भी सराहनीय अभिनय किया। इस नाटक में सेट संजीव प्रजापति, ड्रेस व मेकअप कामरूप सिन्हा, म्यूजिक राजा सिन्हा का था।आइभी मल्लिक ने महालया पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। मंच संचालन का कार्य सुमित भट्टाचार्य ने किया ।

जय भवानी संघ में कन्यापूजन का आयोजन

मेदिनीनगर। नवमी को शहर के जयभावनी संघ और बाल समाज संघ में कन्या पूजन का आयोजन किया गया। विधायक आलोक चौरसिया,केंद्रीय दुगार्पूजा समिति के दुर्ग जौहरी सहित कई अतिथियों के द्वारा जय भवानी संघ में 9 कन्याओं का पूजन किया गया और सभी कन्याओं को भोजन और दान भी दिया गया। वही बाल समाज संघ के परिसर में भी कन्याओं का पूजन सह दान स्थानीय लोगों के द्वारा किया गया। बताते चले कि अष्टमी के संधि पूजन के बाद नौ कन्याओं को पूजन कर आशिर्बाद लेने का परंपरा किया जाता है। जिसमें छोटी बच्चियों को माता के रूप में सजाया जाता है और पूरे धूमधाम के साथ कन्या पूजन का आयोजन किया जाता है। कन्याओ के साथ भैरो बाबा के रूप के एक बालक भी रहते है। विधायक ने बताया कि ऐसे आयोजन से लोगो मे भक्ति का संचार होता है और सुख समृद्धि आती है । वही उपमहापौर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष कन्या पूजन का आयोजन उनके द्वारा किया जाता है और कन्याओ के पूजन से माता भी प्रसन्न होती है।आयोजन में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष दुर्गा जौहरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

असत्य पर सत्य के विजय का प्रतीक है दशहरा : मुखिया

मेदिनीनगर। दशहरा असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। उक्त बातें पोलपोल कला पंचायत के मुखिया पुष्पा देवी ने कही । वे नवमी तिथि को पोलपोल के शिवबेल में आयोजित श्री राम कथा प्रवचन के दौरान विदाई समारोह में बोल रही थी। उन्होंने समिति के लोगों को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा ने पापियों का संहार कर सभी का उद्धार किया था। मन में बैठे पाप को अंत होने पर ही सही विकास होगा । कहा कि धार्मिक आयोजनों से ही अमन-चैन और क्षेत्र की खुशहाली संभव है । इससे आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बढ़ता है। उन्होंने दशहरा के सभी लोगों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने मुझे जिस उम्मीद उत्साह के साथ एक आदिवासी महिला को मुखिया बनाया है। मैं उनके अरमान को टूटने नही दूंगी।

धूमधाम से माता दुर्गा की विसर्जन यात्रा निकली

हरिहरगंज । शहर मे गत दस दिनो से चल रहे दशहरा समारोह समापन के अवसर पर स्थानीय दुर्गा मंदिर से गुरुवार को धूमधाम से मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा निकाली गयी। नवयुवक सांस्कृतिक समिति के द्वारा निकाली गयी शोभायात्रा में बाजा गाजा, ढोल ताशा के साथ देवी दुर्गा ,काली, लक्ष्मी, सरस्वती तथा भगवान गणेश, कार्तिकेय की प्रतीमा तथा जय माता दी के जयकारा लगाते हजारों लोग शामिल हुए। इस दौरान जगह- जगह गोल लगाकर युवको ने पारम्परिक शस्त्रचालन कला का शानदार प्रदर्शन किया। वही भक्तिगीतों की धुन पर श्रद्धालु थिरकते रहे। शोभायात्रा मेन बाजार, एनएच 98 से अररूआ खूर्द, बेलोदर मोड़, झंडा चौक, महाराजगंज , सतगांवा सहित कई स्थानो का भ्रमण करते हुए बटाने नदी पर पहुंची। जहा जगत कल्याण के कामना के साथ महारानी दुर्गा का अर्चन पूजन तथा मंगल आरती की गयी। बाद में प्रतिमाओं को नदी की जलधारा में विसर्जित कर दिया गया।

न्यूज गैलरी

पूर्व विधायक ने किया भव्य महा भंडारे का शुभारंभ, कहा: भंडारा का आयोजन किया जाना सराहनीय कार्य है

श्री बंशीधर नगर। दशहरा के शुभ अवसर सब्जी बाजार स्थित जय भामाशाह क्लब के तत्वाधान में बुधवार को भव्य महा भंडारे का आयोजन किया गया.भव्य भंडारा का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी,विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता,चेम्बर अध्यक्ष शंभू नाथ सौदागर ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना कर तथा लोगो के बीच प्रसाद वितरण कर किया. इस अवसर पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि जय भामाशाह क्लब की ओर से लगातार भंडारा का आयोजन किया जा रहा है, जो काफी सराहनीय है .उन्होंने कहा कि भंडारा में लोगों को भगवान का प्रसाद ग्रहण करने का मौका मिलता है, जो सुखद है। भंडारा का आयोजन किया जाना सराहनीय कार्य है। महाभंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष बिरेन्द्र अग्रेहरी, कार्यकारी अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू, कोषाध्यक्ष नित्यानंद कुमार, उपाध्यक्ष अजित केशरी, रितेश कुमार,सचिव शिवम् ऋतुराज,संरक्षक भारत भूषण प्रसाद, आनंद जायसवाल ,संजीत कुमार उर्फ छोटू, चंदन गुप्ता, वार्ड पार्षद नीरज कुमार, अमित कुमार गुड्डू,अशीष कुमार गुप्ता, सदस्य अमित कुमार , छन्नूलाल, सूरज गुप्ता, दिनेश जायसवाल, दिनेश गुप्ता,सत्यप्रकाश, चंदन ,राहुल ,गुड्डू,सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

गेरूआ गांव में गला दबाकर महिला की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

मेराल। थाना अंतर्गत गेरुआ गांव निवासी नंदू चौधरी की पत्नी ज्ञानती देवी उम्र 23 वर्ष की गला दबाकर हत्या कर दी गई है। पुलिस मृतक के पति नंदू चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार घटना को लेकर मृतिका ज्ञानती की मां चैनपुर थाना अंतर्गत हरिनामाड़ गांव निवासी विरवा कुंवर द्वारा अपने दामाद नंदू चौधरी सहित चार लोगों के पर गला दबाकर हत्या करने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विरवा कुंवर द्वारा प्राथमिकी के लिए दिए गए आवेदन के अनुसार उसकी बेटी की शादी 2019 में गेरुआ गांव निवासी नंदू चौधरी के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही वह दहेज के लिए ज्ञांति को प्रताड़ित किया करता था। 5 अक्टूबर को 10000 में फोन पे के माध्यम से नंदू को दी भी थी उसके बाद भी मोटरसाइकिल की मांग को लेकर वह मेरी बेटी को प्रताड़ित करता रहा। मोटरसाइकिल नहीं मिलने से नाराज नंदू चौधरी ने अपनी मां बसमतिया कुवर भाई लालजी चौधरी तथा गोतनी मानती देवी के साथ मिलकर मेरी बेटी ज्ञानति का गला दबाकर हत्या कर दिया गया। परिवार वालों द्वारा हम लोगों को घटना की सूचना नहीं दी गई गांव के मुखिया तथा बीडीसी के द्वारा हम लोगों को घटना की सूचना मिली। पुलिस मामले में पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है साथ ही साथी पुलिस मामले की अनुसंधान कर रही है।

मारपीट की घटना में एक व्यक्ति घायल

हरिहरपुर। ओपी क्षेत्र के डुमरसोता गांव में बुधवार को देर साम हुए मारपीट में गांव के ही रविन्द्र मेहता गंभीर रूप से घायल हो गया। रविन्द्र पर कुल्हाड़ी से वार किया गया जिसमें उसकी बाएं हाथ बुरी तरह से जख्मी हो गया। आनन फानन में परिजनों ने इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल गढ़वा ले गए। वहां से लौटने पर गुरुवार को हरिहरपुर ओपी को लिखित आवेदन देकर गांव के ही पिता-पुत्र रविन्द्र चौधरी व रामलाल चौधरी के खिलाफ जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज कराया है। इस संबंध में ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है। जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।कांडी अस्पताल से फिर डॉक्टर गायबबुधवार देर रात डुमरसोता गांव में हुए मारपीट में गंभीर रूप से घायल रविन्द्र मेहता जब इलाज के लिए कांडी अस्पताल पहुंचे तो वहां मौके से डॉक्टर गायब थे। बेहतर इलाज के लिए जब एम्बुलेंस बुलाया गया तो एम्बुलेंस का काफी देर तक गेट नहीं खुला। जिससे स्थानीय लोगों ने हंगामा भी किया। एम्बुलेंस की बदतर स्थिति व डॉक्टर के मौके से फरार रहने के मामले में सामाजिक कार्यकर्ता शशांक शेखर ने सूबे के स्वास्थ्य मंत्री को सोशल मीडिया के माध्यम से जिम्मेवार बताया है।

पतिला गांव में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में शस्त्र पूजन का आयोजन

कांडी। शारदीय नवरात्र में विजय पर्व के मौके पर प्रखंड अंतर्गत पतिला पंचायत के पतिला गांव में विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में शस्त्र पूजन का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान शस्त्र वितरण भी किया गया। शस्त्र पूजन समारोह की अध्यक्षता विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष शशिरंजन दुबे ने की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बजरंग दल के गढ़वा जिला संयोजक विनीत कुमार शरद, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के गढ़वा जिलाध्यक्ष रामलाला दुबे, बजरंग दल के जिलास्तरीय पदाधिकारी पुष्प रंजन, कांडी के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी व कांडी थाना प्रभारी फैज रब्बानी उपस्थित थे। सबसे पहले पुरोहित पंडित अखिलेश पांडेय के द्वारा शस्त्र पूजन कराया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि आज हिन्दुओं को शास्त्र के साथ साथ शस्त्र की भी जरूरत है। शांति स्थापना के लिए शक्ति संतुलन आवश्यक है। इसलिए हरेक हिन्दू के लिए शस्त्र सख्त जरूरी है। कहा कि बजरंग दल एक ऐसी संस्था है जो किसी को छेड़ेगा नहीं। लेकिन अगर किसी ने छेड़ा तो उसे छोड़ेगा भी नहीं। कार्यक्रम के दौरान शुरू से अंततक जय श्री राम का उद्घोष होता रहा। कार्यक्रम के दौरान कांडी प्रखंड अंतर्गत सभी 16 पंचायतों के बजरंग दल संयोजकों को एक एक तलवार, हनुमान चालीसा व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं बजरंग दल के प्रखंड संयोजक को भी श्रीमद्भागवत गीता, कलम व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सभा को भाजपा किसान मोर्चा के गढ़वा जिलाध्यक्ष रामलाला दुबे, बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, थाना प्रभारी फैज रब्बानी, अजय सिंह, सत्येंद्र चौबे, भाजपा के कांडी मंडल अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, पतिला पंचायत के मुखिया अमित कुमार दुबे व कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता विनोद प्रसाद ने भी संबोधित किया। जबकि सभा का संचालन बजरंग दल के प्रखंड संयोजक शशिरंजन दुबे ने की।

खरौंधी प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से प्रतिमा विसर्जन के साथ दशहरा पर्व संपन्न

भक्तों के आंखों से छलके आंसू, महिलाओं ने किया सिंदूर दान

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी(गढ़वा)। प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन के साथ दशहरा शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह के साथ विसर्जन यात्रा निकाली गई। प्रखंड के खरौंधी, राजी, सुंडी, करीवाडीह, चंदनी, सिसरी, अरंगी, कुपा तथा मझिगवां पंचायत में कमेटी द्वारा दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित कर नौ दिनों तक विधिवत पूजा अर्चना किया गया। गुरुवार को प्रखंड के प्रत्येक दुर्गा पूजा समिति द्वारा गाजे बाजे के साथ विसर्जन यात्रा निकाली। मां दुर्गा के प्रतिमा को नजदीकी पंडा नदी तथा डोमनी नदी में ले जाकर विसर्जन किया। प्रखंड में विजयादशमी के दिन मूर्ति विसर्जन

नहीं किया गया था। गुरुवार के दोपहर से ही विभिन्न कमेटियों द्वारा मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम होने लगा। सुबह से ही प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर श्रद्धालु उत्साहित देखे जाने लगे। इसे देखते हुए थाना प्रभारी अभय कुमार द्वारा प्रत्येक मूर्ति विसर्जन में पुलिस प्रशासन को मुस्तैद कर दिया। ताकि मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन में किसी तरह का अप्रिय घटना न घट सके। साथ ही प्रखंड मुख्यालय से इसकी निगरानी के लिए प्रत्येक पंचायत में मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई थी। इसके अलावे स्वयं बीड़ीओ गणेश महतो थाना प्रभारी अभय कुमार मूर्ति विसर्जन के दौरान समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। प्रत्येक पंचायत में मां दुर्गा की जयकारों के साथ देर शाम तक प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया। इस दौरान मूर्ति विसर्जन में मजिस्ट्रेट उमेश कुमार, विनोद पासवान सहीत पुलिस बल तैनात थे।

नवमी के दिन टाउनशिप दुर्गा मंदिर में महाप्रसाद का वितरण

भवनाथपुर। नौ दोनों से चल रहा नवरात्र का त्यौहार प्रखंड के विभिन्न जगहों पर शांतिपूर्ण तरीके से प्रतिमा विसर्जन के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मंगलवार को नवमी पूजन एवं हवन के साथ संपन्न हुआ। जबकि बुधवार को मूर्ति विसर्जन के साथ विजयदशमी का पर्व मनाया गया । कुछ मूर्ति का विसर्जन गुरुवार को किया गया। नवमी के दिन टाउनशिप दुर्गा मंदिर में महाप्रसाद का वितरण किया गया। सेल महाप्रबंधक मनोज कुमार, केतार वीडिओ मुकेश मछुआ एवं थाना प्रभारी सतीश महतो ने संयुक्त रुप से भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया। वही रेलवे साइडिंग, सीडी दुर्गा मंदिर, भवनाथपुर दुर्गा मंदिर, जय मां भवानी क्लब ब्लॉक गेट सहित कई जगहों पर महाप्रसाद का वितरण किया गया 'प्रखंड के टाउनशिप दुर्गा मंदिर, सीडी दुर्गा मंदिर,रेलवे साइडिंग, सिंदुरिया पुनर्वास घाघरा, झुमरी, अरसली दुर्गा मंदिर, बनखेता दुर्गा मंदिर, सिंघीतली दुर्गा मंदिर, जय मां भवानी क्लब बुका सहित कई पूजा समिति कि ओर से गाजे -बाजे के साथ माँ दुर्गे कि प्रतिमा को स्थानीय सेल डेम में विसर्जित किया गया। महाअष्टमी, नवमीओ और दसवीं के दिन सभी चौक -चौराहो सहित मुख्य मार्गो पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जय मां भवानी क्लब के अध्यक्ष पंकज विहारी, सुरेश राउत, अनिल राउत, त्रिपुरारी राउत, अजित यादव, रवि रंजन यादव, अमृत यादव, आलोक राउत, विक्की कुमार, सोनू कुमार, सहित कई लोग उपस्थित थे।

नम आंखों से मां दुर्गा को दी गयी विदाई

नवीन मेल संवाददाता

बिशुनपुरा/गढ़वा। दुर्गा पूजा के साथ ही शारदीय नवरात्र का समापन हो गया है. नौ दिनों तक भक्तों ने मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना बड़े ही विधि-विधान से की. बुधवार को पूरे थाना क्षेत्र में जगह-जगह पूजा-हवन के बाद मां दुर्गा के मूर्ति विसर्जन का आयोजन किया जा रहा है. इस दौरान मूर्ति विसर्जन से पहले महिलाओं ने मां दुर्गा का श्रृंगार कर उनकी विदाई की तैयारी कीवहीं, मां दुर्गा की विदाई की दौरान भक्तों के आंसू छलक आए। विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की विदाई.विशुनपुरा मुख्यालय के नई बाजार जय भवानी संघ ने अपनी 42 वर्षो की परंपरा को निभाते हुए दशमी तिथि को ही विधि विधान के साथ मां दुर्गा की विदाई की। मां दुर्गा की विदाई की दौरान भक्तों के आंसू छलक आए और लोगों ने मां दुर्गा को क्षमा याचना के साथ भावभीनी विदाई दी। इस दौरान सुहागिन महिलाएं मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर अपने सुहाग की लंबी आयु की कामना की।

महिलाओं ने सिंदूर चढ़ाकर रस्मों को पूरा किया

विसर्जन से पहले शहर के पूजा पंडाल और दुर्गा मंडप में महिलाओं ने माता की प्रतिमा पर सिंदूर चढ़ाकर रस्मों को पूरा किया। विवाहित महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर विजयदशमी की शुभकामनाएं दी और मां दुर्गा की विदाई दी।न्यू यंग मैन ग्रुप पुरानी बाजार दुर्गा पूजा समिति ने अपनी पुरानी परंपरा जो कंधे के सहारे मां दुर्गा का विसर्जन होता था उस परंपरा को पुनः चालू किया जिसमे माता बहनों ने विसर्जन की शोभायात्रा में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विष्णु मंदिर परिसर जीवन ज्योति क्लब द्वारा मूर्ति विसर्जन शोभा यात्रा से पूर्व पारंपरिक रूप से सम्मान समारोह का आयोजन कर सभी सदस्यों को सम्मनित किया गया। जीवन ज्योति क्लब पूरे थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा विसर्जन जुलूस पहला स्थान रखता है।वहीं गांधी क्लब ने दुर्गा पूजा के साथ-साथ देर शाम रावण दहन का आयोजन भी किया व लाल चौक पूजा समिति द्वारा नाट्य कला का मंचन किया। यही नहीं मां दुर्गा के प्रतिमा को सभी पूजा समिति द्वारा शहर से लेकर गांव के अलग-अलग हिस्सों में घुमाए जाने के बाद विसर्जित किया गया। थाना प्रभारी बुधराम सामद की अगुवाई में थाना क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों ने शांतिपूर्ण ढंग से पूजा सम्पन्न हुई।

मारपीट की घटना में महिला समेत तीन अन्य गंभीर रूप से हुए घायल

नवीन मेल संवाददाता

कांडी। थाना क्षेत्र अंतर्गत चटनिया पंचायत के घोड़दाग गांव निवासी मुन्ना राम कि 27 वर्षीया पत्नी कविता देवी व ससुर मुनेश्वर राम सहित तीन अन्य मारपीट की एक घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। कविता देवी ने थाना को एक लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में लिखा है कि बीते बुधवार की रात्रि तकरीबन 8 बजे गांव के ही वृजमोहन राम के पुत्र कैलाश राम आया और बुरी नियत से छेड़छाड़ करने लगा। विरोध व हल्ला करने पर घर में चचेरा ससुर मुनेश्वर राम, देवर गोतम राम व सोनू राम के अलावे घर के आसपास के लगभग 20-25 लोग जामा हो गए। वहीं कैलाश राम के भाई प्रमोद राम, रामप्रसाद राम के पुत्र राजेन्द्र राम, श्रवण राम व स्वर्गीय महेशा राम के पुत्र रामप्रसाद राम भी जमा हो गए। उक्त सभी लोग कैलाश राम का बचाव करने लगे। बोलने लगे कि इस बात को मत बढ़ाओ, इज्जत कि बात है। इसी बीच वाद-विवाद बढ़ता देख राजेन्द्र राम दौड़ कर घर से कुल्हाड़ी निकाल कर हत्या करने की नियत से मेरे ससुर मुनेश्वर राम के सिर पर वार किया, जिससे उनका सिर फट गया और खुन बहने लगा। वहीं प्रमोद राम दौड़ कर घर से चाकू लाकर मेरे गर्दन पर प्रहार किया। मेरे देवर गौतम राम व सोनू राम को रामप्रसाद राम व श्रवण राम ने लात-घूसा से पेट व पीट पर मारे। उक्त सभी अभियुक्तगण एक जुट होकर टूट पड़े। मेरी सास मीना देवी को भी मारपीट की गई, जिससे उन्हें अन्दुरुनी चोटें आई हैं। साथ ही कैलाश राम ने 13500 रुपए का मोबाइल व गाड़ी की चाबी भी छीन लिए।थाना को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है।

बस और बाइक की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल

भवनाथपुर। भवनाथपुर-केतार मार्ग के मुस्कनिया पहाड़ के पास गुरुवार की दोंपहर बस और बाइक की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टर अभिनित विश्वास के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद गढ़वा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार चपरी निवासी खदेरन बैठा के 35 वर्षीय पुत्र रमेश बैठा बाइक पर सवार होकर भवनाथपुर से चपरी जा रहा था। इसी बीच मुस्कनिया पहाड़ के पास केतार से डाल्टेनगंज जा रहे संजीव बस एवं बाइक में सीधी टक्कर हो गई हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया' दुर्घटना के बाद आसपास ग्रामीणों की भीड़ जुट गई एवं उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर ने गंभीर हालत देख सदर अस्पताल में रेफर कर दिया।

केतार बाजार में मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन, रहीस ठाकुर बना विजेता

नवीन मेल संवाददाता

केतार। केतार बाजार के प्रांगण में गुरुवार को दुर्गा पूजा विसर्जन के पूर्व घाडा.फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम की शुरूआत मां दुर्गा की पूजा अर्चना के पश्चात मुखिया प्रमोद कुमार, समाजसेवी रामविचार साहू,विधायक प्रतिनिधि हेमन्त कुमार पाठक ने सयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस घाडा. फोड़ प्रतियोगिता में 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमे लॉटरी के द्वारा सर्वप्रथम रहीस ठाकुर को खेल खेलने का मौका मिला । खेल कमिटी के गौतम कुमार पाल ने आँख में पट्टी बांधकर रहीस ठाकुर हरी झंडी दी। रहीस ठाकुर ने पहली पारी में ही निशाना लगाकर घडा को डंटे से मारकर फोड़ दिया उन्हें विजयी घोषित किया गया। विजेता रहीस ठाकुर को मुखिया प्रमोद कुमार ने एक हजार एक सौ रुपए नगद एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि पहली बार केतार

बाजार में युवाओं का उत्सवर्धन को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया है ऐसे कार्यक्रम का आयोजन होने से पंचायत के होनहार युवा निखरते है।घाडा. फोड़ कार्यक्रम के पश्चात केतार के व्यवसायीं ,प्रशाशन, वरिष्ठ ग्रामीण सहित अन्य लोगो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके दिलीप जयसवाल,मनोज मेहता, अमर नाथ जायसवाल, रामनारायन पासवान,जोखू राम,प्रवेश पाल, अशोक प्रसाद, विनोद प्रसाद, पंकज कुमार संजय ठाकुर, राजू पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले का 12 घंटे के अंदर उद्भेदन

चार आरोपी गिरफ्तार, मुख्य साजिशकर्ता अब भी फरार

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा से मेराल आने के क्रम में टेंपू सवार युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले का 12 घंटे के अंदर उद्भेदन करते हुए मेराल पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। मेराल थाना में प्रेस वार्ता के दौरान घटना की जानकारी देते हुए एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने बताया कि जेल भेजे गए अपराधियों में हमलावर चिंटू मिश्रा उर्फ सियाराम मिश्रा पिता विजय मिश्रा गढ़वा थाना क्षेत्र के ग्राम दुबे मरहटिया, असीम अंसारी पिता गुलजार, शकील अंसारी पिता अलाउद्दीन अंसारी दोनों ग्राम छतरपुर तथा मुकेश कुमार पिता विजय साह टंडवा गढ़वा का रहने वाला है। घटना के मुख्य साजिशकर्ता गढ़वा के झलुआ

निवासी खैरउल्लाह अंसारी अभी पुलिस के गिरफ्त से बाहर है लेकिन उसे भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अमानतुल्लाह तथा खैरुल्लाह आपस में अच्छे दोस्त थे तथा दोनो का एक दूसरे के यहां आना जाना होता था। इसी दौरान खैरुल्लाह की दोस्ती अमानतुल्लाह की पत्नी खुशबून के साथ हो गई तथा दोस्ती प्रेम प्रसंग में बदल गया। प्रेम प्रसंग आगे बढ़ने के बाद खैरुल्लाह ने खुशबून के पतिअमानुल्लाह अंसारी की हत्या करा कर रास्ते से हटाने का योजना बनाया। घटना को अंजाम देने के लिए खैरुल्लाह ने असीम अंसारी तथा मुकेश कुमार से संपर्क कर 80000 मे मामला तय किया। पैसा तय होने के बाद असीम अंसारी मुकेश कुमार तथा शकील ने, अमानुल्लाह की हत्या के लिए चिंटू उर्फ सियाराम मिश्रा को 80000 पर तैयार कराया। मामला तय होने के बाद घटना को अंजाम देने के लिए अपराधियों ने गढ़वा बाजार समिति से फोल्डेड चाकू खरीद कर चिंटू को उपलब्ध कराया। अपराधियों को अमानतुल्ला अंसारी के अंबिकापुर से मेराल लौटने की पूरी जानकारी थी ।गढ़वा से मेराल आने के लिए वह जिस टेंपो पर बैठा उसी पर अपराधी चिंटू मिश्रा को भी बैठा दिया गया। घटना के अंजाम देने के बाद चिंटू को लेकर भागने के लिए साजिशकर्ता दो मोटरसाइकिल से पीछे से आ रहे थे लेकिन हत्या का असफल प्रयास कर भागने के क्रम में चिंटू पकड़ा गया। घटना में शामिल छह अपराधियों को पकड़ने के लिए एसपी अश्विनी कुमार झा ने डीएसपी अवध कुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम गठित की जिसमें पुलिस इंस्पेक्टर के के साहू, थाना प्रभारी नीतीश कुमार, एसआई अजीत कुमार एवं संजय कुमार कुशवाहा, एएसआई सुरजीत चौधरी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त दो चाकू, दो मोटरसाइकिल तथा चार मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

डंडई प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मना दुर्गा पूजा, लोगों ने सुख-समृद्धि की कामना की

नाटक मंचन कर कलाकारों ने ग्रामीणों का खूब किया मनोरंजन

नवीन मेल संवाददाता

डंडई। प्रखंड क्षेत्रों में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ बुधवार को दुर्गा पूजा मनाया गया। उक्त अवसर पर कहीं नाटक मंचन तो कहीं रामायण वह महाभारत का सीरियल दिखा स्थानीय ग्रामीणों को मनोरंजन दिया गया । वही एक से बढ़कर एक मां दुर्गे की प्रतिमा को बनाने का भी काम किया गया । इतना ही नहीं कई जगहों पर मां दुर्गे के लिए अकर्षक व भव्य पंडाल का भी निर्माण कराया गया । एकम से लेकर नवरात्र तक अलग-अलग रूप में हुई मां दुर्गे की पूजा अर्चना के बाद प्रखंड के हर गाँव मे बुधवार को दशहरा मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।प्रखंड मुख्यालय के डंडाई गांव में हुवे उक्त आयोजन का नजारा कुछ अलग-अलग रूपों में देखा गया । एक तो पूजा कमेटी की ओर से नवमी और दशमी के दिन महा भंडारा का आयोजन किया गया। दूसरे में रावण वध कार्यक्रम के अलावा दिन

में रामलीला कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया ।महा भंडारा का शुभारंभ भक्तों के बीच प्रसाद वितरण कर मुखिया धनवंती देवी ने अपने पंचायत में जहां उसकी शुरूआत की वही अंबेडकर चौक परिसर में हुवे रावण वध कार्यक्रम में भाग लेकर उन्होंने स्थानीय कलाकारों का शोभा भी बढ़ाया । उसके बाद सभी लोगों ने देवी धामा स्थल पर पहुंच गांव के प्रसिद्ध दिहवार बाबा और हरिहर मंदिर में माथा टेक सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया । साथ उक्त स्थल पर कतार वध खड़े होकर लोगों के द्वारा एक दूसरे को चरण स्पर्श करते हुवे दशहरे की शुभकामनाएं दी गई । इससे पहले विजयादशमी के दिन में विजेता क्लब की ओर से रामलीला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला व पुरुषों ने भाग लेकर उसका आनंद उठाया। मुखिया ने नाटक मंचन कार्यक्रम में भाग लिए कलाकारों के साथ साथ पूजा कमेटी के पदाधिकारियों के क्रियाकलापों की भी उन्होंने सराहना किया।

नवयुवक क्लब ने किया रावण का पुतला दहन

श्री बंशीधर नगर। असत्य पर सत्य और अहंकार पर उजाले के विजय का प्रतीक विजयादशमी दशहरा का पर्व बुधवार को उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विजयादशमी के अवसर पर चेचरिया स्थित राजकीय कृत अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय के मैदान में नवयुवक क्लब के तत्वावधान में रावण, उसके पुत्र मेघनाथ व भाई कुंभकर्ण का पुतला दहन किया गया. पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने अहंकारी रावण के पुतले का दहन धनुष से अग्निबाण चला कर किया। पुतलों में बाण लगते ही रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतले आतिशबाजी के धूम-धड़ाके के साथ धू-धू कर जलने लगे। पूरा मैदान जय श्री राम, जय हनुमान के जयघोष से गूंज उठा। आतिशबाजी और पटाखों की तेज आवाज के साथ रावण के पुतलों का दहन किया गया। पुलिस प्रशासन की भी पूरी तरह मुस्तैद थी .इसके पूर्व नव युवक क्लब के सदस्यों द्वारा सभी उपस्थित मुख्य अतिथियों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया. इस अवसर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि पवित्रता की पहचान संकल्प से होती है,हम सभी को संकल्प लेने की जरूरत है। मौके पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवीझामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, झामुमो नेत्री किरण देवी,नेहा कुमारी, रामप्रसाद कमलापुरी, शिव साव, रवि प्रकाश, अनूप निराला, नंदलाल प्रसाद, मुमताज राही, राहुल जायसवाल उर्फ मिक्की, मंटू जायसवाल, नवयुवक क्लब के अध्यक्ष अजय प्रसाद,उमाशंकर प्रसाद, रणधीर कुमार,अरुण कुमार,विनय कुमार,कमलेश मेहता,अनूप विश्वकर्मा, अमर जायसवाल,लाला पासवान, शुभम कुमार, अंकुल कुमार, गोलू ठाकुर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

शांति व सद्भावना के साथ माता के प्रतिमाओं का हुआ विर्सजन, हर्सोल्लाष के साथ दुर्गा पूजा संपन्न

चतरा/पत्थलगड़ा/मयूरहंड/कुंदा। देवी आराधना का पर्व नवरात्र एवं अधर्म पर धर्म के विजय का प्रतीक दशहरा माता दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। जिला मुख्यालय सहित विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों के पूजा पंडालों व देवी मंडपों में बुधवार को मां दुर्गा के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इसके उपरांत जिला मुख्यालय के अलावे प्रखंडों में बुधवार देर शाम माता के जयकारे के साथ विसर्जन जुलूस निकालकर नदी, घाटों व जलाशयों में मां दुर्गा के साथ अन्य देवी देवताओं के प्रतिमाओं का विसर्जन देर शाम को किया गया। भक्तों ने बोझिल आखों से मां को विदाई दी। जगत जननी मां दुर्गा तेरी कृपा बनी रहे, तेरे चरणो की सेवा करने का सौभाग्य मिलता रहे, मुझे इसके अलावे कुछ ओर नही चाहिए... मानो माता का हर सच्चा भक्त मां भवानी से र्सिफ इतना ही चाह रहा था। वहीं पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रसाशन की ओर से व्यापक प्रबंध किए गए थे। सभी पूजा पंडालो में सुरक्षाकर्मी व अलग से दंडाधिकारी की तैनाती की गई थी। संबधित प्रखंडों के बीडीओ व थानेदारों के द्वारा पूजा पंडालों व मेला का निरीक्षण किया गया।

पलामू टाइगर रिजर्व मंडल से रेस्क्यू किए गए हाथी के नवजात बच्चे की मौत

गारू। पलामू टाइगर रिजर्व से एक बुरी खबर है। मंडल में कोयल नदी से रेस्क्यू किए गए हाथी के नवजात बच्चे की बुधवार की रात मौत हो गई। नवजात को वायरल बुखार हो गया था। मौत को लेकर वन्यजीव प्रेमी दुखी हैं। विदित हो कि झुंड से बिछड़े हाथी के इस नवजात शिशु को बीते 10 सितम्बर को पलामू टाइगर रिजर्व के मंडल में कोयल नदी से बरामद किया गया था और बेतला नेशनल पार्क में रखकर इसकी देखभाल की जा रही थी। पलामू टाइगर रिजर्व : मंडल से रेस्क्यू किए गए हाथी के नवजात बच्चे की मौत जानकारी के अनुसार कोयल नदी में बहने के दौरान हाथी के इस बच्चे को काफी चोटें लगी थी। चिकित्सकों के द्वारा उनका इलाज किया जा रहा था। हाथी के बच्चे को प्रतिदिन दूध और केला दिया जाता थाकोयल नदी में गिरे हाथी के बच्चे को किया गया रेस्क्यूबेतला के रेंजर शंकर पासवान ने बताया कि हाथी के बच्चे को बुधवार की दोपहर वायरल फीवर हुआ और इलाज के क्रम में उसने शाम में 7-8 बजे दम तोड़ दिया। पलामू टाइगर रिजर्व मंडल से रेस्क्यू किए गए हाथी के नवजात बच्चे की मौत दूसरी ओर वन विभाग की कई टीमों ने लगातार टाइगर रिजर्व के कई क्षेत्रों में इस बच्चे के झुंड को खोजने की कोशिश की परंतु यह कोशिश कामयाब नहीं हो सकी और अंततः हाथी के बच्चे ने दम तोड़ दिया। वन्यजीव प्रेमी गोविन्द पाठक ने बताया कि हाथी के नवजाट बच्चे की मौत की खबर अत्यंत दुखी करने वाली है। हम सभी उसे पाकर काफी उत्साहित थे।

अलगडीहा से फरार अभियुक्त गिरफ्तार कर भेजा जेल

मयूरहंड(चतरा)। मयूरहंड थाना क्षेत्र अंतर्गत अलकडीहा से पुलिस ने गुप्त सूचना के अधार पर अवैध शराब निर्माण के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय अलकडीहा से 23 अगस्त को अवैध अंग्रेजी शराब मिनी फैक्टरी का उदभेदन करते हुए पुलिस ने 81 पेटी विभिन्न ब्रांड के अंग्रेजी शराब बरामद किया था। जिसमें थाना कांड 55/22 में हरे राम सिंह (बिहार), दीलिप सिंह खैरा, बिरेंद्र सिंह अलकडीहा, सुर्यदेव सिंह बांसडीह केा नमाजद अभियुक्त बनाया गया था, तब से सभी अभियुक्त फरार चल रहे थे। वहीं गुप्त सूचना के आधार पर अलकडीहा अपने गांव पहुंचे बिरेंद्र सिहं को थाना प्रभारी रामवृक्ष राम ने टीम गठित कर गिरफ्तार कर न्यायलय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए छापामारी की जा रही है।

40 लीटर देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

प्रतापपुर (चतरा)। प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बसबुटा गांव निवासी सत्येंद्र यादव के पुत्र अरुण कुमार (25वर्ष) को पुलिस ने 40 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया कि युवक की गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर करते हुए युवक के विरुद्ध कांड संख्या 126/22 में मामला दर्ज करने के उपरांत न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया।

आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारह्व कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु उपायुक्त श्री भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिले के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन 12 अक्टूबर से जिले के सभी पंचायतों में आयोजित किया जाना है। आगे उन्होंने कहा कि पहला चरण 12 से 22 अक्टूबर एवं 1 नवंबर से 14 नवंबर तक जिले अंतर्गत सभी प्रखंड एवं पंचायतों में आयोजित किया जाएगा। राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों को

राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

लातेहार में होगा एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव

लातेहार। विजयदशमी के दिन रेलवे ने लातेहार वासियों को तोहफा दिया है। लातेहार में कोरोना काल से बंद एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को फिर से बहाल किया गया है। रेलवे बोर्ड ने इस सम्बन्ध में मंगलवार को आदेश जारी कर दिया है। अब लातेहार में 12873/12874 हटिया-आनंद विहार स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस, 13025/13026 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस, 18311/18312 सम्बलपुर-मंडुआडीह एक्सप्रेस और 18635/18636 रांची-सासाराम एक्सप्रेस ट्रेन को ठहराव होगा। हालांकि इस सम्बन्ध में तिथि की घोषणा नहीं की गई है। आदेश में शीघ्र सुविधानुसार तिथि की बात कही गई है। वहीँ बरवाडीह में 13347/13348 बरकाकाना-पटना पलामू एक्सप्रेस तथा 18635/18636 रांची-सासाराम एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की घोषणा की गई है ।रेलवे की इस घोषणा के बाद से जिले वासियों में उत्साह का माहौल है।

नम आंखों से मां दूर्गा की प्रतिमा का किया गया विसर्जन

नवीन मेल संवाददाता

महुआडांड। असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक नवरात्र व विजयदशमी का त्योहार महुआडांड प्रखण्ड में गुरूवार को भगवती प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गई। हिन्दू समुदाय के द्वारा शंखनाद के साथ पूरे आस्था और भक्तिमय वातावरण में मां दुर्गा की विदाई की गई। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लातेहार पुलिस अधीक्षक एवं महुआडांड एसडीपीओ के निदेर्शानुसार महुआडांड थाना प्रभारी आशुतोष यादव के नेतृत्व में चौक चौराहों में पुलिस बलों तैनाती थी। इससे पूर्व विजयदशमी के अवसर पर बुधबार को महुआडांड़ हिन्दू महासभा की ओर से महुआडांड़ बस स्टैंड पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला जज राम बाबु गुप्ता, महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन,

एसडीपीओ राजेश कुजूर, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान, व्यवहार न्यायालय लातेहार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजमणी प्रसाद, हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल एवं पूर्व प्रखण्ड प्रमुख जॉन वाल्टर के द्वारा संयुक्त रूप से राकेट दाग कर बुराई के प्रतीक रावण का पुतला दहन किया। रावण दहन मे हजारो की भारी संख्या मे हिंदू समुदाय के लोग मौजूद थे । वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव के नेतृत्व मे पुलिसकर्मी पुरी तरह से मुस्तैद थें। महुआडांड हिन्दू महासभा ने प्रशासन को दी बधाई।

विजयादशमी पर रावण का हुआ पुतला दहन

नवीन मेल संवाददाता

चतरा/इटखोरी/पत्थलगडा। जिला मुख्यालय के अलावे इटखोरी, टंडवा, पत्थलगड़ा आदि प्रखंड़ों में बुधवार देर शाम असत्य पर सत्य के विजय का प्रतीक दशहरा पर्व पर रावण का पुतला दहन किया गया। रावन दहन कार्यक्रम देखने भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। पूजा समितियों द्वारा इस अवसर पर 40 से 81 फिट के पुतले बनाये गये थे। पटाखों से लैस पुतलों में आग लगते ही आतिशबाजी से पूरा क्षेत्र गुंज उठा। इटखोरी के परोका में व पत्थलगडा प्रखंड मुख्यालय में दुर्गा पूजा समिति द्वारा रावण के पुतले का निर्माण कराया गया था। इटखोरी प्रखंड के परोका में पूजा के आयोजन के साथ 1993 से लगातार दशमी के मौके पर असत्य पर सत्य के विजय के रुप में रावन के पुतले का दहन किया जा रहा है। प्रारंभ में रावन का पुतला 40 फिट के करीब हुआ करता था। जो धिरे-धिरे बढता गया। इस वर्ष 71 फिट के पुतले का दहन मुख्य अतिथि डीएसपी केदार नाथ राम एवं बीडीओ अन्वेषा ओना ने संयुक्त रुप से रॉकेट जलाकर रावण का दहन की सुरुआत की। इसी के साथ रावण के नाभी में रॉकेट लगते ही धूं-धूं कर रावण का पुतला जलने लगा। इस अवसर पर आयोजित मेले में भारी संख्या में परोका के अलावे आस-पास के लोग पहुंचे। वहीं पूजा समिति के सचिव विनय कुमार सिन्हा, संरक्षक बसंत नारायण सिंह, अध्यक्ष अभिमन्यु राणा, उपाध्यक्ष अरुण पासवान, रंजीत सिंह, कोषाध्यक्ष रणधीर सिंह, पूजा प्रभारी सुनील कुमार राणा आदि ने कलश स्थापना से लेकर विजय दशमी में पहुंचने वाले दर्शकों एवं अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया है।

नावाडीह बजार टांड़ में रावन दहन कार्यक्रम आयोजित

पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित फुटबॉल मैदन व नावाडीह बजार टांड़ में रावन दहन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान दोनो स्थानो पर भव्य मेले का आयोजन हुआ। जिसमें हजारी की भीडऋ उमड़ी। जबकी विधि व्यवस्था को लेकर एसडीपीओ अशोक कुमार, बीडीओ मोनी कुमारी, थाना प्रभारी बमबम कुमार, एसआई सुनील कुमार सिंह, एसआई अंकीत कुमार झा, एएसआई दिलीप यादव आदि लेगे रहे। बीडीओ व थाना प्रभारी के उपस्थित में पत्थलगड़ा खेल मैदान में रावण दहन किया गया। इसके अलावे अन्य क्षेत्रों में भी मेला के साथ रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वन विभाग की टीम ने अजगर को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

गारू। प्रखंड अंतर्गत बारेसांढ़ के टोला तेनटांड में वन विभाग टीम ने अजगर को ले जाकर जंगल में छोड़ दिया। गुरूवार को बारेसांढ़ के टोला तेनटांड में सोमारू राम ग्राम बारेसांढ़ के टोला तेनटांड में घर एक इंडियन पाइथन घुस आया था। इसकी सूचना दूरभाष पर वनपाल श्री परमजीत तिवारी को ग्रमीणों ने दिया। श्री तिवारी ने तुरंत क्यूआरटी के त्वरित दाल ने विरेन्दर खलखो, मुखराज यादव, अनिल मुंडा ट्रैकर सोमारू राम को मौके पर भेजे कर ग्रामीणों की मदद से अजगर को पकड़वाया गया। तत्पश्चात अजगर को जंगल मे सुरक्षित छोड़ा गया।

कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी चतरा

Lumpy Skin Diseases (LSD) (गाँठदार त्वचा रोग)

1. यह एक विशाणुजनित छुआछुत की बीमारी है।
2. LSD मुख्यतः गौ जाति एवं भैंस जाति को संक्रमित करने वाला विशाणुजनित रोग है।
3. यह रोग मुख्य रूप से संक्रमित मक्खियों, मच्छरों एवं चमोकन के काटने से होता है।
4. बीमार पशु के नाक, मुख के श्राव एवं घावों से भी इस बीमारी का प्रसार होता है।
5. बीमार दुधारू गाय/भैंस के थन में घाव हो जाने के कारण दुध पीने वाले बाछा/बाछियों में यह बीमारी फैल जाती है।
6. गाभिन गाय/भैंस यदि इस रोग से संक्रमित हो गई है, तो उससे जन्म लेने वाले बाछा/बाछियों में भी यह बीमारी जन्म से आ जाती है।
7. संक्रमित साँढ़/भैंस से पाल दिलाने पर अथवा संक्रमित सीमेन द्वारा AI कराने पर भी यह रोग गाय/भैंस में फैल सकता है।

संक्रमित पशुओं में बीमारी के लक्षण

1. आरम्भ में पशुओं के संक्रमित होने पर आँख एवं नाक से श्राव शुरू होता है।
2. तेज बुखार।
3. दुग्ध उत्पादन में गिरावट।
4. संक्रमित पशुओं के चमडी पर गाँठदार घाव उभर जाते है।
5. लगभग पूरे शरीर के त्वचा पर 10–50mm तक के गोलाकार गाँठ का उभरना जो कुछ समय पश्चात् खोंटिदार घाव में परिवर्तित हो जाता है।
6. कभी–कभी संक्रमित पशुओं में निमोनिया के लक्षण भी पाये जाते हैं।
7. आमतौर पर मादा पशुओं में थनैला हो जाना आम बात है।
8. इस बीमारी के मृत्यु दर लगभग 10 प्रतिशत तक है।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
चतरा

PR 279259 (Animal Husbandry)22-23*D

बहन की शादी में आये पुलिस जवान की मौत से मातम में तब्दील हुआ माहौल

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। थाना क्षेत्र के छेंचा पंचायत के सिंधोरवा ग्राम में गुरुवार की सुबह अपनी बहन की शादी में पहुंचे पुलिस के जवान दनियाल गुड़िया की करंट लगने से मौत होने से शादी का माहौल मातम में तब्दील हो गया। करंट लगने से मृतक पुलिस के जवान दनियाल गुड़िया का शव को पुलिस अपने में कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार झामुमो विधायक सीता सोरेन के हाउस गार्ड के पद में कार्यरत बरवाडीह के जिला पुलिस के जवान दनियाल गुड़िया 3 दिनों पूर्व अपनी बहन की शादी में सिंधोरवा आया हुआ था। गुरुवार की सुबह वह अपनी बहन की शादी के लिए लोहरदगा जिले के कुडू सवारी वाहन के छत में सवार होकर बरात जा रहा था इसी बीच घर के समीप ही ऊपर से गुजर रहे 11000 विद्युत तार के चपेट में आकर वह बेहोश होकर सवारी वाहन से नीचे

गिर गया। आनन-फानन में उसके परिजनों ने उसे बरवाडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर बरवाडी थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मृतक के परिजनों से आवश्यक पूछताछ किया वही आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया है। जवान की मौत वहीं पुलिस के जवान की मौत से उसके घर के शादी का माहौल मातम में तब्दील हो गया।

सर्प दंश से नाबालिक की मौत, अस्पताल पर समुचित इलाज नही करने का आरोप

कुंदा(चतरा)। कुंदा थाना क्षेत्र के बौधाडीह पंचायत अंतर्गत नावाडीह गांव निवासी आठ वर्षीय सुरेन्द्र कुमार पिता कामदेव भारती की मौत गुरूवार को विशैले सांप के काटने से हो गई। परिजनों ने बालक को बेहोसी के हालत में प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इल्लाज के लिए भर्ति किया था, लेकिन इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। वहीं मृतक के परिजनों ने बताया की बालक घर में ही था की बिसैले सांप ने काट लिया। साथ ही परिजनों ने आरोप लगाया है कि इलाज के लिए गुहार लगाते रहे लेकिन स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टर द्वारा इलाज के लिए समुचित व्यवस्था नही किया गया। जिसके कारण बालक की मौत हो गई। वहीं अस्तपाल कर्मी नागेशर का कहना है की बिसैले सांप के काटने से बालक की मौत इलाज के पहले हो गई थी।

उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (विकास–शाखा)

DMFT अन्तर्गत संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु साक्षात्कार (Interview) से संबंधित सूचना

लोहरदगा जिलान्तर्गत इस कार्यालय का ज्ञापांक 608 दिनांक 14.09.2022 एवं ज्ञापांक 609 दिनांक 14.09.2022 द्वारा DMFT अंतर्गत Computer Trainer, गणित शिक्षक–सह–परामर्शी, भौतिकी शिक्षक–सह–परामर्शी, रसायन शास्त्र शिक्षक–सह–परामर्शी एवं जीव विज्ञान शिक्षक–सह–परामर्शी को संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था।

Computer Trainer, गणित शिक्षक–सह–परामर्शी, भौतिकी शिक्षक–सह–परामर्शी, रसायन शास्त्र शिक्षक–सह–परामर्शी एवं जीव विज्ञान शिक्षक–सह–परामर्शी पद के आवेदन पत्र समर्पित करने वाले अभ्यर्थियों का दिनांक 10.10.2022 (दिन सोमवार) को साक्षात्कार (Interview) का आयोजन किया गया है। साक्षात्कार (Interview) का समय–सारणी निम्नवत् हैं :–

क0	पद का नाम	साक्षात्कार तिथि	समय	साक्षात्कार स्थल
1	Computer Trainer, गणित शिक्षक–सह–परामर्शी, भौतिकी शिक्षक–सह–परामर्शी, रसायन शास्त्र शिक्षक–सह–परामर्शी एवं जीव विज्ञान शिक्षक–सह–परामर्शी सहायक	10.10.2022	11.30 Am – 05.00 PM	जिला परिषद के सभा भवन, सदर ब्लॉक के निकट, लोहरदगा

Computer Trainer, गणित शिक्षक–सह–परामर्शी, भौतिकी शिक्षक–सह–परामर्शी, रसायन शास्त्र शिक्षक–सह–परामर्शी एवं जीव विज्ञान शिक्षक–सह–परामर्शी के अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व साक्षात्कार स्थल पर आधार कार्ड / पहचान पत्र एवं सभी प्रमाण–पत्रों के मूल प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

प्रभारी पदाधिकारी,
DMFT, लोहरदगा

उप विकास आयुक्त,
लोहरदगा

PR 279238 (Lohardaga)22-23*D

अगले वर्ष फिर जल्दी आना के साथ मां को दी गयी अंतिम विदाई, रावण दहन का दिखा उत्साह

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। असत्य पर सत्य की जीत, पाप पर पुण्य की जीत, दशहरा का त्योहार चंदवा में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। अगले वर्ष फिर तू जल्दी आना के साथ भक्तों ने माँ को अंतिम विदाई दी दसवीं की देर शाम श्रद्धालुओं ने बड़े धूम धाम से विसर्जन जुलूस निकाला और मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन विभिन्न जलाशयों में किया गया। दो साल बाद हुआ रावण दहन का कार्यक्रमखेल स्टेडियम में रावण का दहन किया गया। हजारों की भीड़ रावण दहन कार्यक्रम का गवाह बनी। लोग परिवार के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत देखने पहुंचे। दुर्गा मंडल चंदवा और रावण दहन समिति की ओर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भाजपा

मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने पुतले को अग्नि दी। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। ए। खेल स्टेडियम के अलावे हरैया दुर्गा मंडल के द्वारा भी रावण का दहन किया गया। इस दौरान प्रखंड में दशहरा पर्व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न होने पर पुलिस प्रशासन की टीम ने भी राहत की सांस ली है पूरे पर्व के दौरान पुनि सह थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस के जवान जगह जगह पर मुस्तैदी के साथ तैनात रहे।

महिलाओं ने खेली सिंदूर होली

बरवाडीह। विजयदशमी के मौके पर मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के पूर्व प्रखंड मुख्यालय की रेलवे क्लबपूजा पंडाल में रेलवे क्लब महिला समिति के साथ-साथ अन्य महिलाओं के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा, मां सरस्वती और महालक्ष्मी की प्रतिमा मे खोईचा भरने की रश्म को पूरा करने के साथ-साथ पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना करने का काम किया गया। जिसके बाद महिलाओं ने सुहाग की रक्षा को लेकर बंगाली रीति रिवाज से माता की प्रतिमा के साथ-साथ एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सिंदूर होली खेलने की परंपरा को निभाने का काम किया .सिंदूर होली खेले जाने की परंपरा के दौरान महिलाओं द्वारा माता की प्रतिमा पर सिंदूर लगाकर आशीर्वाद लेने के बाद एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सभी ने अपने अपने सुहाग के लंबी उम्र की कामना माता से करते हुए उन्हें नम आंखों से विदा करते हुए अगले वर्ष फिर आने की कामना किया। मौके पर जिप सदस्य संतोषी शेखर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुनीता पाल, रेलवे क्लब महिला समिति के अध्यक्ष रेखा पाठक उपाध्यक्ष, सुधा दुबे अमृता रश्मि सहित अन्य मौजूद थे।

मौके पर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र साहू, दुर्गा मंडल के अध्यक्ष रंजीत गुप्ता, अमित लाल, बालकृष्ण मिश्र, राजकुमार साहू, गोपाल जायसवाल, राजेश साहू, चंद्रभूषण केसरी,प्रवीण अग्रवाल, दीपक निषाद, अमरदीप साहू समेत बड़ी संख्या में लोग मंच और मैदान में मौजूद थे।

आम्रपाली कोल परियोजना में ट्रक चालक की हुई मौत

टंडवा (चतरा)। टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के एक नंबर कांटा घर के समीप गुरुवार को कोल वाहन जेएच 02 डब्लू 7951 के चालक की आकस्मिक मौत हो गई। लोगों की मानें तो मृतक चतरा का रहने वाला था और अपने हीं वाहन में चढ़ने के दौरान गिरने से मौत हुई है। आनन-फानन में सीसीएल के एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा ले जाया गया था। जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि चालक की मौत अस्पताल आने से पहले हीं हो गई थी। बहरहाल पुलिस जांच में जुट गई है तथा शव को पेस्टमार्टम के लिए सदर अस्पपताल भेज दिया।

ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल
मुख्य अभियंता का कार्यालय,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग
भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची

ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

टेन्डर रेफरेन्स नं0–BCD/CE/69/Garhwa/2022-23 दिनांक–06-10-2022

Sl.No	कार्य का नाम	प्राक्कलित राषि (रू0)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Proposed Construction of Fire Station Building with Residential Building and Watch Room Nagar Untari at Garhwa .	Rs. 4,84,03,300.00	11 महीने

2	वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि	13-10-2022
3	वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय	28-10-2022 के 11.00 AM तक
4	निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल मुख्य अभियंता का कार्यालय ,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची।
5	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	9631476651
6	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	77590 91091

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders

नोडल पदाधिकारी
ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल,मुख्य अभियंता का कार्यालय,
कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग,
भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची

PR 279305 (Building)22-23*D

न्यूज गैलरी

भक्तों ने की नम आंखों के साथ माता दुर्गा का मूर्ति विसर्जन

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र में शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा उमंग और उल्लास के साथ शांति पूर्वक मनाया गया। वही नम आंखों के साथ भक्तो ने किया माता दुर्गा का मूर्ति विसर्जन। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बदला, बरही, सती मंदिर सेन्हा, चंदकोपा, झखरा, मेन रोड सेन्हा, सीठीयो के अलावे विभिन्न गांवों में बुधवार को भक्तो द्वारा दुर्गा मां को नम आंखों से अन्तिम विदाई देते हुए मूर्ति को नदी, तालाब के अलावे अन्य जलाशयों में विसर्जित किया गया। साथ ही भक्तो द्वारा माता रानी की जय, जय माता दी, दुर्गा महारानी की जय का उद्घोष से वतावरण गुंजायमान हो रहा था। वही विसर्जन के दौरान मौके पर सभी पूजा पण्डाल का दुर्गा पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य तथा अन्य पदाधिकारी के अलावे उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था को ले कर दंडाधिकारी की मौजूदगी में पुलिस प्रसाशन मौजूद मुस्तैद रही।

सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दो गम्भीर रूप से घायल

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत भड़गांव ग्राम में देर शाम एनएच 143 ए पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक कि मौत, दो घायल। स्थानीय ग्रामीणों ने निजी वाहन के मदद से घायल को इलाज हेतु सेन्हा समुदायिक स्वस्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत एक युवक को मृत घोषित किया वहीं दो युवक की स्थिति नाजुक बताते हुए सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर किया। दोनो युवक की स्थिति काफी गम्भीर होने के कारण सदर अस्पताल लोहरदगा से भी रांची रिम्स रेफर किया गया। मृतक एवं घायल की पहचान झखरा निवासी बालकिशुन उरांव का पुत्र जितेंद्र उरांव दूसरा पुत्र विनोद उरांव तथा इटकी थाना क्षेत्र अंतर्गत मकुंदा निवासी गन्दरु उरांव के रूप में किया गया। गन्दरु उरांव अपना ससुराल झखरा आया था। बताया जाता है कि तीनो बाइक जे एच 01 बी जे 6018 से दुर्गा प्रतिमा व पंडाल देखने लोहरदगा जा रहे थे। इसी बीच भड़गांव में खड़ी बॉक्साइड ट्रक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे जितेंद्र उरांव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि विनोद उरांव एवं गन्दरु उरांव दोनो गम्भीर रूप से घायल है। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत स0आ0नि0 जमशेद खान शस्त्र बल के साथ अस्पताल पहुंच घायलों का जायजा लेते हुए शव को कब्जे में ले अग्रेतर कारवाई में गये। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकांत ने बताया कि बॉक्साइड ट्रक एवं क्षतिग्रस्त बाइक को जप्त कर सुरक्षित थाना में रखा गया है।

अज्ञात वाहन ने मोपेड सवार को मारी टक्कर, गंभीर घायल को रिम्स किया रेफर

कुडू-लोहरदगा। कुडू रांची मुख पथ एनएच 75 गोल्ड ब्रिक्स ईंट भट्ठे के समीप एक तेज राफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से थाना क्षेत्र के पंडरा निवासी सर्धन महतो 60 पिता स्व. पचचु महतो गंभीर रूप से घायल हो गए। खून से लतफ्त सड़क पर पड़े बुजुर्ग को स्थानीय लोगों ने कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जहां प्रथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सर्धन महतो अपनी मोपेड जेएच 08 एच-1419 में सवार होकर पंडरा से कुडू साप्ताहिक हाट जा रहे थे तभी यह हादसा हुआ। घटनास्थल पर पहुंचे कुडू थाना के एसआई संजय कुमार को पर्यक्षदर्शियों ने बताया कि रांची की ओर जा रहा एक तेज रफ़्तार एक्सप्लोसिव वैन ने टक्कर मारी है। जिसके बाद संजय कुमार ने चान्हो पुलिस को सूचना दी। समाचार लिखे जाने तक वाहन पकड़े जाने की कोई सूचना नही मिली है।

संगठन मजबूती को लेकर झामुमो सिमडेगा परिसदन में की बैठक

सिमडेगा। झामुमो संजोयक मंडली द्वारा एक परिषदन के सभागार में विशेष बैठक अनिल तिर्की की अध्यक्षता में सम्पन हुई। बैठक में सभी प्रखंड के अध्यक्ष एवं सचिव से प्रखंड संगठन के के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी लिया गया। सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं सचिव को निर्देश दिया गया है 10 अक्टूबर 2022 तक सभी पंचायत का सूची जिला संजोयक मंडली पास जामा करेंगें। बैठक मे सभी संजोयक मंडली के सदस्य सभी केंद्रीय समिति के सदस्य सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं सचिवों ने अपना अपना बिचार दिए। साथी सभी लोगों ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को लगातार जमीनी स्तर पर काम करने की आवश्यकता है ताकि जन समस्याओं को सुनकर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा सके और लोगों के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा के नीति सिद्धांत को भी अवगत कराया जा सके बैठक मे विशेष रुप से जिला संजोयक मंडली सदस्य सफीक खान,राकेश लकड़ा, अनिल तिर्की, अनिल कान्डुलना, ओस्कार डांग, पूर्व विधायक बसंत कुमार लोंगा, फिरोज अली, मो शाहिद, बिरजों कान्डुलना, नारायण मांझी, फूलकुमारी समद पूर्व जिला अध्यक्ष किशोर डांग सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष सचिव एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

12 ज्योतिर्लिंगो के दर्शन के लिए पैदल यात्रा पर निकला शिवभक्त पहुंचा कोलेबिरा

कोलेबिरा। राजस्थान के झुझुनू से पैदल यात्रा 12 ज्योतिर्लिंगो के दर्शन के लिए निकले शिवभक्त सुभाष नायक का कोलेबिरा पंहुचने पर जोरदार स्वागत किया गया। सुभाष नायक ने 7 अगस्त को अपनी यात्रा की शुरूआत किए थे। 19 अगस्त को केदारनाथ के दर्शन करने के बाद दूसरे पड़ाव काशी विश्वनाथ फिर तीसरा दर्शन झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैजनाथ का दर्शन कर झारखंड में कुल 20 दिनों की यात्रा हुई जो उत्तर प्रदेश के बॉर्डर चौपारण से शुरू हुई थी। गुरूवार की देर शाम सिमडेगा में विश्राम के बाद चौथा दर्शन के लिए मल्लिकार्जुन रवाना होंगे जो सिमडेगा होते हुए ओडिशा राज्य से शुरू होगी। थाना प्रभारी कोलेबिरा रामेश्वर भगत ने उन्हें अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। वही उप प्रमुख सुनीता देवी, अभिषेक कुमार, धनंजय झा, के साथ कई गांमानाय लोग मुलाकात कर उनके यात्रा के लिए शुभकमना दिये।

सादगी पूर्ण ढंग से विसर्जित की गयी मां दुर्गा की प्रतिमाएं

अगले साल आगमन की कामना के साथ माता को किया विदा

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। शारदीय नवरात्र के समापन के बाद गुरुवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विधि-विधान से नदी तालाबों में विसर्जित किया गया। विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित प्रतिमाओं को विसर्जन से पूर्व विधि विधान के साथ पूजा व भोग लगाकर पूजा की। इसके बाद भक्तों ने माता को विदा कर अगले वर्ष आने की प्रार्थना की। विसर्जन के दौरान अधिकांश प्रतिमाओं वाले वाहन पर लाउडस्पीकर लगे थे। जहां भी भीड़ अधिक रही, आयोजक सतर्क दिखे। विसर्जन स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहा। भक्तों ने उत्साह के साथ मां की प्रतिमाओं को नम आंखों से विसर्जित किया। बड़ी संख्या में प्रतिमाएं लेकर नदी तालाब पर पहुंचे समिति के सदस्यों ने धूमधाम के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया। विसर्जन घाट पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। अधिकारियों की देखरेख में देर शाम तक प्रतिमाओं का विसर्जन चलता रहा। शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंचे भक्तों ने देवी दर्शन किए और मां से आशीष मांगा। इस दौरान भक्तों ने माता से हाथ जोड़कर सुख समृद्धि, पारिवारिक खुशहाली की मन्नत मांगी।

महिलाओं ने सिंदूर खेला उत्सव मनाया : दुर्गा पूजा के आखिरी दिन सिंदूर खेला उत्सव होता है। दुर्गा विसर्जन से पहले यह उत्सव मनाया जाता है। इस दिन विवाहित महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगाती हैं। साथ ही शुभकामनाएं भी देती हैं। इस बार दो साल बाद बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी में यह रस्म निभाई गई।

सुबह हुआ दर्पण विसर्जन : विभिन्न समिति की ओर से स्थापित प्रतिमा का सुबह दर्पण विसर्जन किया। पानी में दर्पण रखकर माता को उनका चेहरा दिखाया। इसके बाद पूजा कर भोग लगाया। भक्तों ने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

मंदिरों व घरों में दशहरा पर हुआ हवन पूजन : दशमी के दिन बुधवार को सुबह से ही मंदिरों और घरों में हवन पूजन के साथ नवरात्र व्रत का श्रद्धालुओं ने समापन किया। इस दौरान कन्या पूजन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए गए। कुछ लोगों ने देवी मंदिरों में तो कुछ ने घरों पर हवन यज्ञ किया। लोहरदगा के कई स्थानों पर रावण का पुतला भी दहन किया गया। इस बार शहर में एक रावण नही बल्कि कई रावण जलाए गए। असत्य पर सत्य का विजय अधर्म पर धर्म का विजय। शहर में अपने अपने घर के सामने, छत के ऊपर भी छोटे छोटे रावण का निर्माण कर परम्परागत तरीके से रावण दहन किया गया।

पूजा पंडाल में महिलाओं ने धूमधाम से मनाया सिंदूर खेला, पति की लंबी उम्र के लिए मां से मांगी मन्नत

लोहरदगा। नौ दिनों की पूजा के बाद बुधवार को मां दुर्गे की विदाई का दिन था। लेकिन उससे पहले सिंदूर खेला का अपना अलग ही महत्व है। मौके पर लोहरदगा महावीर चौक स्थित पूजा पंडाल में महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से एक दूसरे को सिंदूर लगाकर मां दुर्गा से अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना की। महावीर चौक स्थित पूजा पंडाल में हरेक साल विजयादशमी के दिन सिंदूर खेला किया जाता है। जिसमें सभी उम्र की महिलाएं हिस्सा लेती हैं। ऐसा माना जाता है कि विजयादशमी के दिन सिंदूर खेला में भाग लेने वाली महिलाओं की मनोकामना को मां दूर्गा पूर्ण करती हैं। सिंदूर खेला में शामिल हुई अंशु अग्रवाल बताती हैं कि पिछले साल महावीर चौक स्थित पूजा पंडाल में कोरोना की वजह से पूजा सादगी के साथ नहीं हुई थी। लेकिन इस बार मां के आशीर्वाद से धूमधाम से पूजा संपन्न हुई है। उन्होंने बताया कि वे समाज की बेहतरी के लिए कामना कर रही हैं। सोनाली अग्रवाल के मुताबिक सिंदूर खेला में दूसरे समुदाय की महिलाएं भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। मां दुर्गा की असीम कृपा से ही इस बार ये उत्सव सफल हुआ है। उन्होंने कहा कि सिंदूर खेला यहां की परंपरा है जो आगे के सालों में भी जारी रहेगी। मौके पर रीमा अग्रवाल,राखी अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, मेघा पांडे, सुनीता अग्रवाल,अंशु कुमारी अग्रवाल, उमा अग्रवाल, सोनाली अग्रवाल, सेजल मित्तल, भावना गोयल, वारूणी गर्ग, दिव्यांगना गोयल, दिव्यता गोयल, गुड़िया अग्रवाल, तुलसी सिंह आदि महिलाएं उपस्थित थी।

फांसी लगाकर 25 वर्षीय व्यक्ति ने की आत्महत्या

बानो। बानो थाना क्षेत्र के जराकेल स्कूल टोली में बीती रात फांसी लगाकर 25 वर्षीय व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लिया एवं पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। घटना के संदर्भ में मिली जानकारी अनुसार 25 वर्षीय सूरज बड़ाईक अपने ही घर में किसी बात को लेकर साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इधर पत्नी ने बताया कि वह दशहरे का मेला देखने के लिए अपने दोनों बच्चों के साथ गई थी और वह घर पर अकेला था वहीं आसपास के लोगों ने यह भी बताया कि वह झारखंड से बाहर रहकर कार्य करता था और हाल ही के दिनों में त्यौहार मनाने का हराया था। इधर पुलिस ने यूडी केस दर्ज करते हुए आत्महत्या के हर बिंदुओं की जांच कर रही है।

मोटरसाइकिल चोरी करनेवाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

सिमडेगा। सिमडेगा पुलिस ने चोरी के मोटरसाइकिल के साथ एक चोर को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दयानंद कुमार ने बताया कि सिमडेगा सदर अस्पताल में कार्यरत एक होमगार्ड की सदर अस्पताल परिसर से मोटरसाइकिल की चोरी हो गई थी और इसी मामले में पुलिस के द्वारा सिमडेगा थाना में चोरी का मामला कांड संख्या 162/22 धारा 379 दर्ज किया। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने कुंजनगर निवासी आकाश बड़ाईक उर्फ आकू को हिरासत में लिया और पूछताछ की इस दौरान उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुए थाना प्रभारी ने बताया कि पूर्व में ही चोरी एवं छेड़छाड़ के मामले में दो बार आरोपी जेल जा चुका है।

जिले में धूमधाम से सम्पन्न हुआ दशहरे के त्योहार

नम आंखों से दी गयी मां को विदाई

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। दुर्गतिनाशिनी मां दुर्गे के पूजा के अवसर पर जिलेभर में श्रद्धा, भक्ति, आस्था और उमंग का वातावरण बना रहा। इस अवसर पर जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। वहीं विजयादशमी की रात्रि रावण दहन की परंपरा निभाई गई। जिला मुख्यालय में परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में रावण का पुतला दहन किया गया। बारिश के बावजूद काफी संख्या में लोग यहां पहुंचे और आतिशबाजी तथा रावण दहन का आनंद लिया। ओडिशा के गंजाम और राजगांगपुर के कारीगरों ने रावण के पुतले का निर्माण किया था। उनके द्वारा शानदार आतिशबाजी की गई। यहां डीसी आर रॉनिटा और एसपी सौरभ ने के द्वारा आतिशबाजी की शुरूआत की गई। इस अवसर पर श्रीराम, लक्ष्मण और भक्त शिरोमणि बजरंगबली का रूप धरे प्रतिभागी आकर्षण का केंद्र बने रहे। श्रीराम के अग्निबाण से रावण दहन हुआ। श्रीराम के रूप में श्याम शर्मा, लक्ष्मण के रूप में रचित अग्रवाल और बजरंगबली के रूप में अथर्व शर्मा ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम में दुर्गा पूजा समन्वय समिति के ओप्रकाश साहू, श्यामलाल शर्मा, ओमप्रकाश अग्रवाल, अमरनाथ बमलिया, डीडी सिंह, अनूप केसरी, दीपक अग्रवाल रिंकू, नरेश शर्मा आदि उपस्थित थे। रावण दहन समिति के सूरज गोयल, अभिषेक कुमार मंटू, हर्ष कुमार, अमित अग्रवाल, विकास साहू, राकेश सरगुजा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसडीओ महेंद्र कुमार, डीपीआरओ सहित पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय युवक शिवा को दुर्गा पूजा समन्वय समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने हर वर्ष सभी पूजा पंडालों में मूर्ति विसर्जन के लिए दी जा रही निस्वार्थ सेवा के लिए सम्मानित किया। इससे पहले महाअष्टमी और महानवमी की रात्रि शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। महानवमी की रात्रि श्रीरामजानकी मंदिर परिसर में आयोजित गरबा नृत्य के कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों के 15 से अधिक दलों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ अजय रजक, सीओ प्रताप मिंज और डीपीआरओ पंकज भगत ने दीप जलाकर किया। गुलजार गली में यूथ कंबीनेशन के द्वारा आयोजित गरबा नृत्य कार्यक्रम में आकर्षक वेशभूषा में नृत्य दलों ने समां बांध दिया। महाअष्टमी और महानवमी की रात्रि बारिश और बूंदाबांदी के बावजूद काफी संख्या में लोग पूजा पंडालों में पहुंचे और माता के दर्शन पूजन किए। इधर भक्तों ने महानवमी को नौ कन्या पूजन के साथ नवरात्र व्रत पूर्ण किया। गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकालकर विभिन्न पूजा पंडालों की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति ने रावन दहन का कार्यक्रम भव्य रुप से संपन्न

नवरात्र की पूजा के पश्चात रावण दहन महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है : सांसद

- दो सालों के बाद धूमधाम से संपन्न हुई रावण दहन कार्यक्रम, धू-धू कर जला पापरूपी रावण

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयदशमी का त्योहार लोहरदगा में भव्य तरिके से मनाया गया। लोहरदगा स्थित बख्शिडिपा मैदान में हजारों की संख्या में श्री राम और माता दुर्गा के भक्तों की भीड़ में रावण दहन का कार्यक्रम किया गया। लोगो मे एक अलग हीं उत्साह नजर आया। आकर्षक आतिशबाजी ने सभी का मन मोह लिया। श्री राम के प्रतिरूप के द्वारा रावण दहन किया गया। जय श्रीराम के उद्घोष से सारा वातावरण राममय हो गया। वही विभिन्न पूजा पंडालों को केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन भगत, विशिष्ट अतिथि उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उराव, ओमप्रकाश सिंह सहित वरिष्ठ संरक्षकगण सहित अन्य शामिल हुए। मेला को संबोधित करते हुए सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक महापर्व विजयादशमी करोड़ों लोगों को एक साथ

समूह में शामिल होने का अवसर देती है। आस्था का पर्व में पूरी समाज की भागीदारी सामूहिक रूप से सकारात्मक ऊर्जा समाज में उत्पन्न करती है। जिससे कई प्रकार के सामाजिक कुरीतियों को भी दूर किया जाता है। नवरात्र की पूजा के पश्चात रावण दहन महिलाओं के सम्मान का तात्पर्य व शक्ति से प्रभु श्रीराम रूबरू कराते हैं। देश और समाज को तोड़ने वाली शक्तियों को हराकर एक समरस समाज का निर्माण करेंगे। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि हर साल हम विजयादशमी के शुभ अवसर पर रावण दहन करते है। इस मौके पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि क्रोध, अहंकार, गंदगी, भ्रष्टाचार और गरीबी रूपी रावण का हम लोग दहन करेंगे। एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने मां दुर्गा को शक्ति की माता बताते हुए कहा कि इस दिन असत्य पर सत्य की जीत या कहे तो विजय प्राप्त हुआ था। कहा कि यह हमारी प्राचीन परंपरा है। आज के दिन असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत को मनाते हैं। एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। वही प्रवीण सिंह ने कहा कि हमारी यह परंपरा बहुत ही अनोखी है जो लोगों को कई प्रकार के संदेश एक साथ देती है। अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा ने कहा कि सभी प्रिय स्पधाओं अलग भव्य आयोजन के लिए भक्तों का सहयोग होता है जो बहुत ही अद्भुत और निराला है। पूरे नवरात्र में लोहरदगा सनातन परिवार व प्रशासनिक लोगों का का भरपूर सहयोग रहा है। इसी प्रकार आगामी आयोजनों में भव्य सनातन संस्कृति की रक्षा युवाओं के कंधे पर होगी। हमें वर्तमान में अर्जन किए गए ज्ञान की किरणों को समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर ज्योति स्वरूप जलाने का भी संकल्प लेने का पावन अवसर है। भारत की सनातन संस्कृति ही मूल धरोहर है। मंच संचालन सागर वर्मा और शुभम शर्मा के द्वारा किया गया।महामंत्री मिथुन तमेड़ा ने समिति के सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। मौके पर कमल केसरी, मोहन दुबे, जय प्रकाश शर्मा, अजय मित्तल, प्रेम प्रजापति, लालमोहन केसरी, संदीप गुप्ता, मनीष सिंह, अरविंद यादव, निखिल सराफ, तनय साहू, सत्यजीत सिंह, मुन्ना कुमार, राजेश कुमार, श्याम वर्मा, निखिल कुमार, संजय कुमार, आनंद गोयल, विपुल तमेड़ा, पहलाद केसरी, विजय उरांव, संतोष उरांव, सुखलाल खेश आदि उपस्थित थे।

बलि देने के दौरान धारदार हथियार छिटककर बच्चे की गर्दन पर गिरा, मौत

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। घाघरा थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में मंगलवार को दुर्गा पूजा के महानवमी के अवसर पर गांव के ही देवी मंडप में सार्वजनिक रूप से एक के बाद एक बकरे की बलि देने के दौरान बलुआ टूट कर 4 वर्षीय बच्चे विमल उरांव को जा लगा जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में ग्रामीणों के द्वारा बच्चे को इलाज के लिए तत्काल घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया जा रहा था। लेकिन बच्चे ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इस दुख हादसे ने दुर्गा पूजा के चटक रंग को फीका कर दिया पूरे गांव के लोग हैं सदमे में जानकारी के अनुसार हर साल की भांति इस साल भी गांव के दुर्गा पूजा में देवी मंडप में बकरा का बलि देने का परंपरा लोगों द्वारा निभाया जा रहा था दो बकरे की बलि दी जा चुकी थी तीसरे बकरे की बलि के लिए जब बलुवा से बकरे की गर्दन पर प्रहार किया गया तो बलुवा का बेट टूट गया। भीड़ में खड़े दीपक उरांव के 4 वर्षीय पुत्र विमल उरांव के छाती में जा लगा। चोट लगने के बाद बच्चा बुरी तरह से तिलमिला उठा बलि अस्थल पर अफरा-तफरी मच गई बच्चे के घर के लोग चिल्लाने लगे बच्चे की जान बचाने के लिए गांव के लोग उसे लेकर घाघरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने लगे जिसमें बच्चे के घर के लोग भी साथ मौजूद थे लेकिन बच्चे ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया उसकी मौत की खबर आग की तरह फैल गई जिसके बाद दुर्गा पूजा का उत्साह देखते ही देखते गांव में मातम में बदल गया। वही इसकी सूचना तुरंत घाघरा थाना प्रभारी अमित चौधरी को दिया गया थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी अपने दल बल के साथ गांव पहुंचे एवं बच्चे के शव को अपने कब्जे में ले लिया शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस हर पहलु में मामले की छानबीन की जा रही है हादसे में मासूम बच्चे की मौत हुई है जो बहुत दुखद है इधर इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम सा छा गया वहीं मृतक विमल उरांव की मां बिरसी देवी और पिता दीपक उरांव सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

डीसी व एसपी ने भारत स्काउट गाइड के कार्यों की सराहना

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। दुर्गा पूजा के दौरान अष्टमी और नवमी को पूजा पंडालों में दर्शनार्थ हेतु आये आगंतुकों को किसी तरह की दिक्कत ना हो इस बाबत भारत स्काउट गाइड लोहरदगा की सेवा ली गई। डीसी डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा की संस्था से जुड़े बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपने दायित्व को दो दिनों तक पूर्ण समय तक निभाया। बच्चों से बातचीत के दौरान इनका कॉन्फिडेंस देखने को मिला।सेवा कार्य से बच्चों में लीडरशिप की क्वालिटी का डेवलप होता है। एसपी आर राम कुमार ने कहा कि ट्रैफिक कंट्रोल में भी स्काउट गाइड के बच्चों का सहयोग मिला। इनकी ड्यूटी को लेकर खुशी का भी कोई ठिकाना नहीं था। सच्चे मन से स्काउट और गाईड के बच्चों ने सहयोग किया। डीसी और एसपी ने भारत स्काउट गाइड के जिला सचिव शैलेंद्र कुमार सुमन और जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन की भी प्रशंसा की और कहा कि संस्था के बच्चे काफी अनुशासित थे, आगे और भी सेवा कार्य का मौका है। भारत स्काउट गाइड का सहयोग आगे भी लिया जाएगा। सेवा कार्य में लगे बच्चों के कार्यों की तारीफ एसडीओ अरविंद कुमार लाल, एवं एसडीपीओ बीके सिंह द्वारा भी किया गया। शहर के सभी पूजा पंडालों के अलावे अन्य प्रखंडों में अवस्थित पूजा पंडाल में स्काउट गाइड के बच्चे सेवा कार्य हेतु मौजूद थे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में रूर्बन मिशन अंतर्गत संचालित व कार्यान्वित योजनाओं के अद्यतन स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक संपन्न

एक नवम्बर तक सभी योजनाओं को लक्ष्य निर्धारित कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति कराने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव की अध्यक्षता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन अंतर्गत गुमला, विशुनपुर, रायडीह तथा घाघरा प्रखंड में संचालित एवं कार्यान्वित योजनाओं के अद्यतन स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक की गई। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी को पशुओं में हो रही वेक्सीनेशन के साथ डाटा को समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कृत्रिम गभार्धान को शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पशुओं में लम्पी वायरस को ठीक करने के लिए जल्द-जल्द से टीका लगवाने का निर्देश पशुपालन पदाधिकारी को दिया। लक्ष्य एवं उपलब्धि संबंधित प्रतिवेदन नहीं देने वाले पदाधिकारी/कर्मियो को अगले आदेश तक वेतन स्थगित रखने का निर्देश दिया गया। सांसद आदर्श ग्राम

में माली का चयन कर प्रशिक्षण देने तथा प्रत्येग गांव में सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा कृषि पदाधिकारी से वर्ता कर प्रखंड विकास पदाधिकारीयों को सुखाड़ में आए हुए बीजों की गुणवत्ता जांच कर शत प्रतिशत अनुदान पर सब्जी बीज का वितरण करने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया। सभी आर्दश ग्रामों में आंगनबाड़ी केन्द्र/स्कूल तथा स्वास्थय केन्द्र का निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने का प्रखंड विकास पदाधिकारीयों को निर्देश दिया। साथ ही बैठक में बताया गया कि घाघरा प्रखंड अन्तर्गत आर्देश ग्राम विमरला आंगनबाड़ी केन्द्र का मरम्मती का कार्य मनरेगा द्वारा कराया जा रहा है तथा शिलाफारी आर्दश ग्राम में आंगनबाडी केन्द्र का मरम्मती का कार्य ग्रामीण विषेश प्रमंडल द्वारा कराया जा रहा है। विशुनपूर रेहे टोली आर्दश ग्राम में नवनिर्माण आंगनबाड़ी केन्द्र का कार्य जारी है। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को आर्दश ग्राम संबंधित प्रत्येक सप्ताह बैठक करने का भी निर्देश दिया गया। आर्दश ग्रामों में शिक्षा, स्वास्थय एवं श्रम विभाग की समीक्षा करने का निर्देश दिया। श्रम अधीक्षक, गुमला को सभी सांसद आर्दश ग्रामों में शिविर लगा कर ई-श्रम कार्ड बनाने एवं स्वस्थय विभाग को हेल्थ कार्ड बनाने तथा आदिम जनजाति परिवारों को पेंशन एवं राशन से अच्छादित्त करने का निर्देश दिया। साथ सभी आर्दश ग्रामों में वनों उपज को एक जगह पर भंडारण करने तथा इन ग्रामों में समुदायिक भवन एवं चबुतरा निर्माण कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त गुमला द्वारा सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं को लक्ष्य निर्धारित कर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति का प्रस्ताव तैयार कर दिनांक 01 नवम्बर 2022 तक देने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त ने करौंदी पंचायत के सिलम में कम्युनिटी हॉल को जेएसपीएल को हैन्डओवर करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी मॉडल स्कूल में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को निरिक्षण कर व्यवस्था दुरूस्त करने एवं टीचर तथा विद्यार्थीयों से मिल कर प्रभावित करने की बात कही।

उपायुक्त ने बैठक में सभी बॉस कारीगर को उद्यमी कार्ड लघु कुटीर उद्योग से एवं श्रम विभाग से निबंधन कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही एलईडी स्ट्रीट लाईट की समस्या को समाधान हेतु मोबाईल नम्बर अंकित करने तथा पत्तल से निर्मित दोना-पत्तल को विक्री की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी निर्देश दिया गया। करौन्दी एवं तेलगॉव में साफ-सफाई की दृष्टि से डपिंग यार्ड बनाने हेतु पेयजल एवं स्वच्छत प्रमण्डल से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त सुशांत गौरव, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, जिला पशुपालन पदाधिकारी सह जिला गव्य विकास पदाधिकारी डॉ.मोहम्मद कलाम, सहायक निदेशक, समाजिक सुरक्षा कोषांक सह जिला कल्याण पदाधिकारी खुशोन्द्र सोन केसरी, श्रम अधीक्षक पुनित मिंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी गुमला सुकेशनी केरकेट्टा/घाघरा बिष्णुदेव कच्छप/ बिशुनपुर छंदा भट्टाचार्यी, सदर अंचल अधिकारी कुशलमय केनेथ मुण्डू, अभिसरण विशेषज्ञ रूर्बन मिशन गीता देवी, जिला अभियंता जिला परिषद, कार्यपालक अभियंता एनआ?ईपी/ विशेष प्रमंडल/ विद्युत प्रमंडल, डीपीएम जेएसएलपीएस सुजीत बारी, एमओआईसी गुमला, सहित अन्य उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

गौतम अडानी और एलन मस्क को एक ही दिन में 25.1 अरब डॉलर का नुकसान

नई दिल्ली। टेस्ला और अडनी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों ने गोता क्या लगा दुनिया के अरबपति नंबर वन एलन मस्क और एशिया के सबसे बड़े रईस गौतम अडानी की संपत्ति एक ही दिन में 25.1 अरब डॉलर कम हो गई। यह रकम अगर रुपये में बदले तो 20,47,76,96,95,000 हो जाती है। अडानी ग्रुप की कंपनियों अडानी पावर, अडानी विल्मर, अडानी इंटर प्राइजेज, अडानी पोर्ट्स, अडानी ग्रीन और अडानी टोट गैस के शेयर विगत सोमवार को औंधेमुंह गिर गए थे। इसका असर उनकी संपत्ति पर पड़ा और एक ही दिन में उन्होंने 9.67 अरब डॉलर गंवा दिए। इसका असर उनकी रैंकिंग पर भी पड़ा और ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में वह बर्नार्ड अर्नाल्ट से पिछड़ कर चौथे स्थान पर आ गए। अब इस लिस्ट में एलनम मस्क 223 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ पहले, जेफ बेजोस कुल संपत्ति 139 अरब डॉलर के साथ दूसरे और बर्नार्ड अर्नाल्ट 130 अरब डॉलर के साथ तीसरे स्थान पर हैं। अडानी की संपत्ति अब केवल 120 अरब डॉलर रह गई है। मुकेश अंबानी 81.9 अरब डॉलर के साथ 10वें स्थान पर है। शेयरों की पिटाई के कारण दुनिया रईस नंबर 1 एलन मस्क की संपत्ति में भी 15.5 अरब डॉलर की सेंध लगी है। उनकी कंपनी टेस्ला के शेयर सोमवार को 8.61 फीसद टूटकर बंद हुए थे। फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर लिस्ट में सोमवार को गौतम अडानी और एलन मस्क टॉल लूजर रहे। दोनों की संपत्ति में 25.1 अरब डॉलर की कमी हो गई।

एलन मस्क ने फिर रखा ट्विटर को खरीदने का प्रस्ताव

54.20 प्रति शेयर के पुराने ऑफर पर डील करने को तैयार

नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क एक बार फिर ट्विटर को खरीदना चाहते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, मस्क ने अपने पुराने ऑफर पर ट्विटर को खरीदने का प्रस्ताव रखा है। मस्क का पुराना ऑफर 54.20 डॉलर प्रति शेयर का है। मामले से जुड़े लोगों के अनुसार, मस्क ने एक लेटर में ट्विटर को यह प्रस्ताव भेजा है। इस खबर के बाद ट्विटर का शेयर 18 फीसदी उछल गया। इसके पहले मस्क महीनों से ट्विटर को खरीदने के सौदे से पीछे हटने की कोशिश कर रहे थे। मस्क ने ट्विटर पर जानकारी छुपाने का आरोप लगाया था। मस्क ने कहा था कि ट्विटर ने उनसे यूजर बेस और फर्जी खातों से जुड़े आंकड़े छुपाए। हाल ही में टेस्ला के सीईओ मस्क ने कहा था कि ट्विटर का व्हिसल ब्लोअर डील को तोड़ने

का बड़ा कारण है। मस्क ने कहा कि ट्विटर का एक पूर्व कर्मचारी जो व्हिसल ब्लोअर बन गया था, उसे लाखों डॉलर का भुगतान किया था। यह एक बड़ा कारण था, जिसके चलते मस्क ने ट्विटर को खरीदने की 44 अरब डॉलर की डील को रद्द कर दिया। ट्विटर को लिखे एक पत्र में एलन मस्क के वकीलों ने कहा,ह्यपीटर जटको (व्हिसलब्लोअर) और उनके वकीलों को 7.75 मिलियन डॉलर का भुगतान करने से पहले ट्विटर ने उनकी सहमति नहीं ली। इससे मर्जर एग्रीमेंट का उल्लंघन हुआ है।' टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने ट्विटर के साथ डील तोड़ने की घोषणा करते हुए कहा था कि ट्विटर पर ह्यबॉट्स, स्पैम और फर्जी अकाउंट हैं, जिस कारण उन्हें यह डील तोड़नी पड़ रही है। मस्क ने यह भी कहा था कि उनके ट्वीट पर 90 फीसदी कमेंट्स असल में बॉट या स्पैम रिप्लाई हैं। इससे पहले एलन मस्क ने ट्विटर डील तोड़ने के पीछे भारत कनेक्शन का भी जिक्र किया था। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि ट्विटर भारत सरकार के खिलाफ जोखिम भरे मुकदमे का खुलासा करने में विफल रही।

झारखण्ड सरकार

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

जिला नियोजनालय, पलामू

सूचना

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के निजी क्षेत्र में नियोजन हेतु आरक्षण का प्रावधान करने के लिए "झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022" 12 सितम्बर 2022 को ई–गजट में प्रकाशित हुआ है एवं तदालोक में झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीद्वारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 गजट प्रकाशन की तिथि से प्रभावी हो गया है।

अतः पलामू जिलान्तर्गत वैसे सभी प्रतिष्ठान जिनके यहाँ 10 या 10 से अधिक कार्यबल है, को सूचित किया जाता है कि वे झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला नियोजन पदाधिकारी
पलामू

PR 279272 District (22-23)_D

पूर्व मध्य रेल

विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना

विद्युत/क०वि० विभाग के लिये खुली निविदायें

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा संख्या : GeM Bid No. GEM/2022/B/2600295, **क्र०सं० :** 01. **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** Hiring of two (02) Nos. of maintenance vehicle (3.5M/T capacity) for Daltonganj (Under SSE/TRD/DTO), and Renukut (under SEE/TRD/RNQ) in Dhanbad Division for two years. **कार्य समापन की अवधि – (02) दो वर्ष, 02. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रूपया 33,92,040/– निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य/–, **03. अग्रधन राशि :** 67,841/–, **04. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** जेम निविदा बंद होने की तिथि 25.10.2022 को 11:00 बजे जेम– निविदा खुलने की तिथि 25.10.2022 को 11:30 बजे, **05. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट www.gem.gov.in जेम निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/क०वि०
पूर्व मध्य रेल,धनबाद

पीआर/01190/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/22–23/32

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

क्र.सं. : 1, **ई–निविदा सं. :** 157-DHN-2022-23, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** पतरातु–गढ़वा रोड : व.मं. अभि./1/पू.म. रेल/धनबाद के क्षेत्राधिकार के अधीन (I) पतरातु–गढ़वा रोड (अप) सेक्शन में पीएससी–6 के साथ कैजुअल नवीनीकरण कुल = 1.723 कि.मी. + 2.733 कि.मी. = 4.456 कि.मी. और 60 केजी. के साथ रेल नवीनीकरण कुल = 0.259 कि.मी. (ii) सीटीआर (एस) टीएसआर (पी) एवं टीआरआर (एस) = 3.70 कि.मी. (iii) टीटीआर (एफएस + सीएस + सीएमएससी) 1 इन 8.5 – 03 सेट (iv) टीटीआर (सीएस + सीएमएससी) 1 इन 12 – 1 सेट (v) एसइजे – 04 सेट। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 1,03,75,453.94

क्र.सं. : 2, **ई–निविदा सं. :** 158-DHN-2022-23, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** पू. म. रेल के धनबाद मंडल में व. अनु. अभि. (ब्रिज)/डाल्टनगंज के अधीन टोटरा–गढ़वा रोड स्टेशन के बीच कि.मी. 315/19–21 पर पुल संख्या 210 डाउन लाइन, स्पान (4x12.20) का रिगरडरिंगक। **11 (ग्यारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 76,28,970.29

क्र.सं. : 3, **ई–निविदा सं. :** 159-DHN-2022-23, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल में वरीय अनुभाग अभियंता (ब्रिज लाइन)/डाल्टनगंज के अधीन चोपन–शक्तिनगर सेक्शन में पुल संख्या 7, 31, 35 तथा 44 के टॉप फलांग प्लेट के कोरोडेड/रस्टेड/क्रैक्ड, तलीय मुख्य एंग्ल, गसेट प्लेट, क्रॉस गिरडर के लैटरल ब्राशिंग स्ट्रेंथेनिंग को बदलना, रक्षक स्क्रीन का प्रावधान तथा ढीले रिवेटस का बदलना। **08 (आठ) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में):** 1,49,76,680.45

क्र.सं. : 4, **ई–निविदा सं. :** 160-DHN-2022-23, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** वरीय मंडल अभियंता (2), पू. म. रेल, धनबाद के क्षेत्राधिकार अधीन एलुमिनो थर्मिट एसकेवी विधि द्वारा रेल जोड़ों का वेल्डिंग और वेल्डिंग पोर्सन के साथ निरिक्षण, टूल्स एवं प्लांटस और कनज्यूमेबलस आदि की आपूर्ति। **06 (छः) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 1,43,98,119.00

क्र.सं. : 5, **ई–निविदा सं. :** 161-DHN-2022-23, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा. अभि./पू.म.रेल/डाल्टनगंज के अधीन रेलवे के मापदंड के अनुसार 60,000 घन मीटर (नोमिनल साइज 50 एमएम गेज) मशीन क्रश्ड ट्रैक ब्लास्ट की आपूर्ति, स्टैकिंग एवं लोडिंग तथा राजहरा लाइन सं. 5 से उसे किसी भी प्रकार के रेलवे वैगन में लोडिंग। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 14,09,65,800.00

ब्याने की राशि (रू. में) : ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय :** ई–निविदा बंद होने की **तारीख 26.10.2022 को 17:00 बजे तक।** ई–निविदा खुलने की **तारीख 27.10.2022 को 12:00 बजे से। वेबसाइट का विवरण :** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद

पीआर/01183/डीएचएन/इंजी०/टी/22–23/80

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा
(समाज कल्याण शाखा)

-:: सूचना ::-

वन स्टॉप सेन्टर योजना अन्तर्गत संचालित सखी–वन स्टॉप सेन्टर हेतु सेवा प्रदाताओं को अनुबंधित करने के निमित्त विभिन्न पदों यथा केन्द्र प्रशासक, केस वर्कर, परामर्शदाता, इनफोर्मेशन टेक्नोलॉजी, बहु उद्देश्य सहायक एवं सिक्युरिटि गार्ड के नियुक्ति विज्ञापन सं0–918 दिनांक–08.07.2022 से प्राप्त आवेदनों का जॉच समिति द्वारा तैयार सूची का प्रकाशन जिले के वेबसाइट WWW.chatra.nic.in पर प्रकाशित करायी जा रही है। उक्त प्रकाशित सूची में किसी आवेदक/आवेदिका को किसी प्रकार की आपत्ति होती है तो दिनांक–06.10.2022 से 20.10.2022 के अपराह्न 03:00 बजे तक लिखित रुप से जिला समाज कल्याण कार्यालय, चतरा में दावा–आपत्ति दर्ज किया जा सकता है। तत्पश्चात कोई दावा–आपत्ति मान्य नहीं होगा।

उपायुक्त,
चतरा।

PR.NO.279239 Social Welfare,Women and Child Development(22-23):D

कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण

एतद् द्वारा गढ़वा जिले के स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0–10 रा0(वि0)/दिनांक 21.06.2022 के आलोक में समेकित मात्स्यिकी को बढ़ावा देने हेतु तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अन्तर्गत जलाशयों/आर0 एफ0 एफ0 में मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन हेतु भारतीय मेजर कॉर्प/ग्रास कार्प के तीन इंच से बड़े आकार के मत्स्य अंगुलिकाओं की आवश्यकता है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में गढ़वा जिले के जलाशयों में कुल– 16.00 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन का लक्ष्य प्राप्त है।

इच्छुक स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन दिनांक 22.10.2022 के अपराह्न 5.00 बजे तक कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निम्न शर्तों के साथ स्वीकार किया जाएगा।

आवश्यक शर्तें:–

1. आपूर्तिकर्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) को जलाशयों/आर0 एफ0 एफ0 तक मत्स्य अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ अवस्था में आपूर्ति करना होगा।
2. भारतीय मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का सरकार द्वारा निर्धारित दर मो0 750 रू0 प्रति हजार (परिवहन सहित) तथा ग्रास कार्प अंगुलिकाओं का सरकार द्वारा निर्धारित दर मो0 1500 रू0 प्रति हजार (परिवहन सहित) है।
3. एक मत्स्य बीज उत्पादक से न्यूनतम 50 हजार तथा अधिकतम 2 लाख मत्स्य बीज ही क्रय किए जाएंगे।
4. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा जिस तालाब में मत्स्य अंगुलिकाएँ तैयार किया जा रहा है, उस तालाब का पूर्ण विवरण एवं पता से कार्यालय को अवगत करना अनिवार्य होगा, जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच की जा सके। साथ ही मत्स्य अंगुलिकाओं की उपलब्धता का भी उल्लेख करना होगा।
5. समान मूल्य दर पर स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के इच्छा की अभिव्यक्ति के आलोक में प्राप्त आवेदन को जाँचोपरांत स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने एवं बिना कारण बताये किसी भी आवेदन को रद्द/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR 279233 Fish (22-23)_D

Office of The Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division Latehar

E-procurement Very Short Tender Notice(SBD)
Tender Referance No- DWSD/LTR/SVS/CLTR-17/21-22 (9th Call)
Dt- 06.10.2022

Sl No	Particular	Detail of Work					
	Name of Work	Detailed Survey Desigening and Drawing Construction of 4347 nos FHTC in Different Block of Latehar Comprising of Suitable R.C.C Frame, Structure ESR, Distribution Lines, Source (as Required) & 05 Year Oereation & Maintenance all Complete Job "on Turn Key Basis" under D. W & S Division Latehar For The Year 2021 -22 under (JJM)					
	Group No	No of Panchayat	No Of FHTC	Estimated Cost (In Lakh)	Earnest Money (In Lakh)	Cost Of BOQ (In Rs)	Time of Comletion
1	BRD/SVS/CLTR/07(A)(ii)	3	2020	707.87	7.08	10000.00	09 month
	CHN/SVS/CLTR/03(B)(ii)	4	2327	896.74	8.97	10000.00	09 month
2	Date of Tender Uploading in Website	07.10.2022 at 04.00 P.M					
3	Date of Starting Submission of Bid	07.10.2022 at 04.00 P.M					
4	Last Date of Submission of Bid	13.10.2022 upto 05.00 P.M					
5	Last Date Submission Cost of BOQ and EMD (Hard Copy)	14.10.2022 upto 05.00 P.M 1. Superitending Engineer D W & S Circle Medininagar. 2. Regional Chief Engineer D W & S Dept Jharkhand Ranchi. 3. Executive Engineer D W & S Div Latehar.					
6	Date of Opening Tender	15.10.2022 at 04.00 P.M					
7	Name & Address of Tender Opening Officer	Executive Engineer , D . W & S Division Latehar					
8	Name & Address of Tender Inviting Authority	Executive Engineer, D . W & S Division Latehar					
9	Contact No of Procurment Office	9430725642, 6201242103					
10	Contact No of Procurement cell	0651-2480342					

- Estimated Cost & EMD Cost May Be Changed.
- Further Details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
D. W & S Division Latehar.

PR.NO.279289 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,चतरा
(समाज कल्याण शाखा)

–:आम सूचना:–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सामाजिक कुरीति निवारण योजना के तहत **'सामुहिक विवाह'** एवं **'अंतिम संस्कार'** हेतु विभाग के द्वारा अनुदान राशि प्राप्त है। उल्लेखनीय है कि सामुहिक विवाह सम्पन्न कराने वाले आयोजनकर्त्ता को प्रति जोड़े के लिए 2,000.00 (दो हजार रु) मात्र एवं अंतिम संस्कार के लिए सामुहिक अंतिम संस्कार या लावारिश शव का अंतिम संस्कार हेतु 2,000.00 (दो हजार रु) मात्र प्रति शव की दर से अनुदान राशि देय है।

अतः उपरोक्त कार्यक्रम सम्पादन करने वाले गैर सरकारी संस्था/आयोजनकर्त्ता जिला समाज कल्याण कार्यालय, चतरा में प्रस्ताव/आवेदन समर्पित करें।

नोटः–नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट् पर एवं जिले के वेबसाइट **www.chatra.nic.in** पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
चतरा

PR 279288 Social Welfare,Women and Child Development(22-23).D

कार्यालय :जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार

–: पशुपालक भाईयों के लिए आवश्यक सूचना :–

झारखण्ड राज्य के कुछ जिलो के सूकरों में African Swine Fever नामक बीमारी होने की सूचना प्राप्त हुई है, जिसके प्रमुख लक्षण सूकर के पेट, छाती, कान पर नीला/ लाल धब्बा का निशान, पतला दस्त आदि एवं अत्यधिक ज्वर (41°c से 42°c) के कारण सूकर की अचानक मृत्यु हो जाती है। ऐसी स्थिति में सूकरों को बीमारी से बचाने के लिए सावधानी बरतनी अति–आवश्यक है।

अतः लातेहार जिले के सभी पशुपालक भाईयों को सूचित किया जाता है कि बीमारी से बचाव हेतु निम्न बातों पर ध्यान देंगे :–

1.अपने–अपने पशुओं का साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देंगें।
2.एक सूकर फार्म से दूसरे सूकर फार्म में सूकरों को आने–जाने पर रोक रखें।
3.स्वयं फार्म के मालिक दूसरे फार्म में आना–जाना न करें।
4.सूकरों का चारा–पानी रोज बदलें
5.सूकरों की खरीद बिक्री न करें।
6.अन्य जाति के पशुओं को भी अपने सूकर फार्म में प्रवेश न करने दें।
7.बाहरी व्यक्ति/ वाहन इत्यादि का प्रवेश सूकर फार्म में न होने दें।

उपरोक्त यदि किसी प्रकार का लक्षण सूकर में दिखाई देता है तो तुरन्त नजदीकी पशु चिकित्सक को सूचित करेंगें, ताकि सूकर का ससमय ईलाज किया जा सके।

निवेदक,
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 279286 (Animal Husbandry)22-23*D

कार्यालय :जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार

–: पशुपालक भाईयों के लिए आवश्यक सूचना :–

गौवंशीय पशुओं के बीच Lumpy Skin Diseases (LSD) बहुत तेजी से फैलने की सूचना प्राप्त हो रही है। लातेहार जिला के कुछ प्रखण्डों से भी LSD बीमारी होने संबंधी सूचना प्राप्त हुई है। अतः Lumpy Skin Diseases (LSD)बीमारी के रोकथाम के लिए निम्नांकित गतिविधियों को किया जाना अति–आवश्यक है :–

Lumpy Skin Diseases (LSD) (गाँठदार त्वचारोगक्या है) :–

1. यह एक विषाणुजनित छुआछुत की बीमारी है।
2- LSD मुख्यतः गौ जाति एवं भैंस जाति को सवंमित करने वाला विषाणुजनित रोग है।
3. यह रोग मुख्य रूप से सवंमित मक्खियों, मच्छरों एवं चमोकन के काटने से होता है।
4. बीमार पशु के नाक, मुख के स्राव एवं घावों से भी इस बीमारी का प्रसार होता है।
5. बीमार दुधारू गाय/ भैंस के थन में घाव हो जाने के कारण दुध पीने वाले बाछा/ बाछियों में यह बीमारी फैल जाती है।
6. गाभिन गाय/ भैंस यदि इस रोग से सवंमित हो गई है तो, उससे जन्म लेने वाले बाछा/ बाछियों में भी यह बीमारी जन्म से आ जाती है।
7. सवंमित साँढ़/ भैंसा से पाल दिलाने पर अथवा संक्रमित सीमेन द्वारा ए०आई० कराने पर भी यह रोग गाय/ भैंस में फैल सकता है।

संक्रमित पशुओं में बीमारी के लक्षण :–

1. आरम्भ में पशुओं के संक्रमित होने पर आँख एवं नाक से स्राव शुरू होता है।
2. तेज बुखार।
3. दुग्ध उत्पादन में गिरावट।
4. संक्रमित पशुओं के चमड़ी पर गाँठदार घाव उभर जाते हैं।
5. लगभग पूरे शरीर के त्वचा पर 10–50mmतक के गोलाकार गाँठ का उभरना जो कुछ समय पश्चात् खोंटिदार घाव में परिवर्तित हो जाता है।
6. कभी–कभी संक्रमित पशुओं में निमोनिया के लक्षण भी पाये जाते हैं।
7. आमतौर पर मादा पशुओं में थनैला हो जाना आम बात है।
8. इस बीमारी से मृत्यु दर लगभग 10 प्रतिशत तक है।

बीमारी से बचाव एवं रोकथाम :–

1. समय–समय पर स्वस्थ पशुओं को टीका लगावें।
2. पशुओं में इस बीमारी के लक्षण पाये जाने पर इसकी सूचना अविलम्ब अपने नजदीकी पशु चिकित्सक को दें।
3. बीमारी के प्रारंभ में ही पशुओं का उपचार कराऐं।
4. बीमार पशु को अलग रखें।
5. साफ–सफाई पर पूरा ध्यान दें।
6. मच्छर, मक्खी एवं चमोकन पर नियंत्रण हेतु कारगर उपाय करें यथा गोहाल/ गौशाला के पास जल जमाव नहीं होने दें। नालियों को साफ रखें/ बाह्य परिजीवी नियंत्रण हेतु दवा का उपयोग करें।
7. संक्रमित पशुओं को बाहर चारागाह में चरने हेतु नहीं भेजे।
8. संक्रमण के दौरान पशुओं का क्रय विक्रय न करें।
9. गौशाला में आवाजा ही पर कड़ा नियंत्रण रखें।
10. बीमार मृत पशुओं की लगभग $1^{1/2}$मीटर गहरे गड्ढे में चूने एवं नमक के साथ दफना दें।
11. बीमार मृत द्वारा उपयोग में लाए गए पुआल, बोरा आदि को जला दें एवं पशुशाला को कीटाणुरोधी घोल में सफाई करें।

अतः लातेहार जिले के सभी पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि रोकथाम के उपाय अपना कर, रोग के प्रसार रोकने में अपना बहुमूल्य सहयोग दें। साथ ही उपरोक्त किसी प्रकार का लक्षण दिखाई देता है तो तुरन्त नजदीकी पशुचिकित्सक को सूचित करें।

निवेदक,
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 279284 (Animal Husbandry) 22-23 (D)

सम्पादक की कलम से...

रावण जिन्दा है..

दशहरा विदा हो गया है। बुधवार दशमी के दिन मां दुर्गे का विसर्जन कर दिया गया। इसी दिन जगह-जगह रावण वध का आयोजन किया गया। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या हम अपने अंदर छिपे बुराई रूपी रावण का वध कर चुके हैं? यह सवाल आज बरबस मन को बेचैन कर देता है। जवाब की प्रयोगशाला खाली है। सभी जगह अत्याचार और अनाचार का बोलबाला है। इसकी वजहों की पड़ताल के पीछे का आदमी ठहाका लगाता दिख रहा है। हर जगह रावण जिन्दा है। बाजार में मिलावट, स्वास्थ्य ,शिक्षा में मिलावट यहां तक की अकेलेपन में भी मिटावट। आखिर आदमी जाये तो कहां? जीवन की राह को कोरोना ने और जोखिम में डाल दिया है। कहीं से भी अपनापन का एहसास नहीं दिखता। सभी अपने घरों में कैद। मोबाइल और टीवी के साथ सुकून के पल को तलाशता आदमी आज बैचैन है। सामाजिक समरसता को कोरोना ने भी काफी हद तक प्रभाव डाला है। ये दूरियां आखिर इंसान को कहां लेकर जायेगी। ऐसे में इस परेशानी से बचने का एक ही उपाय है अपने आप को व्यस्त रखना। साथ ही स्वस्थ्य रहने के लिए कुछ नया करते, सीखते रहना जरूरी है। पिछले दिनों 55 वर्ष से ज्यादा के दो हजार लोगों पर किये गये सर्वे परिणाम में आया है कि 55 वर्ष से ज्यादा उम्र का हर पांचवां व्यक्ति अकेला महसूस करता है। वह बात करने के लिए किसी न किसी को ताकता रहता है। व्यक्ति का उम्र बढ़ने के साथ सामाजिक दायरा कम होता जाता है और हालत यह हो जाती है कि जवानी में चाहे कितने भी दोस्त रहे हों, जरा अवस्था आते-आते गिनती के दो-चार ही रह जाते हैं। जो आपको डांट सकते हैं, आपको कुछ कह सकते हैं, जिनके कहे को आप सुनते हैं। उम्र बढ़ने के साथ कई कारणों से उनका सामाजिक दायरा कम हो जाता है। ऐसे में इससे बचने के लिए योग और नृत्य क्लास जैसी जगह इस उम्र में न सिर्फ लोगों को फिट रख रही हैं, बल्कि नये दोस्त बनाने में मदद कर रही हैं। उम्र चाहे नौ की हो या 90 की, जरूरी यह है कि आपके पास मित्र हों। ये मित्र आपकी जिंदगी में नयापन लाते हैं। बेहतर संबंधों के लिए जीवन में देर कभी नहीं होती। जीवन के इस पड़ाव में वे अपना समय मित्रों व परिवार के साथ बिताना पसंद करते हैं। अचरज यह है कि ढलती उम्र के बावजूद 40 प्रतिशत बुजुर्ग कहते हैं कि स्वास्थ्य ठीक रहे तो, लंबी यात्राओं के लिए यह सही समय है। सेवानिवृति के बाद लगभग आधे से ज्यादा लोग अपने जैसे ही सेवानिवृत लोगों के साथ समय बिताना चाहते हैं। कुछ लोग मानते हैं कि यदि उनके पास दोस्त हों, तो वे ज्यादा सक्रिय होंगे। ज्यादा बेहतर जिंदगी जी सकेंगे। यहां तक कि कई लोगों ने सक्रिय होने के लिए दोस्त बनाये और उनके साथ टहलने-खेलने या घूमने जाने की योजनाएं बनायीं। उम्र के ढ़लान के बावजूद ज्यादा सक्रिय होने की कोशिश की जा सकती है। इसके लिये टहलते-दौड़ते, तैराकी करते व जिम जाने की दीनचर्या जरूरी है। ऐसे में इन उपायों के माध्यम से जीवन को सरल बनाया जा सकता है। ऐसे में इस दशहरे के मौके पर संकल्पों की पाठशाला में जरूर शामिल किया जा सकता है। इससे जहां लोगों से जुड़कर अपनापन का अनुभव होगा। वहीं अपने अंदर घर बना चुके बुराई रूपी रावण का संहार भी किया जा सकता है।

आज का इतिहास

1866 : 'वेसले कॉलेज' की मेलबर्न में स्थापना की गयी।
1896 : 'एक्सरे मशीन' का पहला प्रदर्शन किया गया।
1919 : 'बेंटले मोटर्स लिमिटेड' की स्थापना।
1930 : रवीन्द्रनाथ टैगोर ने साबरमती आश्रम की यात्रा की।
1945 : सोवियत संघ की सेना पोलैंड के शहर कराकोव पहुंची और जर्मनी को वहां से पीछे हटने पर मजबूर किया।
1951 : नीदरलैंड में झूठ पकड़ने वाली मशीन का पहली बार इस्तेमाल।
1952 : मिस्र में ब्रिटेन विरोधी दंगे भड़के।
1959 : महात्मा गांधी की सहयोगी मीरा बेन (मैडलिन स्लैड) ने भारत छोड़ा।
1960 : अमेरिका तथा जापान ने संयुक्त रक्षा समझौता किया।
1962 : अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1963 : फ्रांस ने यूरोपीय साझा बाजार से ब्रिटेन को अलग करने की वकालत की।
1968 : अमेरिका और तत्कालीन सोवियत रूस परमाणु हथियारों पर नियंत्रण के लिए एक संधि के प्रारूप पर सहमत हुए।
1968 : तत्कालीन सोवियत रूस ने पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण किया।
1976 : फ्रांस ने जासूसी के आरोप में 40 सोवियत अधिकारियों को देश से निष्कासित किया।
1989 : चेकोस्लोवाकिया में लाखों लोगों ने आजादी और मानवाधिकार के समर्थन में प्रदर्शन किया।
1996 : राजनेता एवं अभिनेता एन टी रामाराव का निधन।
1997 : 'नफीसा जोसेफ' मिस इंडिया बनीं।
2001 : लारेंट काविला की हत्या के बाद उसके पुत्र ने कांगों की सत्ता सम्भाली।
2002 : अमेरिका भारत को अत्याधुनिक हथियार देने को राजी।
2002 : पश्चिम अफ्रीकी देश सियरा लियोन में गृह युद्ध समाप्त।
2003 : हिन्दी भाषा के प्रसिद्ध कवि और लेखक हरिवंश राय बच्चन का निधन।
2006 : अमेरिका में इच्छा मृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगायी।

उपेक्षित व हताश बुजुर्ग पीढ़ी

"छियानबे देशों के ग्लोबल एज वाच इंडेक्स में भारत को इकहत्तरवें पायदान पर रखा गया था, जो भारत में बुजुर्गों के प्रति होने वाली उपेक्षा को दर्शाता है। एक अन्य सर्वे में सामने आया कि अपने ही परिजनों के दुर्व्यवहार के कारण पचहत्तर फीसद से भी ज्यादा बुजुर्ग परिवार में रहने के बावजूद अकेलेपन के शिकार हैं। अस्सी फीसद से ज्यादा बुजुर्ग अपने परिवार के साथ रहते तो हैं, पर उनमें से ज्यादातर अपने बहू-बेटे से स्वयं को पीड़ित महसूस करते हैं। बुजुर्गों की उपेक्षा के मामले हालांकि केवल भारत तक सीमत नहीं हैं। विदेशों में तो बुजुर्गों की हालत और बुरी है। मगर भारत के संदर्भ में यह स्थिति ज्यादा चिंताजनक इसीलिए है। एक अन्य सर्वे में सामने आया कि अपने ही परिजनों के दुर्व्यवहार के कारण पचहत्तर फीसद बुजुर्ग परिवार में रहने के बावजूद अकेलेपन के शिकार हैं। अस्सी फीसद से ज्यादा बुजुर्ग अपने परिवार के साथ रहते तो हैं, पर उनमें से ज्यादातर अपने बहू-बेटे से स्वयं को पीड़ित महसूस करते हैं। बुजुर्गों की उपेक्षा के मामले हालांकि केवल भारत तक सीमत नहीं हैं। विदेशों में तो बुजुर्गों की हालत और बुरी है। मगर भारत के संदर्भ में यह स्थिति ज्यादा चिंताजनक इसीलिए है, क्योंकि भारतीय समाज में सदैव संयुक्त परिवार को अहमियत दी जाती रही है, जहां बुजुर्गों का सर्वोपरि स्थान रहा है। आज के बदलते दौर में छोटे और एकल परिवार की चाहत में संयुक्त परिवार की धारणा खत्म होती जा रही है, जिसके चलते लोग जहां अपने बुजुर्गों से दूर हो रहे हैं, वहीं बच्चे भी दादा-दादी, नाना-नानी के प्यार से वंचित हो रहे हैं। अकेले रहने के कारण जहां अब बुजुर्गों के प्रति अपराध बढ़ने लगे हैं, वहीं छोटे परिवारों में बच्चों को परिवार के बुजुर्गों का सान्निध्य नहीं मिलने के कारण उनकी कार्यशैली पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है भारत में बुजुर्गों की जनसंख्या वर्ष 2011 में 10.4 करोड़ तथा 2016 में करीब 11.6 करोड़ थी और अनुमान है कि यह 2026 में बढ़ कर 17.9 करोड़ तक पहुंच जायेगी। एक अन्य अनुमान के मुताबिक 2050 तक दुनिया भर में पैंसठ वर्ष के आसपास की आयु के लोगों की संख्या एक अरब होगी, जिनमें से अधिकांश वृद्ध भारत जैसे विकासशील देशों में होंगे, क्योंकि यहां जनसंख्या बहुत ज्यादा है। वृद्धों में भी महिलाओं की संख्या ज्यादा होगी, क्योंकि वे प्रायः पुरुषों से लंबा जीवन जीती हैं। 'वर्ल्ड पापुलेशन प्रास्पेक्ट्स 2019' में बताया गया था कि दुनिया भर में जहां वर्ष 2019 में प्रत्येक ग्यारह में से एक व्यक्ति की उम्र पैंसठ वर्ष से ज्यादा थी, वहीं वर्ष 2050 तक विश्व में हर छह व्यक्तियों में से एक की आयु पैंसठ वर्ष से अधिक होगी। ऐसे में बुजुर्गों की विभिन्न समस्याओं के प्रति संजीदा होने और उम्र के इस आखिरी पड़ाव में उन्हें आर्थिक संबंल देने के लिए ठोस कदम उठाये जाने की सख्त दरकार है।"

■ योगेश कुमार गोयल

दहेज

राजु व सीता बड़ी मुश्किल से सात-आठ साल के होंगे। एक दिन दोनों गुड्डा - गुड्डी का खेल खेल रहे थे। खेल खिलौनों का था इसलिए घर पर जितने भी खिलौने थे सारे उठा लाये। राजु ने सीता से कहा, गुड्डा मेरा होगा और गड्डी तुम्हारी। अगर अपनी गुड्डी की शादी मेरे गुड्डे के साथ करवाना चाहती हो तो मैं जैसा कहता हूँ, वैसा करना होगा। सीता मान गयी। राजु थोड़ा गंभीर होते हुए बोला, मेरे गुड्डे के लिए दहेज में क्या-क्या दोगी? सीता ने कहा, रसोईघर के बर्तन जैसे प्रेशर कूकर, कड़ाही, थाली, चम्मच, चारपाई, स्कूटर और भी कुछ सामान दूँगी। राजु मान गया। उसने छोटी सी पूंगी लेकर बजाने का नाटक करने लगा। सीता गुड्डी की शादी हो जाने की खुशी में खूब नाचने लगी। सीता के पिता जी यह सब गौर से देख रहे थे। वे भी खिलौनोंवाली गुड्डा-गुड्डी की शादी देखकर मंद-मंद मुस्कुराने लगे। अगले दिन एक अजीब घटना घटी। राजु ने सीता को उसकी गुड्डी और स्कूटर दोनों लौटा दिए। सीता अपनी गुड्डी और स्कूटर हाथ में लिए खूब रो रही थी। उसकी माँ ने उसे खूब समझाया लेकिन वह रुकने का नाम नहीं ले रही थी। रात को पिता जी ऑफिस से घर लौटे। सीता सीधे पिताजी से जाकर लिपटकर रोने लगी। पिताजी ने उससे रोने का कारण पूछा, तब सीता ने जो उत्तर दिया वह सुनकर न केवल उसके पिता की बल्कि जितने भी दहेज प्रथा से जुड़े लोग हैं, उनके पैरों तले जमीन खिसक गयी। सीता ने कहा, राजु कहता है कि उसका गुड्डा अब स्कूटर पर ऑफिस नहीं जायेगा। उसे कार चाहिए। उसके गुड्डे को स्कूटर पर जाना अच्छा नहीं लगता। इतना कहते हुए उसने यह दोनों लौटा दिये। यह सुन पिता अवाक् रह गये और दूसरी तरफ सीता फिर से रोने लगी।

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

घटती सामाजिकता में छिपी हिंसा

पिछले कुछ दिनों में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और देश के अन्य महानगरों में शहरी हिंसा के बदलते प्रोफाइल की दिलचस्प छवियां दिखाई पड़ीं। ऐसा नहीं था कि यह हिंसा कोई आकस्मिक परिघटना हो। फर्क सिर्फ इतना आया है कि तकनीक ने अब इसे ढका-छिपा नहीं रहने दिया है। पिछले एक महीने में ही देखें, तो देश की राजधानी से सटे अकेले नोएडा में ही आधे दर्जन से अधिक वीडियो वायरल हुए हैं, जिनमें उच्च मध्य वर्ग की सोसायटियों में महिलाएं गार्ड या पड़ोसियों या टैक्सी चालकों की पिटाई करती दिख रही हैं। कुछ में तो वे ऐसी गालियों का वर्जना मुक्त इस्तेमाल कर रही हैं, जिन पर प्रचलित मान्यता के अनुसार, सिर्फ मर्दों का ही अधिकार था। अब तक कहां छिपी थी यह हिंसा? यह भारतीय मानस में छिपी वह हिंसा है, जिसे प्रख्यात समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया क्रूर कायरता कहते थे। इस हिंसा में अपने से ताकतवर के आगे तो समर्पण और कमजोर पर ज्यादती हमारे व्यवहार का अंग होता है। अपने मोहल्ले के गुंडे के आगे दुम हिलाने वाले लोग बस अड्डे पर पकड़े गये जेबकतरे पर अपनी बहादुरी का प्रदर्शन करते हैं। हालिया हिंसा के मामलों में भी पिटने वाले अक्सर गार्ड या घरों में काम करने वाले थे। शहरी हिंसा के ये बढ़ते हुए मामले कई अर्थों में हमारी पारंपरिक समझ की पकड़ के बाहर हैं और एक विस्तृत समाजशास्त्रीय अध्ययन की मांग करते हैं। बेतरतीब शहरीकरण के चलते बड़ी संख्या में अपनी जड़ों से उखड़ेहुए लोग आकर महानगरीय सोसायटियों में बस रहे हैं। अलग-अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से आने वाले परिवारों के बीच अपरिचय के विंध्याचल पसरे होते हैं और अक्सर एक-दूसरे के बारे में उनके पास बुनियादी जानकारी भी नहीं होती है। अलगाववाद की यह स्थिति कार्ल मार्क्स की उस शास्त्रीय परिकल्पना से भिन्न है, जो उन्होंने कामगारों की नियति को ध्यान में रखते हुए गढ़ी थी, पर है उतनी ही कारुणिक और अंदर से तोड़ देनी वाली। जिन गांवों, कस्बों या छोटे शहरों को छोड़कर ये नये रहवासी इन गगनचुंबी इमारतों में रहने आए हैं, वहां निजता के मूल्य का कोई अर्थ नहीं है। पड़ोसी यहां तक जानते हैं कि बगल वाले घर की रसोई में क्या पक रहा है। एक खास तरह की सामाजिकता है, जिसमें हर कोई एक-दूसरे के सुख-दुख में शरीक होता है। इसके बरक्स अपार्टमेंट में पड़ोसी को उसके दरवाजे पर टंगे नेम प्लेट की इबारत से ही पहचानते हैं। कभी-कभार लिफ्ट में मिल जाने पर दुआ-सलाम तक सीमित ये संबंध किसी अंतरंगता का निर्माण नहीं कर सकते। ऐसे में, स्वाभाविक ही है कि यह अलगाववाद प्रेम, पारस्परिकता और सद्भाव के लिए जीवन में स्थान संकुचित करता जाता है। इन बहुमंजिली इमारतों की जिंदगी में यह तो स्वाभाविक ही है कि उनके निवासी ज्यादा सहजता से अपना धैर्य खो देते हैं। समाज में बढ़ रही गैर-बराबरी इसमें उत्प्रेरक की भूमिका निभाती है। महानगरों में रोजगार के नये अवसर उत्पन्न हुए हैं। किसी भी बड़े शहर में सुरक्षा गार्ड, डिलिवरी बॉय या मेड जैसी नौकरियों में लाखों लोग कार्यरत हैं। गांवों में रोजगार के अभाव के चलते वहां से शहरों में आए लोग कम वेतन पर देर तक काम के लिए राजी हैं। अस्वास्थ्यकर रिहाइशों में रहते और पर्याप्त भोजन या मनोरंजन की बुनियादी सुविधाओं से वंचित इनका सामना उस मध्यवर्ग से पड़ता है, जो खुद भी अलग-थलग पड़ा बहुत से कोमल तत्वों से वंचित हो चुका है। स्वाभाविक है कि इस संपर्क से तनाव के ऐसे बिंदु उत्पन्न होते हैं, जिनकी सहज परिणति वाचिक या शारीरिक हिंसा में होती है। यहां एक निर्णायक फर्क तकनीक ने पैदा कर दिया है। फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी की सुविधा सहज और सस्ती उपलब्ध है,जिसे हम सर्वहारा के प्रतिरोध के रूप में देख सकते हैं। पुलिस-ज्यादती की कई घटनाएं सिर्फ वीडियो वायरल होने से सार्वजनिक हो पाईं और दोषियों को दंडित किया जा सका। इसी तरह, सिर्फ एक हफ्ते में नोयडा की दो घटनाओं में सिक्योरिटी गार्ड ने वीडियो बनाकर दो मगरूर अपार्टमेंट निवासी के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करा दी। महिलाओं ने एक मनबढ़ नेता को भी उसकी हरकतों की वीडियो बनाकर जेल भिजवा दिया। आत्मकेंद्रित परिवारों में हिंसा कई रूपों में दिखती है। मेरे एक पड़ोसी दंपति रोज चहकते-टहलते मिलते थे। दोनों अस्सी के आस-पास हैं और पति प्राकृतिक चिकित्सा, योग और आध्यात्म में रंगे-बसे हैं। टहलते समय उन्होंने मुझे भी 'सुधारने' की कोशिश की, मगर कुछ ही दिनों में निराश होकर अपना इरादा छोड़ दिया, पर सुबह साथ टहलने के सुख से वंचित नहीं किया। उनके साथ टहलने का एक आनंद यह भी है कि वे ही बोलते रहते हैं और मुझे चुपचाप टहलने का भरपूर मौका मिलता है। उनका प्रिय विषय अपने बेटे-बहू और पौत्र-पौत्री की कामयाबी है। उस दिन भी मुझे इसी प्रलाप की प्रतीक्षा थी, मगर वह चुपचाप टहल रहे थे। अचानक उन्होंने चहकने का प्रयास करते हुए कहा कि कल देर रात उनका बेटा और बहू अपने दोनों बच्चों को लेकर यूरोप चले गए। उन्होंने एक बार और चहकने का प्रयास किया और बताया कि उनकी तनख्वाहें अब सात अंकों में पहुंच गई हैं। एक और प्रयास किया चहकने का, जब यह सूचना दी कि वे तो उन्हें भी साथ ले जा रहे थे, पर उनकी पत्नी ही राजी नहीं हुई। 'प्रयास' मैंने इसलिए कहा कि हर वाक्य के बाद वह कनखियों से मुझे देखते और हर बार उन्हें असुविधा से बचाने के लिए मैं दूसरी तरफ देखने लगता था। न उन्होंने बताया, न मैंने उनसे पूछने का साहस किया कि विदेश जाने की औपचारिकता में तो महीनों लगते हैं, ऐसा क्यों हुआ कि उनके बेटे ने उन्हें जाने वाली शाम को ही सूचित किया। रोज तो वह लगातार बोलते रहते थे, आज न जाने क्या था कि वह देर तक चुपचाप टहलते रहे। फिर अचानक एक जगह रुककर हंसने लगे, चलिए आप लोग हैं, हमारी गति बिश्नोई साहब जैसी तो नहीं होगी। बिश्नोई साहब हमारे इलाके से कुछ दूर रहते थे। एक सुबह अखबार में हमने पढ़ा कि कई दिन उनके फ्लैट का दरवाजा नहीं खुला, तो पड़ोसियों ने पुलिस को बुलाकर उसे तुड़वाया। अंदर बिश्नोई दंपति की सड़ी-गली लाश मिली थी। उनकी डायरी से बेटे का नंबर तलाशकर अमेरिका फोन किया गया। अब आकर भी वह क्या करता, उसके भेजे पैसे से उनका संस्कार करा दिया गया। मेरे पड़ोसी के प्रश्न का क्या उत्तर होता, हम चुपचाप टहलते रहे। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

■ विभूति नारायण

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

अथ प्रथमोऽध्यायः

राजा बोले- हे मुनिश्रेष्ठ! अब आप मुझे मनुष्यों और देवताओंके द्वारा सेवनीय इस पृथ्वीपर स्थित पुण्य तीर्थों, क्षेत्रों तथा नदियोंके विषय में बताइये। उन तीर्थोंमें स्नान तथा दानका जैसा फल मिलता है, उसे और विशेषरूपसे तीर्थयात्राकी विधि तथा नियमोंको भी बताइये ॥ 1-2 ॥

व्यासजी बोले- हे राजन! सुनिये, मैं उन विविध तीथोंका वर्णन करूँगा, जिन तीर्थों में देवियोंके प्रशस्त मन्दिर विद्यमान हैं ॥ 3 ॥

नदियोंमें गंगा श्रेष्ठ हैं, इसी प्रकार यमुना, सरस्वती, नर्मदा, गण्डकी, सिन्धु, गोमती, तमसा, कावेरी, चन्द्रभागा, पुण्या, शुभ वेत्रवती, चर्मण्वती, सरयू तापी तथा साभ्रमती भी हैं इन्हें मैंने बतला दिया। हे राजन! इनके अतिरिक्त सैकड़ों अन्य नदियाँ भी हैं। उनमेंसे समुद्रमें गिरनेवाली नदियाँ पुण्यमयी हैं तथा समुद्रमें न गिरनेवाली नदियाँ अल्प पुण्यवाली हैं। समुद्रगामिनी नदियोंमें वे बहुत पवित्र हैं जो सदा जलपूरित होकर बहती हैं। श्रावण और भाद्रपद-इन दो महीनों में सभी नदियाँ रजस्वला होती हैं; क्योंकि उनमें वषार्कालमें ग्रामीणजल प्रवाहित होता है ॥ 4-7 ॥

पुष्कर, कुरुक्षेत्र, धर्मारण्य, प्रभास, प्रयाग, नैमिषारण्य और विख्यात अबुर्दारण्य-ये अत्यन्त पवित्र तीर्थ हैं। इसी प्रकार श्रीशैल, सुमेरु और गन्धमादन पवित्र पर्वत हैं। सरोवरोंमें सर्वविख्यात मानसरोवर, श्रेष्ठ बिन्दुसर और पवित्र अच्छोदसरोवर पुण्य सरोवर हैं ॥ 8-10 ॥

इसी प्रकार शुद्ध मनवाले मुनियोंके आश्रम भी, पुण्यस्थल हैं। विख्यात बदरिकाश्रम सदैव पुण्यशाली आश्रमके रूपमें कहा गया है जहाँ नर-नारायण नामके दो मुनियोंने तपस्या की थी। ऐसे ही वामनाश्रम और शतयूपाश्रम भी विख्यात हैं। जिस ऋषिने जहाँ तपस्या की वह आश्रम उसीके नामसे प्रसिद्ध हो गया ॥ 11-13 ॥

हे राजन इस प्रकार इस भूतलपर असंख्य पवित्र पुण्यस्थल हैं, जो मुनियोंद्वारा पवित्र कहे गये हैं। हे राजन । इन सभी स्थानोंमें देवीके मन्दिर हैं, जो दर्शन कर लेने मात्रसे पापका हरण करते हैं, वहाँ बहुत से भक्त नियमपूर्वक वास करते हैं। उन कतिपय स्थानोंका वर्णन आगे करूँगा ॥ 14-15 ॥

हे राजन तीर्थ, दान, व्रत, यज्ञ, तपस्या और सभी पुण्यकर्म शुद्धिसापेक्ष है। द्रव्यशुद्धि क्रियाशुद्धि और मानसिक शुद्धिके आधारपर ही तीर्थ, तप और व्रत पवित्र होते हैं। कभी द्रव्यशुद्धि और कभी क्रियाशुद्धि हो पाती है, लेकिन हे राजन! मानसिक शुद्धि सबके लिये सदा ही दुर्लभ होती है; क्योंकि हे नृप! मन बड़ा चंचल है और अनेक विषयोंमें भटकता रहता है। तब हे राजन विविध विषयोंके आश्रित रहनेवाला मन कैसे शुद्ध रह सकता है ? ॥ 16-19 ॥

- क्रमशः

संपादक के नाम पाठकों की पाती

सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक जरूरी

सिंगल यूज प्लास्टि पर प्रतिबंध आज-कल का एक ज्वलंत विषय है। क्योंकि सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टि का उपयोग बंद करने और पर्यावरण के अनुकूल कैरी बैग का उपयोग करने के लिए अभियान शुरू किया है। सिंगल यूज प्लास्टिक का हर साल लाखों टन उत्पादन होता है। जिसमें प्लास्टिक की थैलियां, पॉलीथिन, प्लास्टिक के सोडा और पानी की बोतलें और खाद्य पैकेजिंग आइटम आदि शामिल हैं। ये सिंगल यूज प्लास्टि केवल एक बार उपयोग किए जाते हैं और फिर रीसायकल के लिए कचरे के रूप में फेंक दिए जाते हैं। प्लास्टिक बैग या प्लास्टिक बायोडिग्रेडेबल नहीं होते हैं और आमतौर पर ये जमीन के अंदर चले जाते हैं । जहां यह दब जाता है और धीरे-धीरे पानी में चला जाता है। कुछ दिनों के बाद विभिन्न तरीकों से यह समुद्र में चला जाता है। वे मिट्टी और जल निकायों में प्रवेश करते हैं और छोटे कणों में टूट जाते हैं, लेकिन वे विघटित नहीं होते हैं। सिंगल यूज प्लास्टि सौ से अधिक वर्षों तक मिट्टी और पानी में रहते हैं और विषाक्त रसायनों को छोड़ते हैं । इस तरह हमारे सुंदर ग्रह और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं। प्लास्टिक की थैलियां प्लास्टिक बैग जो जल निकायों में प्रवेश करती हैं। जल प्रदूषण का एक प्रमुख कारण हैं और इस प्रकार हमारे पर्यावरण को हर संभव तरीके से खराब कर रही हैं। सरकार द्वारा सिंगल युज प्लास्टिक पर पाबंदी के बाद प्रशासन इस पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। मैं लोकप्रिय हिन्दी समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से लोगों से अपील करता हूँ कि सिंगल युज प्लास्टिक का इस्तेमाल पर रोक लगाये,और प्रशासन के द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान में का हिस्सा बनें।

■ रवि कुमार , मेदिनीनगर।

प्रकृति व बीज संरक्षण की याद दिलाता है देवी पूजन

विश्व की प्राचीनतम धार्मिक व्यवस्था में सनातन एक है। यह धर्म अपने स्थान के अनुसार प्रायः प्रकृति से जुड़ा है। मानव सभ्यता पूरी तरह परिपक्व हो चुकी थी, भाषा, लय व भाव का भान हो गया था, तब समयानुसार देव-देवियों व नकारात्मक शक्तियों की ओर ध्यान गया। देव के साथ देवी हैं। देवी की अपनी अलग सत्ता है। देवी जगदंबा हैं। शक्ति संप्रदाय के लिए देवी ही सर्वस्व हैं। सृष्टि का अहम अंग हैं। देवी मातृशक्ति हैं। जब-जब मानव को हारने का भय होता है, तब-तब वह उनकी शरण में जाता है। नवदुर्गा वैसी ही सर्वशक्तिमती देवी हैं। मातृशक्ति (नारी-शक्ति) का प्रतीक। आज भी जो नारी अपने वजूद के लिए संघर्ष करती है, वह मातृशक्ति का ही रूप है। शास्त्रीय दुर्गा लोक में इतनी घुल-मिल गई कि इसे पृथक करना कठिन है। कुमारिका दुर्गा की पूजा होती है। पूजन का मंडल इस प्रकार होता है। पहले आठ, तब 16, 32 और अंत में 64 योगिनी। मंडल पूर्ण होते-होते वह सुहागिन का रूप धारण कर लेती हैं और तब नवमी के दिन उनकी मांग भरके खोंइछा भरने के बाद विदाई की तैयारी कर ली जाती है। आस्था में डूबे श्रद्धालु कुमारी कन्याओं को आदर सहित भोजन कराते हैं और दक्षिणा देकर उनसे आशीर्वाद लिए जाते हैं। अगले दिन, जहां प्रतिमा स्थापना होती है, वहां स्त्रियां संपूर्ण सुहाग बांटती मिलती हैं। कृषि आधारित इस प्राचीन भूमि पर गौर से देखा जाए, तो समयानुकूल कई विधि-विधान जोड़े गये लगते हैं। मगर सबके मूल में बीज संरक्षण है। प्राचीनतम बीज, जो खाद्य हैं, वे हैं जौ और उड़द। प्राचीन पुष्प अपराजिता। यह पराजित नहीं होती, इसकी लतर, इसके बीज स्वयं धरती में उत्सर्ग हो जाते हैं और नव अंकुर फूटते हैं। जौ बोना, जलयुक्त घट भरकर रखना, आम का पल्लव और दीप जलाना संकेत है कि मूल तत्व यही है, इसे ही बचाकर रखना है। रक्षक माता है। हम पढ़ते आए हैं कि बीज और फसलों का संग्रह व उपयोग स्त्रियों ने प्रारंभ किया। यही दुर्गा कर रही हैं। फसलों को सबसे अधिक कौन नष्ट करता है, यही विचारणीय है। महिष आता है उजाड़ने सब कुछ। यदि फसल की दृष्टि से देखें, तो स्वतः यह भाव जगेगा कि दुर्गा किस दुर्गति का नाश करती हैं। आज मनुष्य सर्वशक्तिमान है। कभी प्रकृति के साथ रहता मानव पशुओं, सरीसृपों से त्रस्त था। आयुधों का आविष्कार उनसे बचने के लिए ही हुआ था। समाज शास्त्रीय दृष्टि से देखें, तो 64 योगिनी से उत्पन्न कुमारिकाओं के पूजन से कामना यही रहती है कि घर-संसार निष्कंटक चले। प्रमुख परमेश्वर ब्रह्मा, विष्णु और महेश हैं। दुर्गा शिव की शिवा हैं। दुर्गा सप्तशती का एक श्लोक है- चिताभस्मालेपो गरलमशनं दिक्पटधरो/ जटाधारी कण्ठे भुजगपतिहारी पशुपतिः/ कपाली भूतेशो भजति जगदीशैक पदवीं/ भवानी त्वत्पाणिग्रहण परिपाटी फलमिदम। (हे भवानी, जो अपने अंगों में चिता की राख लपेटे रहते हैं, जिनका विष ही भोजन है, जो दिगंबर हैं, माथे पर जटा और कंठ में नाग लपेटे हैं, भिक्षाटन के लिए कपाल लिए फिरते हैं, ऐसे भूतनाथ पशुपति ही 'जगदीश' कहलाते हैं। हे मां, तुमने पाणिग्रहण द्वारा उनको यह पदवी दिलवाई।) लोककंठ में एक मनोरंजक कथा है। एक दिन महागौरी ने शिव से कहा, धरती पर जनसंख्या बढ़ रही है, कोई उपाय करें। शिव ने नंदी बैल से कहा, जाओ, धरती के किसानों से कह आओ कि वे दो बार स्नान-ध्यान करें और एक बार भोजन। नंदी सिर हिलाकर चल दिया। धरती पर आते ही हरी-हरी घास दिख गई। कैलास पर तो सिर्फ बर्फ रहता है। सो चारा देख उसके मुंह में पानी आ गया। पेट भर घास चरने के बाद वह धरती पर आगे बढ़ा और मस्ती में कह आया कि तुम लोग दो बार भोजन करो और एक बार स्नान-ध्यान। शिव ने जब सुना, तो माथा पकड़ लिया। उन्होंने नंदी से कहा, अब तू जा, कंधे पर पाली रखकर खेत जोत और उनका पालन कर। लोक मान्यता है कि नंदी को शिव ने ही भेजा है इंसान की सहायता करने। यह सब देख महागौरी मुस्करा उठती हैं। किस्से का अर्थ स्पष्ट है कि देवी आपातकाल में अपनी वीरता का उपयोग कर सकल प्राणियों को अभयदान देती हैं और शांतिकाल में निर्माण के लिए प्रतिबद्ध रहती हैं **(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

■ उषाकिरण खान

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

आंतों का कैंसर होने पर शरीर में नजर आते हैं यह बदलाव, तुरंत हो जाएं सतर्क

बाउल कैंसर से पीड़ित होने पर बहुत से लोगों को रोग के प्रारंभिक चरण में कोई लक्षण नजर नहीं आता है। जब लक्षण दिखाई देते हैं, तो वे कैंसर के आकार और आपकी बड़ी आंत में स्थान के आधार पर भिन्न हो सकते हैं। कैंसर एक ऐसी जानलेवा बीमारी है, जिसके बारे में सुनकर ही व्यक्ति घबरा जाता है। हालांकि, आज के समय में कैंसर का इलाज संभव है। लेकिन अधिकतर लोगों की जान सिर्फ इसलिए चली जाती है, क्योंकि उन्हें समय पर अपनी बीमारी के बारे में पता नहीं चलता है। ऐसे में वह जब तक कोई कदम उठाते हैं, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कैंसर के विभिन्न प्रकारों में से एक है आंत का कैंसर।



पहचानें लक्षण

- बाउल कैंसर होने पर व्यक्ति को अपने शरीर में कुछ बदलाव नजर आ सकते हैं।
- आपकी मल त्याग की आदतों में लगातार परिवर्तन, जिसमें दस्त या कब्ज की समस्या होना या फिर आपके मल की कंसिस्टेंसी में बदलाव शामिल है
- आपके मल में मलाशय से रक्तस्राव या रक्त
- लगातार पेट में बेचैनी, जैसे ऐंठन, गैस या दर्द
- ऐसा महसूस होना कि आपकी आंत पूरी तरह से खाली नहीं है
- कमजोरी या थकान
- अस्पष्टीकृत वजन घटना

बाउल कैंसर से पीड़ित होने पर बहुत से लोगों को रोग के प्रारंभिक चरण में कोई लक्षण नजर नहीं आता है। जब लक्षण दिखाई देते हैं, तो वे कैंसर के आकार और आपकी बड़ी आंत में स्थान के आधार पर भिन्न हो सकते हैं।

जानिए रिस्क फैक्टर

आपके पेट के कैंसर के जोखिम को बढ़ाने वाले कारकों में शामिल हैं।

- कोलन या बाउल कैंसर का निदान किसी भी उम्र में किया जा सकता है, लेकिन कोलन कैंसर वाले अधिकांश लोग 50 वर्ष से अधिक उम्र के होते हैं। 50 से कम उम्र के लोगों में कोलन कैंसर की दर बढ़ रही है।
- यदि आपको पहले से ही कोलन कैंसर या नॉनकैंसरस कोलन पॉलीप्स हो चुके हैं, तो आपको भविष्य में कोलन कैंसर का अधिक खतरा है।
- बृहदान्त्र की पुरानी सूजन संबंधी बीमारियां, जैसे अल्सरेटिव कोलाइटिस और क्रोहन रोग, आपके पेट के कैंसर के खतरे को बढ़ा सकते हैं।
- यदि आपका कोई रक्त संबंधी है जिसे यह रोग हुआ है, तो आपको कोलन कैंसर होने की संभावना अधिक होती है। यदि परिवार के एक से अधिक सदस्य कोलन कैंसर या मलाशय का कैंसर है, तो आपका जोखिम और भी अधिक है।
- जो लोग निष्क्रिय होते हैं उनमें कोलन कैंसर होने की संभावना अधिक होती है। नियमित शारीरिक गतिविधि करने से आपके पेट के कैंसर का खतरा कम हो सकता है।
- मधुमेह या इंसुलिन प्रतिरोध वाले लोगों में कोलन कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।
- जो लोग मोटे होते हैं उनमें कोलन कैंसर का खतरा बढ़ जाता है और सामान्य वजन वाले लोगों की तुलना में कोलन कैंसर से मरने का खतरा बढ़ जाता है।
- जो लोग धूम्रपान करते हैं उन्हें पेट के कैंसर का खतरा बढ़ सकता है।
- शराब के भारी सेवन से आपके पेट के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

❖ मिताली जैन

घर बैठे करें डायबिटीज कंट्रोल असरदार है ये इलाज

डायबिटीज में सबसे ज्यादा जरूरी है, शुगर लेवल का संतुलन बनाए रखना। शुगर कंट्रोल करने के लिए जरूरी है कि आप मॉर्निंग वॉक करें, अपने खानपान पर विशेष ध्यान दें, और परहेज करें। साथ ही, कई ऐसे घरेलू उपाय हैं जिनसे आप डायबिटीज को कुछ हद तक कंट्रोल कर सकते हैं। आज के दौर में डायबिटीज बेहद आम बीमारी हो गई है, चाहे बच्चा हो या बूढ़ा, कोई भी चूका नहीं है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की राय में जो व्यक्ति डायबिटीज से पीड़ित होते हैं, उनमें हार्ट अटैक का खतरा आम व्यक्ति से कई गुना ज्यादा बढ़ जाता है। भारत में भी इसके काफी ज्यादा मरीज हैं। और इसका सबसे अहम कारण है- हमारा अस्त-व्यस्त लाइफस्टाइल और गलत खानपान। लेकिन लाइफस्टाइल और भोजन की आदतों में सुधार करके हम इस बीमारी से बच सकते हैं। डायबिटीज में सबसे ज्यादा जरूरी है, शुगर लेवल का संतुलन बनाए रखना। शुगर कंट्रोल करने के लिए जरूरी है कि आप मॉर्निंग वॉक करें, अपने खानपान पर विशेष ध्यान दें, और परहेज करें। साथ ही, कई ऐसे घरेलू उपाय हैं जिनसे आप डायबिटीज को कुछ हद तक कंट्रोल कर सकते हैं।

तुलसी की पत्तियां

हेल्थ एक्सपर्ट के बताया है कि तुलसी की पत्तियों के अनेक लाभ हैं, यह तो सभी जानते ही हैं। लेकिन क्या आपको मालूम है कि तुलसी आपके ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल कर सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस की पत्तियों में एंटी-ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। यह हमारी शरीर के बीटा सेल्स को इंसुलिन के प्रति सक्रिय बनाती हैं। अगर आपको इसका सेवन करना है तो आप तुलसी की पत्तियों का रस निकाल कर या फिर केवल पत्ते चबा सकते हैं।

करेले का करें सेवन

टाइप-2 डायबिटीज मरीजों के लिए करेला को काफी फायदेमंद माना जाता है। क्योंकि इसमें कैरेटिन नाम का तत्व होता है, जिसका इस्तेमाल प्राकृतिक स्टेरॉयड के रूप में होता है। इससे खून में शुगर का स्तर बढ़ नहीं पाता। साथ ही डायबिटीज के मरीज का शुगर लेवल भी कंट्रोल रखता है।

जामुन भी है फायदेमंद

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार डायबिटीज को कंट्रोल करने के लिए जामुन एक रामबाण इलाज है। उसका बीज, रस व पत्तियां, सभी लाभकारी होती हैं। शुगर पेशेंट, जामुन के सूखे बीजों को पाउडर बना कर एक चम्मच दिन में दो बार पानी या दूध के साथ लें। या फिर आप बाजार से जामुन के बीज का पाउडर भी खरीद कर सेवन कर सकते हैं। इससे आप अपने डायबिटीज को कंट्रोल में रख सकते हैं।

दालचीनी का पाउडर लें

दालचीनी कई सारे अचूक फायदों के लिए जाने वाला मसाला है, जो कि घर में आसानी से मिल जाता है। इसका सेवन करने से कई स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं। यह ब्लड में शुगर के लेवल को कम करने और नियंत्रित करने में मददगार है। साथ ही, इसके नियमित सेवन से मोटापा भी कम होता है। दालचीनी के पाउडर को आप गुनगुने पानी में सेवन कर सकते हैं।

मेथी खाएं

डायबिटीज के मरीजों के लिए मेथी बहुत फायदेमंद माना गया है। यदि आप रोजाना कम से कम 50 ग्राम मेथी का सेवन करेंगे तो आपका ग्लूकोज लेवल जरूर नीचे चला जाएगा। साथ ही, आपको डायबिटीज की समस्या से राहत भी मिलेगी।

आंवला-करेले का मिक्स जूस पिएं

आंवले को तो रोगनाशक फल माना जाता है। यह डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद फायदा करता है। यदि आप भी अपना शुगर लेवल कंट्रोल में रखना चाहते हैं तो एक चम्मच आंवले के रस में करेले का रस मिलाएं और उसे हर दिन पिएं। यह डायबिटीज के लिए सबसे अच्छी दवाई मानी जाती है।

हर दिन पीएं ग्रीन टी

हर रोज सुबह और शाम ग्रीन टी पीने से डायबिटीज में फायदा होगा। क्योंकि ग्रीन टी में उच्च मात्रा में पॉलीफिनॉल पाया जाता है जो कि एक एंटी-ऑक्सीडेंट है। साथ ही, यह ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मददगार है।

❖ शैव्या शुक्ला

पार्टनर के झगड़े को इन टिप्स से करें दूर

कुछ कपल्स छोटी-छोटी लड़ाइयों को दरकिनार कर अपने रिश्ते को खुशी खुशी आगे बढ़ा लेते हैं। तो कुछ कपल्स इसे खींच कर इतना बढ़ा लेते हैं कि उनका रिश्ता कमजोर होने लगता है। लेकिन अगर आप चाहते हैं कि आपके रिश्ते में प्यार बना रहे तो अपने को खुश रखने की कोशिश करें। हर कपल चाहता है कि उसके रिश्ते में हमेशा प्यार बना रहे। लेकिन कई बार कुछ कारणों की वजह से रिश्ते की डोर कमजोर होने लगती है। कई बार छोटे-छोटे लड़ाई -झगड़े, रिश्ते पर असर डालने लगते हैं। कुछ कपल्स इन छोटी-छोटी लड़ाइयों को दरकिनार कर अपने रिश्ते को खुशी खुशी आगे बढ़ा लेते हैं। तो कुछ कपल्स इसे खींच कर इतना बढ़ा लेते हैं कि उनका रिश्ता कमजोर होने लगता है। लेकिन अगर आप चाहते हैं कि आपके रिश्ते में प्यार बना रहे तो अपने को खुश रखने की कोशिश करें।

पार्टनर की बातों को सुनें : अपने रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए आपको अपने पार्टनर की बातों को सुनना चाहिए। जब तक आप उनकी बातों को ठीक से सुनेंगे नहीं या बिना समझे ही अपनी राय देने लगेंगे तो इससे आप दोनों के बीच लड़ाई हो सकती है। इसलिए हमेशा उनकी बातों को सुनें और समझने की कोशिश करें। वो क्या चाहते हैं, उनकी क्या सोच है, इन तमाम बातों पर ध्यान दें।

उनकी पसंद-नापसंद का ख्याल रखें : किसी भी रिश्ते में एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना और ख्याल रखना बहुत जरूरी है। अगर आप अपने पार्टनर को खुश रखना चाहते हैं तो उनकी पसंद नापसंद का ख्याल रखें। उन्हें कौन सी चीजें अच्छी लगती हैं, कौन सी चीजें पसंद नहीं है, क्या खाना पसंद है, कहां घूमना पसंद है, ऐसी सभी छोटी छोटी बातों का ध्यान रखकर आप अपने रिश्ते को मजबूत बना सकते हैं।

एक दूसरे को समय दें : किसी भी रिश्ते की नींव के लिए सबसे जरूरी होता है समय। आप एक दूसरे को जितना समय देंगे आपका रिश्ता उतना ही मजबूत होगा। अगर आप दिनभर दफ्तर में व्यस्त रहते हैं, अपने किसी भी काम में व्यस्त रहते हैं तो आपको शाम के समय अपने पार्टनर से बात करनी चाहिए, उन्हें समय देना चाहिए। अपने दिन के बारे में बताना चाहिए और उनका दिन कैसा रहा पूछना चाहिए। अगर उन्हें कोई दिक्कत या कोई परेशानी है तो आप उसका साथ दें और उसका समाधान करें।

पार्टनर को स्पेश फील करवाने का मौका ना छोड़ें : अगर आप हैप्पी रिलेशनशिप चाहते हैं तो अपने पार्टनर को स्पेश फील करवाने का मौका ना छोड़ें। अपने रिश्ते में चीजों को मजेदार और दिलचस्प बनाए रखने का प्रयास करना वास्तव में रिश्ते में एक बड़ा बदलाव ला सकता है। आप अपने पार्टनर को लव लेटर, ग्रीटिंग कार्ड या कोई गिफ्ट देकर अपने मन की बात कह सकते हैं, इससे आपके पार्टनर को अच्छा लगेगा और आप दोनों का रिश्ता मजबूत होगा। इसके अलावा आप अपने पार्टनर के साथ नई जगहों और नई चीजों को एक्स्प्लोर कर सकते हैं। इससे आपके रिश्ते में फ्रेशनेस बनी रहेगी।

हाइपोथायरायडिज्म के कारण वजन कम करने में आ रही हैं दिक्कतें? फॉलो करें ये डाइट

हाइपोथायरायडिज्म के अन्य लक्षणों को दवाईओं से नियंत्रित किया जा सकता है, मगर महिलाओं को वजन कम करने में सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। महिलाएं जो हाइपोथायरायडिज्म से पीड़ित हैं और अपना मोटापा कम करना चाहती हैं, वह नीचे दी गई डाइट फॉलो कर सकती हैं। हाइपोथायरायडिज्म, महिलाओं में पाई जाने वाली आम बीमारी हैं। मौजूदा समय में 5 में एक 1 महिला इस बीमारी से पीड़ित है। हाइपोथायरायडिज्म, थायरोक्सिन हॉर्मोन के कम उत्पादन के कारण होता है और हाइपरथायरायडिज्म की तुलना अधिक आक्रामक होता है। हाइपोथायरायडिज्म से पीड़ित महिलाओं को अक्सर ठंड और थकान महसूस होती है और इसके साथ ही उनका वजन भी तेजी से बढ़ने लगता है। एनसीबीआई के अनुसार, हाइपोथायरायडिज्म हमारे मेटाबॉलिज्म को कम कर देता है इसलिए महिलाओं का वजन बढ़ने लगता है।

हाइपोथायरायडिज्म के अन्य लक्षणों को दवाईओं से नियंत्रित किया जा सकता है, मगर महिलाओं को वजन कम करने में सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हाइपोथायरायडिज्म में महिलाओं के लिए वजन कम करना मुश्किल हो सकता है, लेकिन नामुमकिन नहीं। महिलाएं जो हाइपोथायरायडिज्म से पीड़ित हैं और अपना मोटापा कम करना चाहती हैं, वह नीचे दी गई डाइट फॉलो कर सकती हैं।

फाइबर का सेवन करें : हाइपोथायरायडिज्म की वजह से बढे वजन को कम करने के लिए आप फाइबर युक्त दालों, फलों और सब्जियों का सेवन कर सकती हैं। फाइबर युक्त खानों में कैलोरी की कम मात्रा पाई जाती है, जो अंत में आपके वजन को नियंत्रित करने में मदद करती है। फाइबर युक्त खाने को डाइट में शामिल कर के आप अपने मोटापे को कम कर सकती हैं।

आयोडीन का सेवन करें : हाइपोथायरायडिज्म से पीड़ित महिलाओं को आयोडीन युक्त चीजों का अधिक सेवन करने की सलाह दी जाती है। आयोडीन एक आवश्यक खनिज हैं, जो हमारे शरीर में थायराइड ग्लैंड के फंक्शन को प्रभावित करता है। इसलिए आप मछली, नमक, डेयरी, अंडे और अन्य खाने-पीने की चीजों के माध्यम से शरीर में आयोडीन की कमी पूरी करें। इसके सेवन से टीएसएच उत्पादन में वृद्धि होगी और आपका वजन कम हो जायेगा।

ग्लूटेन फ्री खाने का सेवन करें : ग्लूटेन एक प्रोटीन है, जो गेहूं के पौधे और कुछ अन्य अनाजों में पाया जाता है। इसका नियमित सेवन करने से शरीर का वजन बढ़ने लगता है। इसलिए अगर आपको हाइपोथायरायडिज्म की समस्या है और वजन कम करने में दिक्कतें हो रही हैं तो आप ग्लूटेन फ्री उत्पादों सेवन कर सकती हैं।

क्यों होती है फूड एलर्जी

कई प्रकार के भोज्य पदार्थों में एलर्जी के तत्वों का समावेश होता है परंतु बहुत कम लोग इसके बारे में जानते हैं। भोजन से एलर्जी होने से कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है जैसे-आर्थराइटिस, अस्थमा, जिगर का कमजोर होना, आधासीसी का दर्द, मोटापा इत्यादि। माइल्ड एलर्जी होने पर तुरंत इसके लक्षण दिखाई नहीं देते। कुछ दिनों के बाद ही हमें इसका पता चलता है। इसके मुख्य लक्षण हैं-जोड़ों में दर्द, सिरदर्द, साइनस का भड़क उठना, पानी की कमी इत्यादि। उग्र एलर्जी में व्यक्ति को तुरंत इसके लक्षण अनुभव होने लगते हैं। इससे कमजोरी का अनुभव, सांस लेने में तकलीफ और छींके लगना इत्यादि समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। इससे बचने हेतु हमें अपनी इम्युनिटी यानी रोगप्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना चाहिए। इसके लिये आप होमियोपैथिक पद्धति के आधार पर जो भी खाएं, उसका चार्ट बनाएं। इससे आप यह जान सकते हैं कि आपको कौन भोज्य पदार्थ खाने से एलर्जी होती है। इसका लाभ यह होगा कि आप एलर्जी वाले पदार्थों को अपने भोजन से कम कर अपने स्वास्थ्य को बहुत सारी शारीरिक बीमारियों से बचा पाएंगे। अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने हेतु नियमित रूप से आंवला, तुलसी व अश्वगंधा का सेवन करें।

आज का राशिफल

मेष राशि : मेष राशि के जातकों को आज कोई मुश्किल काम सौंपा जा सकता है, जिसे पूरा करने के लिए जोश से काम करेंगे परंतु मन मुताबिक सफलता नहीं मिलेगी।

वृष राशि : भवृष राशि के जातकों का कार्यक्षेत्र में दृष्टिकोण संकुचित रहेगा। जोखिम लेने से डरेंगे और सुरक्षात्मक रूप से काम को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

मिथुन राशि : मिथुन राशि के जातकों में अपने काम को पूरा करने का जुनून रहेगा। कामकाज को विस्तार देना चाहेंगे लेकिन यह समय इस विस्तार के लिए उपयुक्त नहीं है।

कर्क राशि : कर्क राशि के जातक के कामकाज में कमियां निकाली जा सकती है और उसकी वजह से आपके विरुद्ध कोई कंप्लेन भी हो सकती है।

सिंह राशि : सिंह राशि के जातक नियम कायदे को ध्यान में रखते हुए काम करना पसंद करेंगे। अज्ञानता का अंधेरा दूर करने के लिए ज्ञान प्राप्ति की जरूरत हुई तो उसे भी प्राप्त करेंगे।

कन्या राशि : कन्या राशि के जातक को कार्यक्षेत्र में फालतू के विवाद से बचना चाहिए। चीजों को खोने का डर बना रहेगा। शांत मन से काम करना लाभदायक रहेगा।

तुला राशि : तुला राशि के जातक साहसिक निर्णय लेते हुए कार्यक्षेत्र को विस्तारित करने में कामयाब रहेंगे। आपके कलात्मक कार्य को बहुत सराहा जाएगा।

वृश्चिक राशि : वृश्चिक राशि के जातकों को बातचीत में संयम बनाए रखना है। जल्दबाजी में दी हुई प्रतिक्रिया दूसरों के मन को घायल कर सकती है।

धनु राशि : धनु राशि के जातक कार्यक्षेत्र की परिस्थितियों को डिप्लोमेटिकली हैंडल करने का प्रयास करेंगे। स्वयं पर ध्यान ना देकर दूसरों पर आपका ध्यान ज्यादा रहेगा।

मकर राशि : मकर राशि के जातक आज मानसिक अस्थिरता महसूस करेंगे। किसी भी चीज पर फोकस करना मुश्किल होगा। आध्यात्मिकता की तरफ ध्यान बढ़ेगा और दूसरों के साथ ज्यादा व्यवहार ना करके एकांत में रहना पसंद करेंगे।

कुंभ राशि : कुंभ राशि के जातकों के लिए बहुत अच्छा समय है, वाकचातुर्यता लाभ देगी। दूसरों के प्रति आपका दृष्टिकोण सौहार्दपूर्ण रहेगा। सामाजिक रिश्ते मजबूत बनाने पर जोर देंगे।

मीन राशि : मीन राशि के जातकों के मन में क्रिएटिव आइडिया चलते रहेंगे। पुरातन चीजों में आपका शौक बढ़ेगा और बहुत ज्यादा दूसरों के साथ बातचीत में पड़ने की बजाय एकांत में रहना पसंद करेंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

तमिलनाडु में फूड प्वॉयजनिंग के चलते तीन बच्चों की मौत

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु में तिरुपुर जिले के एक निराश्रित गृह में कथित रूप से विषाक्त भोजन करने से गुरुवार को तीन लड़कों की मौत हो गयी और 11 अन्य को इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि लड़कों ने बुधवार रात को चावल के साथ रस्सम और लड्डू खाये थे। इसके बाद उनमें से कई को उल्टियां और पेचिश होने लगी। उन्होंने बताया कि गुरुवार सुबह उन्होंने नाश्ता किया तो उनकी हालत बिगड़ गयी और उनमें से कुछ बेहोश हो गये। अधिकारियों के मुताबिक, सभी को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में उन्हें तिरुपुर और अविनाशी के सरकारी अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया। अस्पताल में तीन लड़कों की मौत हो गयी जिनकी उम्र आठ से 13 वर्ष के बीच थी जबकि अन्य का इलाज किया जा रहा और तीन अन्य आईसीयू में भर्ती हैं। तिरुपुर के जिला कलेक्टर एस विनीत ने कहा कि विषाक्त भोजन की शुरुआती रिपोर्ट के बाद नमूने इकट्ठे कर लिये गये हैं और उन्हें जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि अगर जांच में श्री विवेकानंद हॉम फॉर डेस्टिट्यूट संस्थान दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और निराश्रित गृह के संचालकों से पूछताछ कर रही है।

कफ-सिरप का स्वाद बढ़ाने में गयी 66 बच्चों की जान

नयी दिल्ली (एजेंसी)। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) ने बुधवार को भारत की फार्मास्युटिकल्स कंपनी के बनाये चार कफ-सिरप को लेकर अलर्ट जारी किया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि ये प्रोडक्ट मानकों पर खरे नहीं हैं। ये सुरक्षित नहीं हैं, खासतौर से बच्चों में इनके इस्तेमाल से गंभीर समस्या या फिर मौत का खतरा है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि गाम्बिया में 66 बच्चों की मौत गुर्दों की हालत बेहद खराब हो जाने की वजह से हुई है। बहुत मुमकिन है कि इन सिरप के इस्तेमाल के चलते ही बच्चों की मौत हुई हो। ये प्रोडक्ट अभी सिर्फ गाम्बिया में पाये गये हैं। डब्ल्यूएचओ ने रिपोर्ट में कहा कि कफ-सिरप में डायथेलेन ग्लाईकोल और इथिलेन ग्लाईकोल की इतनी मात्रा है कि वजह इंसानों के लिए जानलेवा हो सकते हैं। दरअसल, इन कंपाउंड की वजह से भारत में भी बच्चों समेत 33 की जान जा चुकी है, लेकिन इन कंपाउंड पर बैन नहीं लगाया गया है। डब्ल्यूएचओ ने मेडिकल प्रोडक्ट अलर्ट जारी किया है। यह न केवल गाम्बिया जैसे देशों, बल्कि भारत के लिए भी बेहद गंभीर है।

थाईलैंड के चाइल्ड सेंटर में फायरिंग, 34 की मौत

नौकरी से निकाले गये पुलिस अफसर ने बच्चों पर की अंधाधुंध फायरिंग

बैंकॉक (एजेंसी)। थाईलैंड में गुरुवार को एक हमलावर ने चाइल्ड केयर सेंटर में अंधाधुंध फायरिंग की। इस घटना में 34 लोगों की मौत हो गयी इनमें 22 बच्चे भी शामिल हैं। फायरिंग उत्तरी प्रांत के नॉन्गबुआ लम्फू में हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावर पूर्व पुलिस अफसर पन्या खमरब (34) था। ड्रग्स के एक केस के सिलसिले में उसे नौकरी से निकाल दिया गया था। चाइल्ड केयर सेंटर में फायरिंग के बाद खमरब ने खुदकुशी कर ली। इससे पहले उसने अपनी पत्नी और बेटे को भी मार डाला। थाइलैंड के सेंट्रल इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (सीबीआई) के अफसर मेजर जनरल जिरापोब पुरिडेट के मुताबिक, हमलावर खमरब हाईली एजुकेडेट और फिट था। पुलिस में अफसर बना, लेकिन चंद महीने में ही ड्रग स्मगलिंग से जुड़ गया। इंटर ऑफिस ड्रग टेस्ट में फेल होने के बाद उसे बर्खास्त कर दिया गया। इसके बाद वो फुल टाइम ड्रग स्मगलर बन गया। एक बार उसे गिरफ्तार भी किया गया था। वो केस अब भी कोर्ट में चल रहा है। माना जा रहा है कि नौकरी से निकाले जाने की वजह से ही खमरब ने फायरिंग की। जिस वक्त फायरिंग शुरू हुई, तब लोकल अधिकारी जिडापा बूनसोम पास ही काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसा लगा जैसे पटाखे चल रहे हों। बाद में शूटिंग का पता चला। हमलावर ने बच्चों पर गोलियां चलायीं। शूटिंग में दो साल का बच्चा और गर्भवती भी मारे गये। हमलावर दोपहर के वक्त चाइल्ड केयर सेंटर में दाखिल हुआ। तब वहां लंच चल रहा था। उसने स्टाफ पर गोलियां दागीं। इसके बाद वह एक बंद कमरे में जबरदस्ती घुसा, यहां बच्चे सो रहे थे। फायरिंग की घटना के बाद वुड्डचाई बाओथॉन्ग नाम के यूजर ने एक फोटो अपने फेसबुक पेज पर शेयर की। इसमें एक छोटा बच्चा और कुछ लोग आसपास बैठे दिखायी दे रहे हैं। इनके चेहरे ब्लर हैं। बाओथॉन्ग ने लिखा कि उनका भतीजा भी चाइल्ड केयर सेंटर में था, लेकिन वो फायरिंग में बच गया। घटना से पहले ही वह सोने चला गया था और कंबल ओढ़ लिया था। वह गहरी नींद में था।

यूक्रेन ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत से लगायी थी गुहार

विदेश मंत्री ने किया खुलासा, परमाणु संयंत्र की सुरक्षा को लेकर था खतरा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर इन दिनों न्यूजीलैंड की अपनी पहली यात्रा पर हैं। एस जयशंकर ने इस दौरान बताया कि रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच यूक्रेन ने भारत से रूस पर दबाव बनाने का अनुरोध किया था। यह अनुरोध जापोरिज्या परमाणु ऊर्जा संयंत्र की सुरक्षा को लेकर किया गया था। बता दें कि जिस समय पुतिन की सेना अपने पड़ोसी मुल्क पर बमों और मिसाइल से हमला कर रही थी, उस समय इस परमाणु संयंत्र की सुरक्षा को लेकर खतरा उत्पन्न हो गया था। जयशंकर ने कहा कि उस समय मैं संयुक्त राष्ट्र के दौरे पर था। उस समय सबसे बड़ी चिंता जापोरिज्या परमाणु ऊर्जा संयंत्र की सुरक्षा को लेकर थी। रूसियों पर दबाव बनाने के लिए हमसे अनुरोध किया गया था। हमने इसको लेकर पहल भी

किये। मुझे लगता है कि इस समय भारत जो भी कर सकता है, वह करने के लिए तैयार है। जयशंकर ने कहा कि अगस्त में यूक्रेन और रूस के बीच हुए संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाले अनाज सौदे पर भारत का प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि इस समय रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष अभी भी गरमाया हुआ है। दोनों ही तरफ जुनून देखने को मिल रहा है। लोगों के लिए तर्कों की आवाज को आसानी से सुनना आसान नहीं है। लेकिन मैं निष्पक्षता के साथ कह सकता हूं कि अगर हम स्टैंड लेते हैं तो दोनों में से कोई भी देश इसकी अवहेलना करेंगे। पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन की बैठक में यह दिखा भी है। यूक्रेन में युद्ध पर भारत की स्थिति के बारे में बताते हुए जयशंकर ने कहा कि यह स्वाभाविक है कि अलग-अलग देश, अलग-अलग क्षेत्र अलग-अलग तरीके से प्रतिक्रिया देंगे। बता दें कि बुधवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी सरकार को यूक्रेन स्थित यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र का कंट्रोल अपने हाथों में लेने का आदेश दिया।

भारत सदा से नियम आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था का पक्षधर

कैंप जकार्ता (एजेंसी)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को दोहराया कि भारत ने सदैव नियम आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था का समर्थन किया है। श्री बिरला ने यहां आयोजित जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों के 8वें शिखर सम्मेलन (पी 20) के दौरान ह्यप्रभावी संसद, जीवंत लोकतंत्र विषय पर जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षगण को संबोधित करते हुए दोहराया कि भारत ने सदैव नियम आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि इसी भावना से भारत ने वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए बहुपक्षवाद को अपनाने का आह्वान किया है, ताकि हम विश्व के समक्ष चुनौतियों के समाधान के लिए एकजुट हों और जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप समाधान निकाल सकें। उन्होंने कहा कि अब भारत जी-20 की अध्यक्षता करने जा रहा है और हम सदस्य देशों के बीच अधिक एकजुटता तथा सहयोग के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं।

अमेरिका में सक्रिय हिंदू संगठनों की फंडिंग की जांच का आदेश

- आरएनएम

नयी दिल्ली। भारत के कई संगठनों द्वारा हाल ही में अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड में किये गये प्रदर्शन व किसी पार्टी विशेष की सरकार बनवाने के लिए किये गये सभा आदि का असर अब दिखने लगा है। अमेरिका के न्यूजर्सी में हाल ही में टीनेक डेमोक्रेटिक म्युनिसिपल कमेटी के नेता के नेतृत्व में हिंदू संगठनों के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया गया है। इसमें विश्व हिंदू परिषद, सेवा इंटरनेशनल, हिंदू स्वयंसेवक संघ समेत 60 संगठनों पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। टीडीएमसी डेमोक्रेटिक पार्टी से जुड़ी पार्टी है। इसके प्रस्ताव में लिखा है कि ये संगठन भारत और अमेरिका में अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। दो डेमोक्रेटिक सांसदों को अमेरिका में सक्रिय हिंदू संगठनों की फंडिंग की जांच करने को कहा गया है। इस प्रस्ताव के पारित होने के बाद अमेरिका के कई राज्यों में 60 से ज्यादा हिंदू संगठन सत्ताधारी डेमोक्रेटिक सरकार के खिलाफ उतर आये हैं।

विशेषकर कैलिफोर्निया और न्यूजर्सी में डेमोक्रेटिक पार्टी की सरकारों के खिलाफ विरोध शुरू हो गया है। अमेरिका में पिछले दो महीने में हुई घटनाओं को लेकर हिंदू विरोधी लोगों ने इन संगठनों पर निशाना साधा था। भारतीय स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अमेरिका में कई जगह पर परेड में बुलडोजर को उपलब्धियों का प्रतीक बताने की कोशिश की गयी थी। कई अमेरिकी संगठनों ने इसे बंटवारे और नफरत का प्रतीक बताकर आलोचना शुरू कर दी थी। इसके बाद सियासी और सामाजिक संगठनों ने अमेरिका में होनेवाले साध्वी ऋतंभरा के कार्यक्रम का विरोध शुरू किया। इसलिए कार्यक्रम को ही रद्द करना पड़ा।

एयरपोर्ट पर कस्टम ने जब्त की घड़ियां, एक की कीमत 27.9 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हवाई अड्डे पर कथित तौर पर सात लग्जरी कलाई घड़ियों की तस्करी करने के आरोप में सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि उसके पास से बरामद घड़ियों में से एक सोने की बनी है जिस पर हीरे जड़े हैं और उसकी कीमत 27.09 करोड़ रुपये है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क आयुक्त जुबेर रियाज कामीली

ने कहा कि कीमत के लिहाज से यह वाणिज्यिक या विलासिता (लग्जरी) के सामानों की सबसे बड़ी जब्ती है। उन्होंने कहा कि मूल्य के संदर्भ में यह एक बार में 60 किलोग्राम सोना जब्त करने के बराबर है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मंगलवार को दुबई से यहां पहुंचे आरोपी यात्री को सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने रोका। आरोपी भारतीय नागरिक है। बयान में कहा गया कि उसके सामान की विस्तृत जांच और व्यक्तिगत तलाशी के दौरान सात कलाई घड़ियां बरामद हुईं।

तालिबान ने बम विस्फोट में मरनेवालों के परिजनों को पीटा

काबुल (एजेंसी)। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में बीते जुमे के दिन यानी शुक्रवार (30 सितम्बर) को एजुकेशन सेंटर में बम ब्लास्ट हुआ। हमलावरों के निशाने पर हजारा समुदाय के बच्चे थे, जो यहां एग्जाम दे रहे थे। यूनाइटेड नेशंस के मुताबिक, धमाके में 53 लोगों की मौत हो गयी, जिनमें 46 लड़कियां थीं। 110 घायल भी हुए हैं। पहले भी अल्पसंख्यक हजारा समुदाय पर हमले होते रहे हैं। 15 अगस्त 2021 को तालिबान का राज आने के बाद इस समुदाय को निशाना बनाकर कई हमले हुए हैं। इनमें 700 से ज्यादा लोग मारे गये। ज्यादातर हमले धार्मिक स्थलों, स्कूल और अस्पतालों पर हुए। अफगानिस्तान की आबादी करीब चार करोड़ है। इनमें 40 लाख, यानी कुल आबादी के 10 प्रतिशत हजारा हैं। शुक्रवार को हुए हमले के विरोध में लोगों ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किये। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे से पहले सेना में रहीं जाहिरा शनिवार को हुए प्रोटेस्ट में शामिल थीं। तालिबान लड़ाकों ने उन्हें पकड़ लिया और बहुत पीटा। हमले में मारी गयी एक लड़की के भाई को भी बुरी तरह पीटा गया। जाहिरा को इसका

तालिबानी सरकार का अफगानिस्तान में हजारा समुदाय पर जुल्म

अफसोस नहीं है, बल्कि इस बात का सुकून है कि तालिबान लड़ाकों ने उन्हें पहचाना नहीं। अगर पहचान लेते तो शायद वे गिरफ्तार कर ली जातीं या मार दी जातीं। 24 साल की जाहिरा हजारा समुदाय से हैं और सेना में रहने ही वजह से अब काबुल में छिपकर रहती हैं। जान के खतरे के बावजूद वे हजारा समुदाय पर हो रहे जुल्म के खिलाफ प्रोटेस्ट में हिस्सा लेने गयी थीं। हमले के बाद काज एजुकेशन सेंटर गयीं। जाहिरा ने बताया कि वहां का मंजर इतना खौफनाक था कि देखकर मेरा दिल दहल गया। चारों तरफ लाशें बिखरी थीं। किसी को भी पहचानना मुश्किल था। बोरियों में मांस भरकर ले जाया जा रहा था। ये भी नहीं पता चला कि कौन सा हाथ या पैर किसका है।

न्यूज गैलरी

पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार कार्यक्रम आयोजित हुआ

रांची। बहुबाजार स्थित संत पॉल्स कैथेड्रल चर्च में गुरुवार को पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार कार्यक्रम आयोजित हुआ। छोटानागपुर डायसिस सीएनआई चर्च के बिशप बीबी बास्के ने 34 युवक-युवतियों को दृढ़ीकरण संस्कार ग्रहण कराया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि आप इस संस्कार को ग्रहण कर पूर्ण रूप से कलीसिया के प्रति उत्तरदायी हो गए हैं। ईश्वर की पवित्र इच्छा को जाने और ईश्वर प्रेम, दया, कृपा आशीष के अनुसार कार्य करें। मौके पर पेरिश प्रिस्ट जेएम तोपनो, रेव्ह शामवेल नाग, रेव्ह एस भुईया, रेव्ह निर्मल समद, रेव्ह संजय तिग्गा और रेव्ह जेडब्ल्यू तिलमिंग मौजूद थे।

विसर्जन के दौरान अधिकारी दिखे मुस्तैद

रांची । रांची में गुरुवार को माँ दुर्गा की विसर्जन को लेकर रांची जिला प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तैद नजर आई । रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, पुलिस अधीक्षक नगर सहित कई अधिकारी विभिन्न पूजा पंडालों के बाहर सड़कों पर मुस्तैद नजर आए और अधिकारियों की देखरेख में ही मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन कराया गया । विसर्जन को लेकर जिला प्रशासन ने पहले से ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। बड़ी संख्या में जवानों और अधिकारियों की तैनाती की गई थी।

बस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

रांची । रांची जिला अंतर्गत इटकी मोड़ के करीब मलार पुल के सामने एक दीपक नामक बस ने एक व्यक्ति को अपने चपेट में लिया जिससे मौके पर ही उस व्यक्ति की मौत हो गई । घटना से आक्रोशित लोगों ने रोड जाम कर दिया , सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली ।

पदकवीरों को आजसू अध्यक्ष ने दी बधाई

रांची । आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेल के तीरंदाजी रिकर्व टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर अंकिता भगत, कोमलिका बारी, दीप्ति एवं अंशिका कुमारी को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं । उन्होने कहा कि यह सिल्ली विधानसभा क्षेत्रवासियों के लिए गर्व की बात है कि महिला तीरंदाजी रिकर्व टीम में जोन्हा की लाडली बिटिया दीप्ति भी शामिल थी।साथ ही लॉन बॉल प्रतिस्पर्धा में सुनील बहादुर (पुरुष एकल) को स्वर्ण पदक तथा रुपा रानी तिर्की एवं लवली चौबे (महिला पेयर) को रजत पदक जीतने पर भी श्री महतो ने ढेरों शुभकामनाएं दी ।उन्होने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए हृदय से शुभकामनाएं दी।

लाइव टेलिथोन में स्वास्थ्य तकनीक के भविष्य पर चर्चा

रांची। सभी भारतीयों के लिए बेहतर स्वास्थ्य को एक साझा लक्ष्य बनाने के उद्देश्य से भारत की सबसे लंबी चलने वाली और स्वास्थ्य के लिए सबसे विश्वसनीय सामाजिक पहल अपने नौवें वर्ष में प्रवेश कर रही है। आठ साल पहले बनेगा स्वच्छ भारत के रूप में इसकी शुरूआत की गई थी। स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए गांधीजी के विचार को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किए गए ये प्रयास स्वच्छता और स्वास्थ्य आपस में जुड़े हुए हैं। इस पर चर्चा के लिए 12 घंटे का लाइव टेलीथोन इवेंट का आयोजन किया गया। इस इंवेट में पिछले 75 वर्षों में स्वास्थ्य में 10 सबसे बड़े गेम चेंजर और भारत में स्वास्थ्य तकनीक के भविष्य पर प्रकाश डाला गया। 12 घंटे के टेलीथॉन में विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले मंत्री, डब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञ, इनोवेटर्स, डॉक्टर्स, कलाकार और स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ता शामिल हुए जो सबसे कमजोर लोगों की मदद करने के लिए फ्रंटलाइन पर काम करते हैं। सीजन 9 की थीम लक्ष्य संपूर्ण स्वास्थ्य का था। इस चर्चा में हर साल अच्छी स्वच्छता के लिए की जा रही प्रैक्टिस से लेकर स्वच्छ पर्यावरण और स्वास्थ्य विषयों पर प्रकाश डाला गया है कि कैसे एक स्वस्थ भारत एक समृद्ध भारत है और अच्छे स्वास्थ्य की तलाश में कोई भी भारतीय कैसे पीछे नहीं रहना चाहिए।

मोरहाबादी स्थित उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

ईवीएम के रख-रखाव संबंधित पदाधिकारियों से ली जानकारी, सुरक्षा मानकों की भी जांच की

नवीन मेल संवाददाता

रांची। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस खोल सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम के रख रखाव समेत अन्य मानकों का जायजा उपायुक्त द्वारा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने ईवीएम के रख-रखाव से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिला

उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची मेरी मड़की को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रतिवेदन राज्य निर्वाचन विभाग को भेजने को कहा। आपको बतायें कि समय-समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को

◆भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची मेरी मड़की को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रतिवेदन राज्य निर्वाचन विभाग को भेजने को कहा।

समर्पित करना होता है राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मांडर विधानसभा उपचुनाव के तीन महीने पूरे होने के बाद सेपरेट रखे गये बैलेट यूनिट और वीवीपैट को सेन्ट्रालाइज करने/रखने की सहमति भी बनी। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस की ड्यूटी पर लगे पदाधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित थे।

कांके होचर में संपन्न हुआ दशहरे के साथ भव्य रावण दहन कार्यक्रम : हरिनाथ साहू

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कांके होचर गांव में विजयदशमी के दिन मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन के पूर्व भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में शामिल विधायक प्रतिनिधि हरिनाथ साहू ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा विजयदशमी के दिन सदियों से चले आ रहे रावण दहन कार्यक्रम हम सबों को संदेश और प्रेरणा स्वरूप असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की एवं बुराइयों पर अच्छाई की जीत का प्रतीक मानकर अपने जीवन में अज्ञानता, अहंकार, कामना, क्रोध और लोभ का त्याग कर एक आदर्श समाज का हिस्सा बनकर नए भारत के निर्माण में हम सबों को सामूहिक प्रयास करनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोहित कुमार साहू एवं संचालन भाजपा नेता शत्रुघ्न साहू

व दिलीप साहू ने किया। आयोजन में मुख्य रूप से कांके के जिला परिषद सदस्य किरण देवी, कांके थाना के इंस्पेक्टर बृज कुमार सिंह, कांके प्रखंड विकास प्राधिकारी शीलवंत भट्ट, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सहायक वैज्ञानिक दिनेश रुसिया,आशीष कुमार,भाजपा नेता प्रदीप ठाकुर, प्रशांत बैठा, राम लाल साहू, राजेंद्र महतो, बेनी साहू,पंकज साहू, निरंजन साहू, दिलीप साहू, डॉ. धनेश्वर साहू,विजय साहू, दीपक कुमार, मुकेश प्रजापति, दशरथ साहू सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण एवं आयोजक पदाधिकारीगण शामिल हुए।

मारवाड़ी समाज ने डीजी हेमंत लोहिया की निर्मम हत्या की घोर निंदा की

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी सहायक समिति एवं अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जम्मू कश्मीर में जेल महानिदेशक डीजी के पद पर कार्यरत देश के सपूत हेमंत कुमार लोहिया की नृशंस हत्या की घोर निंदा की है तथा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि देश के सपूत हेमंत लोहिया ने अपने कर्तव्य निर्वाहन के दौरान अपने प्राणों की आहुति दे दी। दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन एवं मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने हेमंत लोहिया की निर्मम हत्या की तीव्र निंदा करते हुए कहा है कि स्व. हेमंत लोहिया गुवाहाटी (असम) के निवासी थे तथा एक जांबाज पुलिस अफसर थे। उन्होंने पूरा जीवन जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील राज्य में आतंकवादियों के विरुद्ध काफी निर्णायक कार्रवाई की तथा उन्होंने श्रीनगर के वरीय

पुलिस अधीक्षक के रूप में उन्होंने आतंकवाद नियंत्रण के लिए साहसिक अभियान चलाया था। वे डीआईजी एवं आईजी बीएसएफ के महत्वपूर्ण पद पर रहे तथा पिछले वर्ष ही वे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस जम्मू-कश्मीर लौटे थे। वे हमेशा आतंकवादियों के साये मे रहे पर कभी अपने ऊपर हावी होने नहीं दिया, उन्होंने पूरा जीवन जो भारत मां की सेवा की उसे पूरा भारत वर्ष याद रखेगा।उनके निधन से पूरा देश मर्माहत है।

प्लेसमेंट और सैप स्कॉलर प्रोग्राम की दी गई जानकारी

रांची। मारवाड़ी कॉलेज, प्लेसमेंट सेल की ओर से गुरुवार को सैप के साथ एकदिवसीय ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में बीएससी कंप्यूटर साइंस, बीएससी मैथ, बीएससी आईटी और बीसीए के लगभग 400 छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान छात्रों को सैप कंपनी के प्लेसमेंट और सैप स्कॉलर प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि इस प्रोग्राम के तहत छात्रों को नौकरी के साथ-साथ एमटेक की पढ़ाई बिट्स पिलानी से कराई जाएगी। छात्रों को पहले 2 साल सालाना तीन लाख रुपये, इंटरव्यू के बाद ?नौ लाख और एमटेक करने के बाद सालाना पैकेज 20 लाख रुपये मिलेगा। कार्यक्रम प्रचार्य डॉ मनोज कुमार एवं विभाग के समन्वयक प्रो शुभांकर आईच के नेतृत्व में आयोजित हुआ। वेबिनार में छात्रों को बताया गया कि ऑनलाइन टेस्ट 14 और इंटरव्यू 20 को होगा।

महिलाओं और आदिवासियों का हमेशा अपमान करती रही है कांग्रेस : संजय सेठ

नवीन मेल संवाददाता

रांची। रांची सांसद संजय सेठ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बारे में कांग्रेस नेता उदित राज के बयान पर आपत्ति जतायी है। गुरुवार को उन्होंने कहा कि उदित ने द्रौपदी मुर्मू जैसा राष्ट्रपति किसी देश को ना मिले, ऐसा बयान देकर अपना ही नहीं, कांग्रेस का चरित्र भी उजागर किया है। कांग्रेस हमेशा से महिलाओं और आदिवासियों का अपमान करती रही है। महात्मा गांधी ने जिस गुजरात से दांडी यात्रा की शुरूआत की थी, यह बयान उस गांधीजी का भी अपमान है। आखिर कांग्रेस कब तक आदिवासियों और महिलाओं को अपमानित करती रहेगी। उदित राज को एक बार राष्ट्रपति की जीवनी पढ़नी चाहिए। राज्यपाल रहते हुए उन्होंने दो कमरों के घर में अपना

गुजारा किया। कड़ी मेहनत और संघर्षपूर्ण जीवन के पथ पर चल कर आज वह देश के उच्च पद पर स्थापित हुई हैं। कांग्रेस को यह बात पच नहीं रही है कि भाजपा ने ऐसे आदिवासी महिला को देश के सर्वोच्च पद पर बैठाया। उदित के बयान के लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए। इससे पूर्व उन्होंने सांसद मद से पहाड़ी मंदिर के समीप चंद्रवंशी धर्मशाला के नए भवन कार्य का शिलान्यास किया। भवन

कांग्रेस को यह बात पच नहीं रही है कि भाजपा ने ऐसे आदिवासी महिला को देश के सर्वोच्च पद पर बैठाया। उदित के बयान के लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए। इससे पूर्व उन्होंने सांसद मद से पहाड़ी मंदिर के समीप चंद्रवंशी धर्मशाला के नए भवन कार्य का शिलान्यास किया।

का निर्माण 15 लाख की लागत से किया जाना है। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि चंद्रवंशी समाज के कार्य सराहनीय हैं। समाज के लोगों को कम शुल्क पर शादी ब्याह में भवन मुहैया कराया जाता है। समाज के गरीब और असहाय लोगों की मदद करता है। इस भवन कें निर्माण हो जाने से समाज को और अधिक लाभ मिलेगा। इस अवसर पर रांची के विधायक सीपी सिंह, पार्षद ओम प्रकाश सहित अन्य भी उपस्थित थे।

झारखंड सरकार की विफलताओं के तीन साल : हरिनाथ साहू

रांची। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत झारखंड सरकार अपनी 3 वर्षों की विफलताओं का रिपोर्ट कार्ड जनता तक पहुंचाने का कार्यक्रम तय किया है। झारखंड सरकार 3 वर्षों में पूरी तरह विफल साबित हुआ है। अपने चुनावी घोषणा पत्र में 1 वर्ष के अंदर पांच लाख बेरोजगार शिक्षित युवाओं को सरकारी नौकरी एवं सभी अनुबंध कर्मियों को नियमित करने के साथ-साथ नौकरी नहीं दे पाने की अवस्था में उन्हें बेरोजगारी भत्ता देने का घोषणा क्यों अधूरा रह गया यह उनके अफसर गांव-गांव में जाकर लोगों को बताएंगे। इस राज्य में गिरती कानून व्यवस्था के तहत व्यवसायियों की हत्या, लूट, गौ तस्करों की दबंगई, राजनीति एवं माइंस क्षेत्र में अपने परिवार को बढ़ावा देने, महिला उत्पीड़न एवं अप्रत्याशित बलात्कार की घटनाओं की बढ़ोतरी, राजनीतिक स्टंट के तहत जल्दबाजी में बिना कानून सम्मत 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करने की घोषणा जिससे झारखंड के करोड़ों बेरोजगार शिक्षित युवाओं के आंखों में धूल झोंक कर स्थानीय एवं नियोजन नीति का लागू किए बगैर नियुक्तियों की घोषणा पर भी चर्चा होना है? झारखंड सरकार के इस तरह के कार्यक्रमों से आम जनता को कोई विशेष लाभ नहीं मिलना है। कार्यक्रम को सफल बनाने इवेंट मैनेजमेंट के नाम पर नाश्ता के पैकेट, बाजा, टेंट, पानी का बोतल का खर्च कर सिर्फ जनता के द्वारा दिए गए टैक्स के पैसे की बबार्दी है। इन कार्यक्रमों एवं योजनाओं की आड़ में राज्य सरकार की फिर एक नई भ्रष्टाचार की इतिहास रचने का तैयारी है।

विश्व हिंदू परिषद अखिल भारतीय प्रांत मंत्री व सहमंत्री की बैठक 7 से 10 अक्टूबर तक पुणे में

रांची । विश्व हिंदू परिषद की अखिल भारतीय प्रांत मंत्री एवं सहमंत्रियों की बैठक 7 से 10 अक्टूबर 2022 तक महाराष्ट्र के पुणे स्थित लोनावला में महाराजा अग्रसेन पैलेस में संपन्न होगी। बैठक में भाग लेने के लिए झारखंड के प्रांत मंत्री डॉ. बिरेन्द्र साहु, प्रांत सहमंत्री मनोज पोद्दार, सहमंत्री रामनरेश सिंह, सहमंत्री वीरेंद्र यादव एवं सहमंत्री रंगनाथ महतो ने रांची से प्रस्थान किए। विश्व हिंदू परिषद का 2024 ई. में 60 वर्ष होने वाला है। 60 वर्ष पूर्ण होने के पूर्व प्रांतों में किए गए कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ संगठन विस्तार के विस्तार पर भी जो दिया जायेगा साथ ही हितचिंतक अभियान, सेवा कार्य, धर्मांतरण, जिहाद, गोरक्षा, मठ-मंदिर व मानबिंदुओं की सुरक्षा आदि विषयों पर विशेष चिंतन के साथ कार्ययोजना बनाई जाएगी।

पृष्ठ एक के शेष

दो वर्षों के बाद दुर्गा पूजा का...

रावण वध किया गया है। रावण वध से पहले कई तरह के सांस्कृति कार्यक्रम आयोजित किये गये। सिल्ली का पाइका, जमशेदपुर का छऊ नृत्य और कोलकाता की आतिशबाजी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।

दो वर्षों के बाद सार्वजनिक रूप से भव्य आयोजन : मुख्यमंत्री ने लोगों को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दो वर्षों के बाद इस बार सार्वजनिक रूप से दशहरा का भव्य आयोजन हुआ है। पिछले दो वर्ष कोविड-19 महामारी की वजह से दशहरा समेत तमाम पर्व-त्योहार का आयोजन प्रभावित हुआ था। लेकिन, जिस तरह सभी के सहयोग से कोरोना पर विजय प्राप्त किया उसी के फलस्वरूप आज हम सभी बुराई पर अच्छाई के विजय का पर्व पूरे उमंग और उल्लास के साथ दशहरा मना रहे हैं और मिलजुल कर इस त्योहार की खुशियां बांट रहे हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शानदार आतिशबाजी : मोरहाबादी मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में कलाकारों के द्वारा जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी, वहीं शानदार आतिशबाजी का नजारा सभी ने देखा। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, महापौर आशा लाकड़ा, उप महापौर संजीव विजयवर्गीय और पंजाबी- हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी के अध्यक्ष राजेश खन्ना, उपाध्यक्ष कुणाल अजमानी, सचिव सुधीर उग्गल, आयोजन समिति के सदस्य आर आनंद, राजेश मेहरा और मुकुल तनेजा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

पलामू में अलग-अलग दो...

और चेहरे में लगी थी । अत्यधिक खून निकल जाने की वजह से उसकी मौत हो गई। एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने बताया कि यह हत्या पुरानी रंजिश का परिणाम हो सकता है । क्योंकि प्रारंभिक छानबीन में पुलिस को इस बात के संकेत मिले हैं। पुलिस ने मृतक दुकानदार के परिजनों के फर्द बयान पर अपराधियों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कर रही है। पुलिस हत्या में शामिल अपराधियों की धड पकड़ के लिए संदिग्ध स्थलों पर छापामारी कर रही है। वही मृतक के परिजनों ने बताया कि गांव के संजय सिंह समेत अन्य पांच लोग इस हत्या में शामिल है। उन्होंने बताया कि एससी एसटी केस चल रहा था। जिसे समाधान करने के लिए दबाव बनाया जा रहा था । हमलोग समाधान नहीं कर रहे थे। जिसके वजह से गोली मारकर शिवनाथ राम की हत्या कर दी गई।

झारखण्ड की अस्टम...

फीफा अंडर-17 के लिए भारतीय टीम में चयनित झारखंड की खिलाड़ियों को गोवा से वापस झारखंड लौटना पड़ा था। अधिकतर खिलाडियों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण तैयारी और खानपान में असर पड़ रहा था। मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने सबसे पहले फीफा प्रतियोगिता के लिए चयनित राज्य की खिलाडियों की ट्रेनिंग की व्यवस्था का निर्देश खेल विभाग को दिया। जिसके बाद सभी खिलाड़ियों को रांची लाकर मेडिकल सुविधा दिला कर राजकीय अतिथि शाला में रखा गया। राष्ट्रीय टीम के मेन्यू के अनुरूप उनके लिए खाने की व्यवस्था और कैंप हेतु मोराबादी फुटबॉल स्टेडियम में ग्राउंड एवं दो कोच की व्यवस्था की गयी। इसके बाद फीफा वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम के विश्वस्तरीय प्रशिक्षण की सुविधा जमशेदपुर में मुख्यमंत्री के निर्देश पर सुनिश्चित की गयी। जहां 10 माह तक भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया था। टीम के लिए रहने की व्यवस्था, ग्राउन्ड, स्विमिंग पूल, जिम सहित यात्रा हेतु बस की सुविधा पूरे 10 माह के लिए सुनिश्चित की गयी थी। भारतीय टीम में शामिल झारखंड की उन्हीं बेटियों ने आज राज्य का मान बढ़ाया। ये बेटियां झारखंड का गौरव हैं। इन बेटियों ने संक्रमण के दौर में जबरदस्त साहस और धैर्य दिखाया। अब ये देश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

यूनिसेफ ने चैम्पियन आफ चेंज फॉर चाइल्ड राइट्स के रूप में सहयोग किया : चयनित इन बेटियों को सहयोग प्रदान करने के लिए खेल विभाग की ओर से फुटबॉल किट एवं यूनिसेफ की ओर टी-शर्ट्स प्रदान किया गया था। यूनिसेफ ने चैम्पियन आफ चेंज फॉर चाइल्ड राइट्स के रूप में चयनित खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ा था। यूनिसेफ इन्हें बाल अधिकारों, किशोर-किशोरियों के मुद्दों, समुचित पोषण की आवश्यकता, माहवारी, स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक परामर्श आदि मुद्दों पर सरकार को दिए जाने वाले तकनीकी सहयोग के रूप में प्रशिक्षित किया था।

माता-पिता हो जाते हैं...

लेखिका जैस्मीन झांग का कहना है कि परिवार के तौर पर अभिभावक और बच्चे दोनों का व्यवहार मायने रखता है। शोध में पाया गया कि अभिभावकों के व्यवहार पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। डिजिटल डिवाइस के बढ़े स्क्रीन टाइम व व्यवहार में आयी तल्खी के बीच में जुड़ाव पाया गया। शोध टीम ने यह भी पाया जब परिवार के लोगों के बीच में बातचीत कम हो गयी तो अभिभावकों में बच्चों के पालन-पोषण से संबंधित खराब आदतें उभरने लगीं। शोध प्रमुख प्रो. जैस्मीन झांग का कहना है कि जो माता-पिता सोशल मीडिया पर दिनभर में एक या दो घंटे बिताते हैं, उनका व्यवहार बच्चों के प्रति ज्यादा सकारात्मक होता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता को सामाजिक रूप से ज्यादा एक्टिव रहना चाहिए ताकि उनका व्यवहार सहज बना रहे। आभासी दुनिया वाले डिजिटल गजटों में समय लगाने, बिताने से व्यवहार में चिड़चिड़ापन तथा परिवार में तनाव बढ़ने लगता है।

अनियंत्रित बाइक दीवार से टकराई...

में चल रहा है। चिकिसकों ने बताया की उसकी स्थिति सामान्य है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार उक्त दोनों बाइक सवार अपने एक रिश्तेदार के घर देवरी खुर्द गांव दाह संस्कार में शामिल होने जा रहे थे।

शिवाजी मैदान में लेजर लाईट...

व सुने मुताबिक प्रतिशोध के भावना से अहंकार में चूर आज रावण का बध हो गया। विजयादशमी को स्थानीय शिवाजी मैदान में चंद्रशेखर आजाद क्लब द्वारा रावण दहन का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरनिगम मेदिनीनगर की मेयर अरुणा शंकर, क्लब के संरक्षक एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनन्द शंकर दीप प्रज्वलित कर रावण दहन के शुभारंभ किए। बतौर विशिष्ट अतिथि रावण दहन कमिटी के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ व फूलमाला देकर आगत अतिथियों को स्वागत किया। ततपश्चात लेजर लाईट के जरिए रामचरित व शिव तांडव स्त्रोत को दिखाया गया इसके बाद मंचासीन अतिथियों ने संयुक्त रूप से राम के प्रतीक तीर आज के आसमानी तीर से पप्रतिकात्मक रावण का दहन किए।उमड़े जनसैलाब के हजारो हजार लोगों से खचाखच भरी शिवाजी मैदान रावण वध का चश्मदीद गवाह बना। उमड़े हुजूम को देख ऐसा लग रहा था मानो आज के बाद भारत भूमि से समाज के बीच अब कोई रावण पैदा नहीं लेगा अगर भूलवश कोई रावण जन्म लिया तो यह भीड़ नोच खा जायेगा। मौके पर पलामू कमिश्नर जटाशंकर चौधरी,पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिंहा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह, विधायक आलोक चौरसिया, उपमेयर मंगल सिंह,ज्ञानशंकर, भाजपा प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह,सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उत्साहित उपस्थिति रही।

डालसा ने जगन्नाथपुर में चलाया डोर टू डोर कानूनी जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

रांची। जिला विधिक सेवा प्राधिकार(डालसा) रांची के द्वारा जगन्नाथपुर के डेलाकोचा बस्ती में डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम में गुरुवार को लोगों को जागरूक किया। डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम में पीएलवी संगीता सिंह, संगीता देवी, पिंकु कुमारी एवं राजा आदि उपस्थित थे। डालसा के पीएलवी ने इस मौके पर लोगों को डालसा, रांची से मिलनेवाले सुविधाओं के बारे में अवगत कराया साथ ही उन्होंने लोगों को बताया कि डालसा का पीएलवी ब्लॉक में रहता है, आवश्यकता पड़ने पर वे उनसे सहायता प्राप्त कर सकते है। उन्होंने नालसा एवं झालसा के

द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा डायन-बिसाही के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि यह एक अंधविश्वास है। संगीता देवी ने लोगों को पीड़ित मुआवजा के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा उन्होंने न्यायालय में चल रहे विवादों को मध्यस्थता के माध्यम से निबटारा करने पर बल दिया और राष्ट्रीय लोक अदालत, विशेष मध्यस्थता अभियान एवं लोक अदालत के बारे में विस्तार से लोगों को जानकारी दी। संगीता सिंह ने मजदूरों के निबंधन के लिए नियोजन फर्म भरने के बारे में बताया, जिसके तहत उन्हें कई लाभकारी योजनाओं से जोड़ा जायेगा। शिशु प्रोजेक्ट के तहत कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चे को सरकार के द्वारा योजना से जोड़कर जो लाभ प्रदान किया जा रहा है, उस लाभ के बारें में विस्तृत से जानकारी दी गयी। डालसा के संगीता देवी, संगीता सिंह के द्वारा उपस्थित लोगों के बीच पम्पलेट एवं लिफलेट का वितरण भी किया गया। बता दे कि धुर्वा बाजार क्षेत्र में मोबाईल वैन से भी जागरूकता कार्यक्रम किया गया, डालसा के पीएलवी के द्वारा लोगों के बीच पम्पलेट एवं लीफलेट का वितरण किया गया।

न्यूज गैलरी

बाबर की आलोचना करने वालों को रमीज राजा ने विराट का दिया उदाहरण

कराची (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा ने बाबर आजम के स्ट्राइक रेट की आलोचना करने के लिए देश के क्रिकेट आलोचकों की आलोचना की है। राजा ने बाबर की आलोचना करनेवालों को करारा जवाब देते हुए विराट कोहली के उदाहरण का हवाला दिया और बताया कि कैसे अफगानिस्तान के खिलाफ शतक लगाने के बाद भावुक भारतीय प्रशंसक एशिया कप जीतना भी भूल गये। रमिज राजा ने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा, पहले हम पहली ही बाधा पर लड़खड़ा जाते थे। हां, हम फाइनल में पहुंचे और हां हम अच्छा नहीं खेले। लेकिन एक बुरा दिन होना ठीक है। एशिया कप में अन्य टीमें भी थीं। मेरा मतलब है कि तब फाइनल में नहीं पहुंचने के लिए भारत की कड़ी आलोचना होनी चाहिए थी। लेकिन उनके प्रशंसक और मीडिया ऐसा नहीं करते। उन्होंने कहा, मैं आपको बता दूं... विराट कोहली ने जब अफगानिस्तान के खिलाफ शतक लगाया तो वे अपना पूरा एशिया कप भूल गए। क्या हम कभी ऐसा करेंगे? हम जो कहते हैं वह यह है कि बाबर आजम ने एक शतक बनाया, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट 135 था जबकि डेविड वार्नर का 147.3 था। तो यह बेकार है।

उमरान मलिक को भारत के लिए खेलना चाहिए : ब्रेट ली

मेलबर्न (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ब्रेट ली ने उमरान मलिक और कैमरून ग्रीन को ऑस्ट्रेलिया में होनेवाले आगामी टी-20 विश्व कप के लिए अपने-अपने पक्ष से नहीं चुने जाने पर निराशा और हैरानी व्यक्त की है। रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज 2022 में ऑस्ट्रेलिया लीजेंड्स के लिए हाल ही में देखे गए इस तेज गेंदबाज ने कहा है कि जम्मू और कश्मीर के तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में बहुत नुकसान कर सकते थे, क्योंकि पिचें अकसर गति और अतिरिक्त उछाल प्रदान करती हैं। इस 22 वर्षीय (उमरान मलिक) खिलाड़ी ने साल 2022 की शुरूआत में भारत में पदार्पण किया था, लेकिन आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए तीनों मैचों में बहुत महंगे साबित हुए थे। हालांकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनके प्रदर्शन से पता चला है कि इस युवा खिलाड़ी में अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी जगह बनाने की प्रतिभा है। यह एक कारण है कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज उमरान को बहु-राष्ट्र टूर्नामेंट के लिए भारत की टीम का हिस्सा बनाना चाहते थे।

राष्ट्रीय खेल : आकर्षि और प्रणीत एकल बैडमिंटन खिताब जीते

सूरत (एजेंसी)। शीर्ष वरीयता प्राप्त तेलंगाना की बी साई प्रणीत और छत्तीसगढ की आकर्षि कश्यप ने राष्ट्रीय खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में क्रमशः पुरूष और महिला वर्ग के एकल खिताब जीत लिए। विश्व चैम्पियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता प्रणीत ने कर्नाटक के मिथुन मंजूनाथ को 21-11, 12-21, 21-16 से हराया। वहीं, आकर्षि ने महाराष्ट्र की मालविका बंसोड़ को 21-8, 22-20 से मात दी। तेलंगाना ने बैडमिंटन में मिश्रित टीम और महिला युगल के खिताब भी जीते हैं। एन सिक्की रेड्डी और गायत्री गोपीचंद ने कर्नाटक की अश्विनी भट और शिखा गौतम को 21-14, 21-11 से हराया। पुरूष युगल में केरल के पी एस रविकृष्णा और शंकरप्रसाद उदयकुमार ने हरिहरन एमसाकरूणन और आर रूबन कुमार को 21-19, 21-19 से मात दी। मिश्रित युगल में कर्नाटक के अश्विनी पोनप्पा और के साइ प्रतीक ने दिल्ली के रोहन कपूर और कनिका कंवल को 21-16, 21-13 से हराया।

टी-20 वर्ल्ड कप : पाकिस्तान से होगी 23 को भारत की जंग

नयी दिल्ली (एजेंसी)। आईसीसी टी-20 विश्व कप 2022 को शुरू होने में अब कुछ ही दिन बचे हैं। क्रिकेट फैंस मैदान पर अपने फेवरेट खिलाड़ियों की फॉर्म देखने के लिए उत्सुक हैं, वहीं इस बार भारतीय टीम भी खिताब जीतने के लिए प्रबल दावेदार नजर आ रही है। रोहित शर्मा से भारतीय फैंस को ढेरों उम्मीदें हैं। साल 2007 के बाद भारत टी-20 विश्व कप का खिताब जीतने में असफल रहा है, लेकिन इस बार मध्यक्रम के मजबूत होने के कारण उम्मीद जतायी जा रही है कि टीम दूसरा खिताब उठा पायेगी। भारत को अपने अभियान की शुरूआत पाकिस्तान के खिलाफ करनी है। 16 अक्टूबर से शुरू होने जा रहे टी-20 विश्व कप में भारत अपना पहला मैच 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेलेगा। भारतीय टीम पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश के साथ ग्रुप 2 में मौजूद है और अन्य दो टीमें क्वालीफायर राउंड के बाद इस ग्रुप में शामिल होंगी। मतलब यह कि ग्रुप स्टेज में टीम को कुल पांच मैच खेलने होंगे। सुपर 12 राउंड रॉबिन आधार पर होगा। बिल्कुल इसी फॉर्मेट में यूएई में आयोजित हुआ पिछला टी-20 वर्ल्ड कप 2021 खेला गया था। सुपर 12 के दोनों ग्रुप से टॉप दो टीमें सेमीफाइनल में जायेंगी।

टी-20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया

- रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह।
- स्टैंड बाई - मोहम्मद शमी, श्रेयस अय्यर, रवि बिश्नोई, सीमर दीपक चाहर।

विश्व कप : ब्राजील होगी टॉप रैंकिंग की टीम, 20 नवम्बर से शुरू होगा टूर्नामेंट

ज्यूरिख (एजेंसी)। ब्राजील ने गुरुवार को जारी ताजा फीफा रैंकिंग में दूसरे स्थान पर चल रहे बेल्जियम पर अपनी बढ़त बढ़ा ली है जिससे वह इस साल कतर में 20 नवंबर से शुरू होने वाले विश्व कप में शीर्ष रैंकिंग टीम के तौर पर मैदान पर उतरेगी। ब्राजील ने सितम्बर में घाना और ट्यूनीशिया के खिलाफ अपने दो अभ्यास मैच जीते जबकि बेल्जियम को नेशंस लीग के दो में से एक मैच में नीदरलैंड से हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटीना तीसरे नंबर पर और 2018 विश्व कप चैम्पियन फ्रांस चौथे स्थान पर बरकरार है। मेजबान कतर 50वीं रैंकिंग की टीम है जो सऊदी अरब (51वीं रैंकिंग) से महज एक पायदान आगे है। घाना की टीम 61वें स्थान से विश्व कप में निचली रैंकिंग की टीम होगी। विश्व कप में ग्रुप बी रैंकिंग के हिसाब से काफी मजबूत है जिसमें सभी चार टीमें शीर्ष 20 में शामिल है। इसमें इंग्लैंड (पांचवीं), अमेरिका (16वीं), वेल्स (19वीं) और ईरान (20वीं) की टीमें मौजूद हैं। इटली की टीम एक पायदान के फायदे से रैंकिंग में छठे नंबर पर पहुंच गयी है। पर वह विश्व कप के लिये क्वालीफाई नहीं करनेवाली सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम है। इस तरह इटली लगातार दो चरण में विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पायी। स्पेन एक पायदान के नुकसान से सातवें स्थान पर है जबकि शीर्ष 10 की अन्य टीम नीदरलैंड, पुर्तगाल और डेनमार्क की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं, 2014 की चैम्पियन जर्मनी 11वें स्थान पर है। रूस 2022 में कोई मान्यता प्राप्त मैच नहीं खेलने के बावजूद दो पायदान के फायदे से 33वें स्थान पर पहुंच गया है।

महिला एशिया कप : अपना विजयी अभियान जारी रखने उतरेगा भारत

सिलहट (एजेंसी)। पिछले मैचों में नये खिलाड़ियों को मौका देने के बावजूद आसान जीत दर्ज करनेवाला भारत महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ मैच में विजय अभियान जारी रखने के लिए मजबूत टीम के साथ उतरेगा। भारतीय टीम ने पिछले दो मैचों में कुल मिलाकर आठ बदलाव किये और अपनी दूसरी श्रेणी के खिलाड़ियों को मौके दिये, लेकिन खिताब का प्रबल दावेदार माने जा रहे पाकिस्तान के खिलाफ हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम संभवतः अपने प्रमुख खिलाड़ियों के साथ उतरेगी। पाकिस्तान को गुरुवार को थाईलैंड की कमजोर टीम के हाथों चार विकेट की हार झेलनी पड़ी। उसकी टीम को भारत के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले इस उलटफेर से उबरने का पर्याप्त मौका भी नहीं मिलेगा। यह दोनों टीमें अभी तालिका में पहले दो स्थान पर बनी हुई हैं। भारत ने लगातार तीन मैच जीते हैं और वह तालिका में शीर्ष पर है।

श्रीलंका के खिलाफ मैच के बाद भारत ने शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी को पिछले एक-एक मैच में विश्राम दिया था, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ मजबूत शुरुआत के लिए इन दोनों का फिर से एक साथ उतरना तय माना जा रहा है। लंबे शॉट खेलने वाली शेफाली पर दबाव होगा, क्योंकि उनका आत्मविश्वास डिगा हुआ लगता है। उन्होंने मलेशिया के खिलाफ क्रीज पर कुछ समय बिताया लेकिन वह किसी भी समय अपने नैसर्गिक अंदाज में खेलते हुए नहीं दिखी। अब जबकि महिला टी-20 विश्व कप में ज्यादा दिन नहीं बचे हैं तब यह युवा बल्लेबाज अपने नैसर्गिक अंदाज में आक्रामक पारी खेलकर अपना खोया आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेगी। दूसरी तरफ मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करके यहां पहुंची हैं। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाली जेमिमा रोड्रिग्स शानदार फॉर्म में है। श्रीलंका के खिलाफ अपने करियर का सर्वोच्च स्कोर बनाने के बाद उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ भी अर्धशतक बनाया। इस मैच में दीप्ति शर्मा ने भी अर्धशतक जड़ा था। भारतीय गेंदबाजों ने पिछले तीनों मैच में शानदार प्रदर्शन किया और पाकिस्तान के खिलाफ वे इसे जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

महिला एशिया कप में पाकिस्तान को हराकर जश्न में डूबा थाईलैंड

सिलहट (एजेंसी)। थाईलैंड महिला टीम ने गुरुवार, छह अक्टूबर को सिलहट में चल रहे महिला एशिया कप के 10वें गेम के दौरान पाकिस्तान महिला टीम पर अपनी पहली जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया। यह सभी प्रारूपों में टेस्ट खेलनेवाले देश पर उनकी पहली जीत भी थी। जीत के बाद थाईलैंड की क्रिकेटरों ने खूब जश्न मनाया। महिला टी-20 चैलेंज और डब्ल्यूबीबीएल में ट्रेलब्लेजर्स के लिए खेलने वाली सलामी बल्लेबाज नत्थाकन चैंथम ने मैच में शानदार प्रदर्शन किया और 51 गेंदों में 61 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को अपने क्रिकेट इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज करने में मदद की। पाकिस्तान की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर के बाद 116 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज सिदरा अमीन ने 56 रनों की अहम पारी खेली लेकिन मध्यक्रम की खराब बल्लेबाजी ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। अंत में थाईलैंड भी लक्ष्य से दूर होता दिखा, लेकिन अंत में रोसेन कानोह की पारी ने खेल का रंग बदल दिया। जैसे ही नट्टया बूचथम ने पारी के आखिरी ओवर की 5वीं गेंद पर एक रन लिया, थाईलैंड के ड्रेसिंग रूम में जश्न की लहर दौड़ गई और पूरी टीम पिच पर दौड़ पड़ी। थाईलैंड अपने दृष्टिकोण में काफी दृढ़ था और उसने पहले विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी की। नौवें ओवर में तुबा हसन ने पाकिस्तान के लिए पहला विकेट लिया और दो गेंदों के बाद उन्होंने चनिदा सुथिरुआंग को डक आउट किया। कप्तान नारुमोल चायवई क्रीज पर चैंथम के साथ शामिल हुईं और दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 42 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। हालांकि, चायवई के 17 रन पर आउट होने के बाद पाकिस्तान खेल में वापस आ गया और आनेवाले बल्लेबाज उसके बाद ज्यादा प्रभाव नहीं डाल सके। चैंथम ने शानदार अर्धशतक बनाया, लेकिन वह अंतिम पलों मे आउट हो गईं। शानदार प्रयास के बाद चैंथम 19वें ओवर में 51 गेंदों में 61 रन बनाकर आउट हुईं ।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह पहुंचे राजकोट

- खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच कराया शुरू
- झारखंड के महिला एवं पुरुष हॉकी खिलाड़ियों से मिलकर उनको किया प्रोत्साहित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। 36वें राष्ट्रीय खेल 2022, गुजरात के राजकोट में चल रहे हॉकी प्रतियोगिता में गुरुवार को हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह राजकोट पहुंचे। प्रतियोगिता के अंतिम लीग मैच खेल रहे हॉकी पं. बंगाल और हॉकी महाराष्ट्र के पुरुष हॉकी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। इसके साथ ही राष्ट्रीय खेल में भाग ले रही झारखंड के महिला एवं पुरुष हॉकी टीम के सभी खिलाड़ियों से मिलकर क्वार्टर फाइनल मैच के लिए उन्हें प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भोलानाथ सिंह के साथ हॉकी झारखंड के सीईओ रजनीश कुमार, महासचिव विजय शंकर सिंह, संयुक्त सचिव अरविंद सिंह और रणधीर कुमार उपस्थित थे।

इंडिया कैपिटल्स ने भीलवाड़ा किंग्स को 104 रन से हराया, जीता लीजेंड लीग का खिताब

जयपुर (एजेंसी)। रास टेलर (82 रन) के नेतृत्व में अपने बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर इंडिया कैपिटल्स ने यहां के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बुधवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में भीलवाड़ा किंग्स को 104 रनों से हराकर लीजेंड्स लीग क्रिकेट के दूसरे संस्करण का खिताब जीत लिया। भारत में पहली बार हो रही इस लीग की विजेता टीम को पुरस्कार के तौर पर 2 करोड़ रुपये जबकि उपविजेता को 1.5 करोड़ रुपये मिले। टेलर और मिशेल जॉनसन (62 रन) के बीच की शतकीय साझेदारी और एश्ले नर्स (नाबाद 42) की तेज पारी की बदौलत इंडिया कैपिटल्स ने मुश्किल हालात से निकलते हुए सात विकेट पर 211 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए किंग्स कभी भी सहज नहीं दिखे और लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। अंततः किंग्स की पारी 18.2 ओवरों में 107 रनों पर सिमट गई। इससे पहले, इंडिया कैपिटल्स ने टॉस हारने क बाद पहले बैटिंग करते हुए एक समय 21 रन पर ही चार विकेट गंवा दिए थे। राहुल शर्मा (30-4) और मोंटी पनेसर (13-2) की कसी हुई गेंदबाजी ने कप्तान गौतम गंभीर, ड्वेन स्मिथ (3), हैमिल्टन मसाकाद्जा (1) और दिनेश रामदीन (0) को सस्ते में आउट होने पर मजबूर किया था, लेकिन इसके बाद टेलर, जॉनसन और नर्स ने टीम को बड़ा स्कोर दिया। किंग्स के खिलाफ यह टेलर का लगातार दूसरा अर्धशतक है। इससे पहले दो अक्टूबर को जोधपुर में भी टेलर ने इसी टीम के खिलाफ 84 रनों की नायाब पारी खेली थी। यह इस लीग में टेलर का तीसरा अर्धशतक है। इसी बीच, जानसन ने भी इस लीग में अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। जॉनसन हालांकि 35 गेंदों पर सात चौके और तीन छक्के लगाने के बाद आउट हो गए। टेलर और जानसन ने पांचवें विकेट के लिए 126 रनों की साझेदारी की। अब टेलर का साथ देने नर्स आए, जिन्होंने किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में 60 रनों की नाबाद पारी खेली थी। इसी बीच, कप्तान इरफान पठान फिर से राहुल को अटैक पर लेकर आए और राहुल ने टेलर का विकेट चटका दिया। टेलर ने 41 गेंदों का सामना कर चार चौके और 8 छक्के लगाए।

भारत के श्रीजेश, सविता एफआईएच साल के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुने गये

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पीआर श्रीजेश और सविता पूनिया को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के पुरस्कारों में लगातार दूसरी बार बुधवार को साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला गोलकीपर चुना गया। पिछले 16 साल से भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे श्रीजेश टीम का अभिन्न अंग बने हुए है। वह पिछले साल टीम के हॉकी प्रो लीग के सभी 16 मैचों में मैदान पर उतरे। भारत इस लीग में तीसरे स्थान पर रहा। श्रीजेश इसके साथ ही राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। उन्होंने बर्मिंघम में इसके सभी छह मैचों में टीम का मैदान पर प्रतिनिधित्व किया। एफआईएच से जारी बयान में श्रीजेश की तारीफ करते हुए कहा गया कि पीआर श्रीजेश के करियर की लंबाई लगातार उम्र को धता बता रही है। भारत का 34 साल का यह खिलाड़ी लगातार अपने खेल के स्तर को ऊपर उठा रहा है। इस पुरस्कार के लिए हुए चुनाव में श्रीजेश को कुल 39.9 अंक मिले। बेल्जियम के लोइक वैन डोरेन (26.3 अंक) दूसरे और नीदरलैंड के प्राइमिन ब्लाक (23.2 अंक) तीसरे स्थान पर रहे। मतों का यह प्रतिशत विशेषज्ञों (40 प्रतिशत), टीम (20 प्रतिशत), प्रशंसकों (20 प्रतिशत) और मीडिया (20 प्रतिशत) के मतदान पर आधारित था। श्रीजेश एफआईएच साल के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का खिताब लगातार दो बार जीतनेवाले तीसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले डेविड हर्ट (आयरलैंड) ने 2015 और 2016 तथा विन्सेंट वनाश (बेल्जियम) ने 2017 से 2019 तक लगातार तीन बार इसे जीता है। सत्र के दौरान श्रीजेश ने 250 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले भारत के पहले गोलकीपर और कुल आठवें खिलाड़ी बने। बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण में जारी टीम शिविर में शामिल श्रीजेश ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं, यह एक विशेष पुरस्कार है क्योंकि हॉकी प्रशंसक हमें वोट दे रहे हैं। यह मेरे लिए एक बड़ा सम्मान और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आप करियर के किसी भी चरण में हो, पुरस्कार जीतना हमेशा एक प्रेरक कारक होता है। यह पुरस्कार निश्चित रूप से मुझे आनेवाले समय में खेल में और अधिक सुधार करने के लिए प्रेरित करेगा, जहां टीम को एफआईएच हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 को भुवनेश्वर-राउरकेला में खेलना है।

37.6 प्रतिशत अंकों के साथ मतदान में शीर्ष पर रही सविता

32 साल की सविता 37.6 प्रतिशत अंकों के साथ मतदान में शीर्ष पर रही। अर्जेंटीना की दिग्गज बेलेन सुसी 26.4 प्रतिशत के साथ दूसरे जबकि ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज जोसेलिन बार्टम (16 प्रतिशत अंक) तीसरे स्थान पर रही। सविता 2014 में शुरू हुए इन लगातार दो बार साल की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर (महिला) का जीतने वाली केवल तीसरी खिलाड़ी हैं। राष्ट्रीय खेलों के लिए गुजरात में मौजूद सविता ने कहा कि यह निश्चित रूप से एक बड़ा आश्चर्य और बहुत सुखद है। मुझे यकीन है कि कई भारतीय हॉकी प्रशंसकों ने हमें वोट दिया है और मैं उनमें से प्रत्येक को धन्यवाद देती हूं। सविता ने टीम के एफआईएच प्रो लीग 2021-22 के अपने पहले अभियान में तीसरे स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाई।